दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 8    अंक 181    बुधवार 2 जुलाई, 2025    Wednesday 2 July , 2025    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12    मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## दर्दनाक घटनाः दीवार ढहने से मलबे में तीन बच्चे दबे, दो की मौत

साबरकांठा 1 जुलाई (निस): बारिश के मौसम के बीच जिले के रतनपुर में दीवार ढहने से उसके मलबे में तीन बच्चे दब गए। गंभीर रूप से घायल बच्चों को जब अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब एक लड़का और लड़की की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक साबरकांठा जिले की खेडब्रह्मा तहसील ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पहली बार नौकरी करने वालों को मिलेगी सब्सिडी दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार देने का लक्ष्य - पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री की अगवाई में केबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए, ईएलआई स्कीम मंजूर



नई दिल्ली 1 जुलाई (निस): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ELI यानि Employment Linked Incentive योजना को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण कदम का लक्ष्य देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना है। सरकार का मकसद इस योजना के तहत अगले दो सालों में 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को नौकरी देना है।पहली बार नौकरी करने वालों को मिलेगी सब्सिडी-केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि श्वश्छ्व योजना का मुख्य फोकस मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र पर रहेगा। इस स्कीम के तहत पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार उन्हें एक महीने के वेतन के बराबर सब्सिडी जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगी, जो दो किस्तों में दी जाएगी। यह सब्सिडी कंपनियों को दी जाएगी।पहली किस्त छह महीने की नौकरी पूरी होने पर और दूसरी 12 महीने पूरे होने पर। इससे उन लोगों को काफी मदद मिलेगी जिन्हें पहली नौकरी ढूंढने में अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वैष्णव ने बताया कि इस योजना के लिए एक लाख करोड़ रुपये का खर्च निर्धारित किया गया है, और इसका उद्देश्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को बढ़ावा देना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्कीम सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद तैयार की गई है और इसका ऐलान बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया था। इस योजना के दो मुख्य हिस्से हैं- फर्स्ट टाइमर (पहली बार नौकरी करने वाले) और सस्टेन एम्प्लॉयमेंट% (रोजगार को बनाए रखने वाले). सस्टेन एम्प्लॉयमेंट के तहत सरकार अगले दो सालों तक हर कर्मचारी पर 3,000 रुपये प्रति महीना का सपोर्ट देगी। इससे कंपनियों को कर्मचारियों को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद मिलेगी,जिससे रोजगार के ज्यादा अवसर खुलेंगे और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**मोदी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले** - मोदी कैबिनेट ने ईएलआई योजना के अलावा कुछ और बड़े फैसले भी लिए हैं-अनुसंधान, विकास और नवाचार (RDI) योजना- रणनीतिक और उभरते सेक्टर्स में रिसर्च, डेवलपमेंट और ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## देश में कहीं पर भी दर्ज हो एफआईआर, 3 साल में मिलकर रहेगा न्याय-अमित शाह





नई दिल्ली 1 जुलाई (निस): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आने वाले दिनों में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदल देंगे। आज इन तीन नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि इस प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन में अधिकतम तीन वर्ष लगेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी समस्या न्याय प्राप्त करने के लिए समयसीमा का अभाव है। शाह ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बाद देश के किसी भी कोने में एफआईआर दर्ज करें, आपको 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा। बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली। नए कानून 1 जुलाई, 2024 को लागू हुए। गृह मंत्री ने तीनों कानूनों को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा सुधार करार दिया और कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अपराधी अपराध करने के बाद सजा से बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय निश्चित रूप से तय समय के भीतर दिया जाएगा। उन्होंने कहा,नरेंद्र मोदी सरकार, आपकी चुनी हुई सरकार ने आपके लिए कानून बनाए हैं और यह आपके सभी अधिकारों की रक्षा करेगी। 1 जुलाई, 2024 से, सभी नई एफआईआर बीएनएस के तहत दर्ज की गईं। हालांकि, पहले दर्ज किए गए मामलों को उनके अंतिम निपटारे तक पुराने कानूनों के तहत ही चलाया जाता रहा। नए कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लेकर आए, जिसमें जीरो एफआईआर, ऑनलाइन पंजीकरण जैसे प्रावधान शामिल हैं।

## डीके के अरमानों पर फिरा पानी, नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा-सुरजेवाला



बेंगलुरु, 1 जुलाई (निस) कर्नाटक में बीते कई दिनों से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक मांग कर रहे थे कि अब राज्य नेतृत्व परिवर्तन हो जाना चाहिए। सीएम सिद्धारमैया की जगह पर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की मांग थी, लेकिन मंगलवार को जो कुछ हुआ उससे डीके और उनके समर्थक विधायकों के अरमानों पर पानी फिर गया। दरअसल कांग्रेस हाईकमान की ओर से भेजे गए कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने डीके को अपनी बगल में बिठाकर दावा खारिज कर दिया है। उन्होंने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि यदि आपका सवाल है कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होने वाला है, तब मेरा सीधा जवाब ना में है। प्रभारी सुरजेवाला ने कहा, आप मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व बदल रहा है। इस पर मेरा एक ही जवाब है कि नहीं कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। आने वाले पांच सालों तक सिद्धारमैया ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने वाले है।

## 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना पूरा हो सकेगा-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



गोरखपुर 1 जुलाई (निस): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है और यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना पूरा हो सकेगा। वह गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। यह विश्वविद्यालय 268 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है।राष्ट्रपति ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा, योग को आज विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है। शारीरिक श्रम करने वालों के लिए योग उतना जरूरी नहीं, लेकिन कार्यालयों में काम करने वालों के लिए यह बेहद आवश्यक है। उन्होंने भारत की समृद्ध परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा, हम अपने पूर्वजों, ऋषि-मुनियों की संतान हैं, इसलिए उनकी गरिमा को बनाए रखना हमारा दायित्व है। राष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का गौरव विश्व भर में गूंज रहा है। इस गौरव को और बढ़ाने के लिए प्रत्येक भारतीय को स्वस्थ रहना होगा। यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। इसके लिए हमें अभी से प्रयास शुरू कर देने चाहिए।राष्ट्रपति ने इस विश्वविद्यालय के रोजगारपरक( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## तेज रफ्तार इनोवा फ्लाईओवर से नीचे गिरी, चार दोस्तों की मौत




मुजफ्फरनगर 1 जुलाई (निस): मुजफ्फरनगर जनपद स्थित पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तब चीख पुकार मच गई जब तेज रफ्तार इनोवा कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। कार सवार पांच दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चार घायल दोस्तों की उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी युवक दोस्त थे जो गुजरात के गांधीनगर से केदारनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। उपचार के दौरान चार दोस्त अमित, भरत, कर्ण और विपुल की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जिगर नाम का एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को कब्जे में ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## देश समस्याओं से घिरा, पीएम मोदी विदेश दौरों पर व्यस्त-जयराम रमेश का केंद्र पर तंज



नई दिल्ली 1 जुलाई (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जा रहे है। जिसका समापन 6 और 7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होगा। यह बीते दस वर्षों में पीएम मोदी की सबसे लंबी कूटनीतिक यात्रा होगी। वहीं कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा पर निशाना साधकर आरोप लगाया है कि वे देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सांसद राहुल गांधी ने पोस्ट कर और बयानों के माध्यम से पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। कांग्रेस सांसद रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा से पहले मंगलवार को उन पर कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी राष्ट्रीय मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि जैसे ही हालात मुश्किल हुए, तब खुद को 56 इंच बताने वाले निकल लिए। सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर पीएम 5 देशों के 8 दिन के दौरे पर रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे कम से कम 4 इसतरह के मुद्दों से भाग रहे हैं जो( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## शिवकाशी में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 5 की मौत, कई झुलसे

शिवकाशी 1 जुलाई (निस): तमिलनाडु के शिवकाशी में एक पटाखा फैक्टी में मंगलवार सुबह बड़ा धमाका हो गया, जिसमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। विस्फोट से पूरा इलाका दहल उठा। शिवकाशी में ही मुर्गा छाप पटाखों का कारखाना है। यह विस्फोट शिवकाशी के पास सेंगमालापट्टी में एक निजी पटाखा इकाई में हुआ। जानकारी के मुताबिक यहां रसायनों को मिलाते समय घर्षण के कारण यह विस्फोट हुआ। इस हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है।पुलिस और स्थानीय लोगों के मुताबिक यह विस्फोट मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे सेंगमालापट्टी के पास श्री सुदर्शन फायरवर्क्स इकाई में हुआ। उस समय यहां करीब 80-100 कर्मचारी काम कर रहे थे। फैक्टरी से कुछ लोगों को बाहर निकाला गया, जो कि बुरी तरह झुलस गए थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और परिसर से धुआं निकलता देखा गया। लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद इकाई में रखे पटाखों में लगातार छोटे-छोटे धमाके हो रहे ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## मजीठिया केस : विजिलेंस ने चंडीगढ़ हरियाणा, दिल्ली, यूपी में की छापेमारी



चंडीगढ़ 1 जुलाई (निस) आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपित बिक्रम सिंह मजीठिया की मुश्किलें लगातार बढ़ रही है। इस मामले में मंगलवार को विजिलेंस ब्यूरों की टीम ने अलग अलग राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी की। विजिलेंस की टीमें एक ही समय पर चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, हिमाचल में पहुंची और अपनी जांच शुरू की। इन में से विजिलेंस की एक टीम बिक्रम मजीठिया को लेकर अमृतसर के मजीठा लेकर गई। एक टीम ने मजीठिया के चंडीगढ़ स्थित आवास पर पहुंची। उधर इस मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से मामले से संबंधित रिकॉर्ड विजिलेंस से मांगा गया है। एनसीबी की ओर से यह रिकार्ड इस लिए मांगा गया है क्योंकि यह मामला ड्रग्स से संबंधित है। इस लिए इस संबंधी रिकार्ड मांगा जा रहा है। अन्य जांच एजेंसियां भी इस मामले पर निगाह रख रही है। वहीं आम आदमी पार्टी ने एनसीबी की ओर से केस संबंधी रिकॉर्ड मांगें जाने पर सवाल उठाए है। इस मामले में विजिलेंस अब तक छह लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। जिन में पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चट्टो( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## 2029 तक एमबीबीएस की सीटें बढाकर 3400 से अधिक करना सरकार का लक्ष्य - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध




चंडीगढ़, 1 जुलाई (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों को बेहतर संसाधन और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। वर्ष 2014 में जहां मेडिकल कॉलेजों की संख्या मात्र 6 थी, वहीं आज यह बढ़कर 15 हो गई है और 9 नए कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके परिणामस्वरूप एमबीबीएस की सीटें 2014 में 700 से बढ़कर अब 2,185 हो चुकी हैं। राज्य सरकार का वर्ष 2029 तक एमबीबीएस की सीटें 3400 से अधिक करने का लक्ष्य है।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा की राह में डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन ने उल्लेखनीय योगदान किया है। पिछले दो वर्षों से चौरसिया अस्पताल में मुफ्त डायलिसिस सेंटर चलाया जा रहा है। श्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे सेवक हैं, जिनकी सेवा भावना, समर्पण और संवेदनशीलता समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

**चिकित्सा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए उठाए कई कदम** - मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर डॉक्टर को सही संसाधन मिले और हर नागरिक को बेहतर इलाज मिले। इसी दिशा में चिकित्सा प्रणाली को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश सरकार ने पीजी की सीटें 289 से बढ़ाकर 1043 की हैं। इनके अलावा पी.जी. डिप्लोमा की भी 155 सीटें हैं। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से अब तक 3,798 डॉक्टरों की भर्ती की गई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु भी 58 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी है।

**हरियाणा में किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस सुविधा** - श्री नायब सिंह सैनी( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## आसमान से बरस रही आफत...उत्तराखंड,हिमाचल से लेकर राजस्थान तक तबाही,बलरामपुर में बाढ़ में बहे मां-बेटे

### हरियाणा,पंजाब में भी बारिस का दौर जारी, हिमाचल में 4 जगह बादल फटा, 4 की मौत



नई दिल्ली 1 जुलाई (निस): देश के ज्यादातर राज्यों में मानसून की बारिश हो रही है। खासतौर पर पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3 दिन से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग लापता हैं। 10 घरों को नुकसान पहुंचा है। चंडीगढ़ और मोहाली और पंजाब,हरियाणा में फिर मंगलवार सुबह से तेज बरसात हुई। उत्तराखंड में कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है। पहाड़ों का मलबा सडकों पर आ गया है। राजस्थान के अलवर में भारी बारिश के चलते सडकों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान तीसरे दिन भी जारी है।

**घर-गाड़ी और पुल बहे** - पूरे हिमाचल प्रदेश में 48 घंटों से बारिश जारी है। हिमाचल के मंडी में सोमवार सुबह 4 जगहों पर बादल फटे। कुकलाह में पुल के साथ कई गाडियां तक बह गईं। घरों की जगह सिर्फ मलबा दिख रहा है। मंडी शहर में नाले उफान पर हैं। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई है, 10 से ज्यादा लापता हैं। इधर( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पृष्ठ एक का शेष...

### आसमान से बरस रही आफत...

**उत्तराखंड,हिमाचल ...** मनाली-मंडी फोरलेन हाईवे पर बने टनल के ऊपर ही लैंडस्लाइड के बाद पहाड़ी का मलबा गिरा। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल में आज बारिश का रेड अलर्ट है।

**अलवर में सडक़ें डूबीं, घरों में पानी** - देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में सोमवार को भारी बारिश के चलते सडक़ों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है, 10 लोग लापता हैं। 20 घरों को नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

**पुल धंसने से गिरी पिकअप** - छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में बारिश का कहर जारी है। बलरामपुर के शंकरगढ़ में कोरवा जनजाति के मां-बेटे की उफनते नाले में बहने से मौत हो गई, जबकि दूसरी तरफ गेउर नदी में मछली मारने गए एक युवक की डूबने से जान चली गई। वहीं बलरामपुर के गागर नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन पहाड़ी कोरवा बच्चे घंटों तक फंसे रहे, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बड़ी मुश्किल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसी दौरान बचवार मार्ग पर एक पुरानी और कमजोर पुलिया तेज बहाव में ढह गई, जिससे एक लोडेड पिकअप धंस गई। हादसे के बाद से बचवार-पटना मार्ग पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीयों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में लोग जान जोखिम में डालकर बाइक को कंधे पर उठाकर नदी पार करने को मजबूर हैं।

**ओडिशा के 100 गांवों में बाढ़** - ओडिशा के बालासोर जिले में बाढ़ जैसे हालात हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले करीब 100 गांवों में खेत और मकानों में पानी भर गया है। इलाके में भारी बारिश और झारखंड की ओर से छोड़े गए पानी की वजह से स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे भोगरी, बलियाबाल, जलेस्वर और बस्ता ब्लॉक में बाढ़ आ गई है।

### पहली बार नौकरी करने वालों को मिलेगी सब्सिडी दो ...

इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए इस योजना को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद निजी क्षेत्र को आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्यों और आत्मनिर्भरता से जुड़े उभरते और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में RDI को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। तमिलनाडु में सड़क निर्माण- कैबिनेट ने तमिलनाडु में 4-लेन परमकुडी - रामनाथपुरम खंड (लगभग 46.7 किलोमीटर) के निर्माण को भी हरी झंडी दिखा दी है।

## मत्स्य मंत्रालयीय कर्मचारी समिति नई कार्य कारिणी का गठन

**हांसी, 1 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** मत्स्य मंत्रालयीय कर्मचारी कल्याण समिति की आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सत्येन्द्र ग्रेवाल को अध्यक्ष, अमित सनसनवाल को उपाध्यक्ष तथा श्री दीपक सिंधु को प्रधान नियुक्त किया गया। सभा में रेणुकांत तेवतिया को उपप्रधान, दलबीर सिंह को महामंत्री, सुनील कुमार को संयुक्त सचिव, विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष, लविष कुमार को उप कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार को सलाहकार, सुभाष चंद को उप सलाहकार, मंजीत देवी को मीडिया प्रभारी, उर्मिला को उप मीडिया प्रभारी तथा सुमित जांगडा को संगठन सचिव के पद पर चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येन्द्र ग्रेवाल ने कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों में कार्य करेगी तथा कर्मचारियों को आने वाली मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेगी। सभा में देवकांत तिवारी की सेवानिवृति पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष अमित सनसनवाल ने देवकांत तिवारी के कार्यकुशलता, सेवा भावना एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समिति द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह, उपहार एवं पुष्प मालाएं भेंट कर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### तेज रफ्तार इनोवा फ्लाईओवर से नीचे गिरी,

**...** लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में अपनी आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खटीमा पानीपत मार्ग पर एक इनोवा ओवर स्पीड से चल रही थी। अचानक फ्लाईओवर से नीचे आ गिरी। उसमें पांच लोग सवार थे जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई है और एक आदमी गंभीर रूप से घायल है। उन्हें जिला अस्पताला लाया गया है। यह बताया जाता है कि पांचों युवक गुजरात निवासी हैं।

### दर्दनाक घटना: दीवार ढहने से मलबे में तीन

**...** के रतनपुर गांव में अमरत भांडुबाई मकवाणा अपने परिवार के साथ रहते हैं। अमरत मकवाणा के 9 वर्षीय बेटा रविन्द्र, 7 वर्षीय बेटी आशा और 4 वर्षीय दिलीप अपने घर के आंगन में खेल रहे थे। उस वक्त अचानक मिट्टी की दीवार ढहने से तीनों बच्चे दीवार के मलबे के नीचे दब गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और मलबे से तीनों बच्चों को निकाला और अस्पताल के लिए रवाना हो गए। रविन्द्र को खेडब्रह्मा के अस्पताल ले जाया गया जबकि दिलीप और आशा को खेडब्रह्मा से वडाली ले जा रहे थे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दिलीप और आशा ने दम तोड़ दिया। अमरत मकवाणा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### शिवकाशी में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका,

**...**हैं, जिसके कारण बचाव दल को परिसर में प्रवेश करने में कठिनाई हो रही है।मीडिया रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। दमकल विभाग को सूचना दी गई लेकिन लगातार विस्फोटों के कारण कोई भी इकाई के अंदर नहीं जा सका। शिवकाशी भारत में 90 फीसदी से ज्यादा पटाखों का उत्पादन करता है। यहां पहले भी पटाखा फैक्ट्री में कई जानलेवा हादसे होते रहे हैं। इस साल यह चौथा बड़ा हादसा है। पिछले साल मई में हुए ऐसे ही एक भीषण धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई थी।

### 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने ...

पाठ्यक्रमों और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पर जोर देने की सराहना की। उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, जनसेवा के लिए अथक परिश्रम जरूरी है। जनसेवा में थकना नहीं चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों से कहा, आपको थकने का अधिकार नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी और निद्राजीत बनना होगा। निद्राजीत शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा, डॉक्टर कहते हैं कि छह से आठ घंटे की नींद जरूरी है, लेकिन योग के माध्यम से नींद पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी हो सकती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसेवा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए मुर्मू ने कहा, योगी जी और उनके मंत्री जनता को हर सुविधा प्रदान करते हैं। इस विश्वविद्यालय के अधिकारियों, डॉक्टरों और नर्सों को भी निद्राजीत बनकर जनता की सेवा करनी होगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ को नमन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि आदि शंकराचार्य के बाद गुरु गोरखनाथ जैसा प्रभावशाली व्यक्तित्व नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि गोरखपुर योग की भूमि है, जिसे गुरु गोरखनाथ ने आध्यात्मिक ऊर्जा से समृद्ध किया है। राष्ट्रपति ने कहा, आदिनाथ, मत्स्येन्द्रनाथ और गोरखनाथ की परंपरा को सीएम योगी मानव कल्याण के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। 18वीं सदी के संन्यासी विद्रोह से लेकर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम तक, गोरखपुर के नाथ पंथ के योगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस धरती से बिस्मिल और बंधु सिंह जैसे वीरों के बलिदान की गाथाएं जुड़ी हैं, जिन्हें मैं नमन करती हूं।गोरखपुर की गीता प्रेस की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इसने लगभग एक सदी से भारत की संस्कृति और धर्म को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा,गीता प्रेस की पुस्तकें संस्कृत, हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। उड़िया भागवत जैसी पुस्तकें ओडिशा में भक्ति भाव से पढ़ी जाती हैं। उन्होंने बताया, कल शाम मुझे गोरखनाथ मंदिर में दर्शन का सौभाग्य मिला, जहां गीता प्रेस की पुस्तकें भेंट की गईं। ये पुस्तकें गोरखपुर की अमूल्य धरोहर के रूप में हमेशा संरक्षित रहेंगी। विश्वविद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, गोरखनाथ जैसे महान नाम से जुड़े इस विश्वविद्यालय में आकर मेरे मन में उनके प्रति श्रद्धा और बढ़ गई है। यह हमारी प्राचीन परंपराओं का आधुनिक केंद्र है। इसका उद्घाटन कर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह उत्तर प्रदेश की चिकित्सा सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिपरी भटहट में बने इस विश्वविद्यालय का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया। मुख्यमंत्री ने इस समारोह में भाग लिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में नए युग का शुभारंभ।

### मजीठिया केस : विजिलेंस ने चंडीगढ़ हरियाणा,...

उपाध्याय, ईडी के डिप्टी डायरेक्टर निरंजन सिंह, पूर्व विधायक बौनी अजनाला, ड्रग्स केस से संबंधित बिट्टू औलख, जगजीत सिंह चाहल ने अपने बयान दर्ज करवाए है। विजिलेंस की ओर से इस मामले में आरोपित बर्खास्त डीएसपी जगदीश सिंह भोला के बयान लिए जाने है। ध्यान रहे कि भोला ने ही सबसे पहले ड्रग्स मामले में मजीठिया का नाम लिया था।उधर मजीठिया के वकील ने इंटरनेट मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट डाली है। इस में मजीठिया के वकील धर्मवीर सिंह सोबती के हवाले से लिखा है कि मेरा खुला चैलेंज डीजीपी पंजाब, विजिलेंस चीफ, पंजाब एजी को एक भी छोटी से छोटी एनडी पीसीएस की धारा लगाकर दिखाओ। वहीं उस पोस्ट में एक वीडियो मजीठिया की गिरफ्तारी के समय का है। जबकि दूसरे में एडवोकेट एक चैनल को इंटरव्यू दे रहे है।बुधवार को बिक्रम मजीठिया को अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले अदालत ने उन्हें सात दिन के विजिलेंस रिमांड पर भेज दिया था। मजीठिया के खिलाफ 25 जून को मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 26 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में लगातार विजिलेंस छापेमारी कर रही है और केस से जुड़े लोगों व पूर्व अधिकारियों के बयान दर्ज कर रही है।उधर मजीठिया के वकील ने इंटरनेट मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट डाली है। इस में मजीठिया के वकील धर्मवीर सिंह सोबती के हवाले से लिखा है कि मेरा खुला चैलेंज डीजीपी पंजाब, विजिलेंस चीफ, पंजाब एजी को एक भी छोटी से छोटी एनडीपीसीएस की धारा लगाकर दिखाओ। वहीं उस पोस्ट में एक वीडियो मजीठिया की गिरफ्तारी के समय का है। जबकि दूसरे में एडवोकेट एक चैनल को इंटरव्यू दे रहे है।बुधवार को बिक्रम मजीठिया को अदालत में पेश किया जाएगा।

# जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य गरिमा को ध्यान में रखकर करें जनहित में कार्य - उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया

## उपायुक्त ने जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों के साथ की बैठक



पानीपत, 1 जुलाई (हरप्रीत छत्तवाल) जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों के साथ पहली बैठक करते हुए उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि सरकार ने उन्हें जो अहम जिम्मेदारी सौंपी है वो इसका निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा से करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्य अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए अपने पद प्रतिष्ठा का समाज के हित में उपयोग करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य सरकार का हिस्सा हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति के किसी भी सदस्य को अगर लगता है कि कोई ऐसी सार्वजनिक समस्या है जिसका समाधान जरूरी है उसे जिला कष्ट निवारण समिति की आगामी बैठक में रखा जा सकता है, तो वो उस समस्या को प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इस मौके पर कई जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या रखी। जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों को भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे सरकार की अहम कड़ी हैं व उनका दायित्व जिले के नागरिकों की समस्याएं दूर करवाना है व उनका इस कार्य में सहयोग करना है। इस मौके पर दयानंद उरलाना, राजेंद्र शर्मा हलदाना, संजय अग्रवाल, कृष्ण छोकर, सुनील परढ़ाना, जसवीर टीटाना सुरेश गुंबर आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब पंचकूला घोषित हुआ सर्वश्रेष्ठ क्लब,अध्यक्ष अश्वनी मित्तल बने सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष




**पंचकूला, 1 जुलाई ( सतीश मंगला ) :** रोटरी क्लब पंचकूला ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और प्रभावशाली क्लब संचालन के लिए जिला स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जगाधरी में आयोजित भव्य जिला पुरस्कार समारोह में क्लब को कई प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किए गए। यह पुरस्कार रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह द्वारा प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि रोटरी जिला 3080, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और उत्तराखंड के कुल 110 क्लब शामिल हैं, समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस सम्मान समारोह में रोटरी क्लब पंचकूला को जिला श्रेणी 4 का सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित किया गया। साथ ही क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अश्वनी मित्तल को जिला श्रेणी 4 के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया। क्लब के अन्य पदाधिकारियों में रोटेरियन जगमोहन गर्ग को उत्कृष्ट सहायक ट्रेनर, रोटेरियन रोहित सिंगला को ज़ोन 3 के उत्कृष्ट सचिव तथा रोटेरियन परवीन गोयल (हुडा) को ज़ोन 3 के सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त क्लब के रोटेरियन परवीन कुमार गोयल, अनुप अग्रवाल, राकेश गोयल, अनुज गुप्ता और रमेश गोयल को रोटरी जिले के सबसे सक्रिय रोटेरियन पुरस्कार से नवाजा गया। क्लब को रक्तदान में उत्कृष्ट सेवा के लिए भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अश्वनी मित्तल ने कहा कि यह उपलब्धि सभी सदस्यों और एन्स के सामूहिक प्रयास, समर्पण और सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रोटरी वर्ष 2024-25 क्लब के लिए बेहद यादगार रहा, जिसमें सभी ने मिलकर सामाजिक सेवा के अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्लब इसी तरह जनकल्याण एवं समाज सेवा के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि का उत्सव मनाया और अध्यक्ष अश्वनी मित्तल सहित सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

# हर गांव में बनेगी स्वच्छता कमेटी, वीडियो वैन के माध्यम से प्रदेश भर में दिखाई जाएंगी आदर्श गांवों की सफलता की कहानियां : पवन शर्मा



**निसिंग, 1 जुलाई ( जोगिंद्र सिंह ) :** स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया समन्वयक पवन शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। इसमें गांव, खंड और जिला स्तर पर स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इस प्रक्रिया का मकसद केवल रैंकिंग प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना है। पवन शर्मा ने आज जिले के आदर्श गांव सुल्तानपुर का दौरा कर स्वच्छता सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच जसमेर चौहान के साथ गांव में कचरा प्रबंधन केंद्र, पार्क, ग्रे वाटर , सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, लाइब्रेरी आदि का जायजा लिया। उन्होंने गांव में ठोस और तरल कचरे के पृथक्करण को भी देखा। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार प्रसार और स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही सूचना , शिक्षा और संचार गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्प से आज हमारे गांवों की दशा बदल रही है। सुल्तानपुर जैसे गांव सभी के लिए एक प्रेरणा है, जहां की ग्राम पंचायत ने अपने संकल्प और जिद के साथ इस गांव को विदेश की तर्ज पर विकसित करके दिखाया है। जल्द ही ऐसे गांवों की सफलता की गाथाएं वीडियो वैन के माध्यम से प्रदेश भर में दिखाई जाएगी ताकि अन्य गांव भी इनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि इस गांव में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत लर्निंग सेंटर बनाया जाएगा जहां प्रशिक्षु अधिकारी व जनप्रतिनिधि आकर व्यवहारिक प्रशिक्षण ले सकेंगे। मीडिया समन्वयक ने कहा कि गांव देश की आत्मा होती हैं। इसकी समृद्धि व विकास से ही देश का विकास संभव है। गांव का विकास ग्रामीणों पर निर्भर करता है। लोग स्वस्थ व स्वच्छ होंगे, तभी कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रदेश के हर गांव में स्वच्छता कमेटियों का गठन किया जा रहा है। यह कमेटियां गांव में स्वच्छता संबंधी कार्यों को बढ़ावा देगी और जन जागरूकता में सहयोग करेगी। इस अवसर पर सरपंच जसमेर चौहान ने बताया कि उनके गांव में डोर टू डोर कूड़ा इकट्ठा किया जाता है और इसके लिए कचरा वाहन लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका गांव स्वच्छता के मामले में आदर्श है और यहां सभी लोग स्वच्छता नियमों का पालन करते हैं। कचरे को अलग-अलग करने के लिए उनके गांव में कचरा शेड बनाया गया है जहां जहां के कचरे को लाकर अलग-अलग भागों में विभाजित किया जाता है। सरपंच ने बताया कि उन्होंने गांववासियों व पंचायत के सहयोग से गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया है। उन्हें उम्मीद है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उनके गांव को बेहतर स्थान मिलेगा। इस मौके पर भाजपा नेता अनिल कुमार, रामेश्वर शर्मा, नियामत, बलविंदर कल्याण सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### 2029 तक एमबीबीएस की सीटें बढाकर 3400 से अधिक करना सरकार का...

ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल विश्वविद्यालयों में किडनी रोगियों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर गरीब व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना चलाई, जिसके तहत गरीब परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है। हरियाणा में आयुष्मान भारत व चिरायु योजना में लगभग 1 करोड़ 33 लाख से अधिक गरीबों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क इलाज की सुविधा दी है। **डॉक्टरों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता** - मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार डॉक्टर्स-डे का थीम है, मास्क के पीछे देखभाल करने वालों की देखभाल। यह थीम हमें प्रेरित करती है कि हम डॉक्टरों की केवल पेशेवर सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए भी सराहना करें। उनकी जरूरतों को समझें व उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में बंद था, उस समय डॉक्टरों ने पीपीई किट पहनकर, परिवार से रहते हुए मरीजों के साथ खड़े थे। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ पर हमला करने वालों को 3 माह से 5 साल तक की सजा और 50 हजार रुपये से 2 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान करवाया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मानव सेवा के लिए विभिन्न डॉक्टरों को सम्मानित किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन की मैगज़ीन का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बाबला, डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सचिव डॉ. आकाश गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में डॉक्टर और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### देश समस्याओं से घिरा, पीएम मोदी विदेश दौरों पर ...

इस समय देश को झकझोर रहे हैं। इन मुददों पर पीएम मोदी ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। मणिपुर हिंसा- कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर का दौरा नहीं किया, जहाँ डबल इंजन सरकार के पटरी से उतरने के बाद सामान्य जीवन पूरी तरह से तबाह हो चुका है। लेकिन देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे पीएम मोदी को मणिपुर जाने का समय नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर- रक्षा अधिकारियों के खुलासे का हवाला देकर कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के फैसलों के कारण ऑपरेशन सिंदूर के पहले दो दिनों में भारत को नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इस गंभीर मामले पर भी पीएम मोदी ने अभी तक विपक्ष की मांग स्वीकार नहीं की हैं, और ना ही इस विषय पर कोई बयान दिया है। अमेरिका-पाक युद्धविराम का दावा- कांग्रेस नेता रमेश द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बार-बार किए गए उन दावों पर भी सवाल उठाया गया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया और इसके लिए व्यापार समझौते का इस्तेमाल किया।

# मानसून सीजन के दौरान गंभीरता से काम करें अधिकारी : मोनिका गुप्ता

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सांप के काटने पर लगने वाले टीके उपलब्ध हों

**पंचकूला, 1 जुलाई ( सतीश मंगला ) :** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि मानसून के सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के लिए सभी अधिकारी गंभीरता से काम करें। उपायुक्त मोनिका गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाढ नियंत्रण उपायों एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नदियों के जल स्तर के संबंध में लगातार अपडेट दें। उपायुक्त ने कहा कि अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता सहित सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा कि निगम व नगर परिषद क्षेत्र में जिन नालों की अभी तक सफाई नहीं हुई है, उनकी तत्परता से सफाई करवाए ताकि आने वाले मानसून



सीजन में जलभराव की समस्या का सामना ना करना पडे। जिले में बाढ की स्थिति बनने पर उससे निपटने के लिए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिले में उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन के पास, एनडीआरएफ के पास और सेना के पास उपलब्ध संसाधनों के बारे में जाना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हरदम तैयार रहे। उपायुक्त ने कालका में ड्रैनों की सफाई के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करवाने के लिए कहा।

**नदी-नालों के पास ना जाए लोग** - उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लोगों से अपील की कि बारिश के दिनों में नदी नालों के पास ना जाए और एहतियात बरते ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने सिंचाई विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां खतरा ज्यादा है, वहां पर लोगों के न जाने संबंधी साईन बोर्ड संकेतक लगवाए। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दौरान वे गश्त भी बढाए और ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्र में नाके लगाए व लोगों को सचेत करें। उन्होंने खेडा, सीतारामपुर में सैंड बैग जल्द से जल्द लगवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने कीरतपुर गांव में नदी के रास्ते से वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि पानी का बहाव तेज होने की स्थिति में उक्त दिशा में वाहनों की आवाजाही बंद रखें। उपायुक्त ने कहा कि जहां पर जलभराव होता है, वहां पर सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग संकेतक बोर्ड लगवाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग भी उक्त स्थानों पर नाके लगवाए ताकि लोगों को कोई परेशानी ना हो।

**श्याम-टू व साइट नंबर 53, टांगरी पूल पर वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय** - बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि बारिश के मौसम में दुर्घटना की आशंका को देखते हुए श्याम-टू टू अमराला ब्रीज और साइट नंबर 53, टांगरी पुल ( यह पुल गाँव बरवाला से पुलिस चौकी, गाँव मौली के रास्ते में टांगरी नदी पर बना हुआ है) पर वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। नालों को कवर करने के संबंध में भी उपायुक्त ने विस्तृत जानकारी ली और काम को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के मौसम में भूस्खलन और सडक के कटाव होने की स्थिति में तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मोरनी, रायपुररानी और थापली आदि क्षेत्रों में विभाग की जेसीबी मशीनों की तैनाती के साथ ही पाईप की व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही सभी स्थानों पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए है। सडक कटाव होने की स्थिति में जल्द से जल्द मार्ग को दुरुस्त कर पानी की निकासी का उचित प्रबंध करने के संबंध में उपायुक्त ने निर्देश दिए।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हो, सांप के काटने पर लगने वाले इंजैक्शन** - आपदा प्रबंधन उपायों की समीक्षा करने के दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सांप के काटने पर लगने वाले टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने चाहिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जाना। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशु पालकों को पशुओं की सुरक्षा के संबंध में जागरूक करें और आवश्यक कदम उठाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से पशुओं को बचाने के लिए इन्जैक्शन व दवाइयों का स्टॉक विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में हो। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी गौशाला संचालकों को जागरूक करें कि वे गौशालाओं में मानसून सीजन के लिए पर्याप्त चारों की व्यवस्था रखे। पार्कों में बिजली के नंगे तार व लटके तारो के संबंध में उपायुक्त ने नगर निगम व बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में जांच कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करें ताकि किसी प्रकार की अनहोनी ना हो। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, डीसीपी सृष्टि गुप्ता, नगर निगम आयुक्त अपराजिता, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम संयम गर्ग, नगराधीश विश्वनाथ, डीआरओ कुलदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिर्फ जंगला लगाना समाधान नहीं, पानी के बहाव की दिशा भी बदली जाए : सचिन शर्मा



**पिंजौर, 1 जुलाई ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी ) :** वार्ड 11 हनुमान मंदिर गली में हुई 9 वर्षीय मासूम बच्ची मन्नू की दुखद मृत्यु के बाद समाजसेवी सचिन शर्मा, प्रधान - भगत सिंह ग्रुप, पिंजौर ने मौके का निरीक्षण किया और प्रशासन से ठोस व स्थायी समाधान की मांग की। सचिन शर्मा ने कहा- मैंने स्वयं उस स्थान का दौरा किया जहाँ हादसा हुआ। वहाँ सिर्फ जंगला लगाना इस समस्या का हल नहीं है। असल चुनौती यह है कि गली के ऊपरी हिस्से से जो तेज़ बारिश का पानी आता है, वह सीधे नाले की ओर बहता है जिससे तेज बहाव बनता है। यही बहाव मासूम मन्नू को भी खींच ले गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्ची नाले में सीधे नहीं गिरी थी, बल्कि बहती हुई चप्पल को पकड़ने के प्रयास में पानी के तेज बहाव के कारण उसमें समा गई। सचिन शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि केवल प्रतीकात्मक उपाय न किए जाएं, पानी के बहाव को किस प्रकार मोड़ा जाए इस पर विशेषज्ञों के साथ मिलकर योजना बनाई जाए और दुर्घटना-प्रवण स्थानों की पहचान कर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि यदि केवल खानापूर्ति के लिए लोहे का जंगला लगाया जाता है। तो आने वाले समय में फिर कोई मासूम इस लापरवाही का शिकार हो सकता है। भगत सिंह ग्रुप इस विषय को पूरी गंभीरता से प्रशासन के सामने उठाएगा और ज़मीनी स्तर पर बदलाव के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## राजनीति में भी कई ताड़का व मारीच है जो हर धार्मिक काम में किसी न किसी तरह व्यवधान डालते हैं : अनिल विज

**अम्बाला, 1 जुलाई ( रवि पाहुजा ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने उत्तर प्रदेश करे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारे देश में सुर और असुर हमेशा रहे हैं, सुर जो धर्म को मानते हैं, धार्मिक काम करते है व धर्म को जानते है। असुर वह जो उनके धार्मिक कार्यों में व्यवधान डालते हैं। उन्होंने कहा यह पहले भी होता था। ऋषि मुनी जब हवन करते थे तब ताड़का व अन्य राक्षस उसमें हड्डिया डालते थे। आज हमारी राजनीति में भी कई ताड़का व मारीच है जो हर धार्मिक काम में किसी न किसी तरीके से व्यावधान डालते हैं।

## अजय मित्तल ने की पंचायत मंत्री से शिष्टाचार भेंट



**पंचकूला, 1 जुलाई ( सतीश मंगला ):** भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने हरियाणा सरकार में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवांर से चंडीगढ़ स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अजय मित्तल ने पंचकूला ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर चल रही विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उपस्थित बरवाला ब्लॉक के सरपंचो ने ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों के लिए पंचायत मंत्री का आभार व्यक्त किया। अजय मित्तल ने बताया, पंचायत मंत्री ने ज़िले के समग्र विकास हेतु हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है। अजय मित्तल ने कहा, हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के बाद से पंचकूला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है जो आगे भी जारी रहेगा।

**जिला अध्यक्ष ने बरवाला की नवगठित टीम को दी बधाई :** एक अन्य कार्यक्रम में बरवाला मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र संधू अपनी नव गठित मंडल टीम के पदाधिकारियों के साथ भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल को पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राहुल राणा, देवेंदर शर्मा, उपाध्यक्ष राम लाल सैनी, कृष्ण गुज्जर, अनीता राणा, मंत्री बेबी लता, रविंदर गोयल, मनदीप नयागांव, आरुषि शर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज गोयल, मीनू राणा सरपंच, दिलबाग सिंह सहित तमाम नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अजय मित्तल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, बरवाला की नई टीम में युवाओं एवं महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गयी है। अजय मित्तल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, सभी मंडल पदाधिकारी पूरी मेहनत से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बरवाला के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे।

# एक डाक्टर को अपने परिवार से अधिक रोगियों की होती है चिंता : राजेश दलाल

**सीएमओ पंचकुला ने किया डॉक्टर्स को सम्मानित**

कालका, 1 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह) **:** सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन, फ्रेयक बेनेवोलेंट फाउंडेशन और पत्रकार एवं संपादक महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर कालका के सिविल हॉस्पिटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल हॉस्पिटल पंचकुला की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुक्ता कुमार ने बतौर मुख्यातिथि, हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन राजेश दलाल ने विशिष्ट अतिथि और पत्रकार एवं संपादक महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव धनेन्द्र वशिष्ठ स्वामी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का मंच संचालन फ्रेयक बेनेवोलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पीयूष पुंज और सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन के सचिव प्रशांत गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि डॉ मुक्ता कुमार ने राष्ट्रीय डाक्टर दिवस



के बारे में बताते हुए कहा कि अच्छी सेहत के लिए हमें अपने खाने पीने की आदतों और जीवन जीने का तरीका बदलना चाहिए। हमें सही तरीके से जीवन जीने के लिए संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। एक डाक्टर लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहता है। डॉक्टर सभी को स्वस्थ रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अक्सर वे लंबे समय तक काम करते हैं और कई व्यक्तिगत बलिदान करते हैं। उनके प्रयास उपचार प्रदान करने से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, क्योंकि वे लोगों को बीमारी की रोकथाम और मौजूदा स्वास्थ्य स्थितियों के प्रबंधन में भी सहायता करते हैं। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन राजेश दलाल ने कहा कि हमारे देश के डॉक्टर्स को अपने परिवार से अधिक रोगियों की सेहत की चिंता होती है। इस दिन का उद्देश्य समाज के प्रति डॉक्टरों के योगदान को सम्मान देना और स्वीकार करना है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर साल उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करने, उनके योगदान को पहचानने और समुदायों के लिए उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों की सराहना करने के लिए, मनाया जाता है। पत्रकार एवं संपादक महासंघ के महासचिव धनेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 1 जुलाई को मनाया जाता है, जो कि प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती है। डॉ. रॉय का जन्म 1 जुलाई, 1882 को हुआ था और उन्होंने अपना जीवन चिकित्सा पेशे को समर्पित कर दिया, तथा स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत में हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, ताकि डॉक्टरों और चिकित्सा पेशेवरों के उल्लेखनीय प्रयासों का सम्मान किया जा सके। इस दिन का उद्देश्य डॉक्टरों के महत्व, उनकी निस्वार्थ सेवा और व्यक्तियों और समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर कालका उपमंडल में कार्यरत सरकारी डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल स्टाफ के अलावा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर केक काटकर सभी डॉक्टर्स का खिलाया गया।

## दर्शन अकादमी कालका में शिक्षकों के लिए आयोजित की गई विशेष आध्यात्मिक कार्यशाला

**कालका, 1 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** दर्शन अकादमी कालका में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय विशेष आध्यात्मिक कार्यशाला




का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के भीतर आंतरिक शांति, सकारात्मक सोच और आत्मविकास की भावना को जाग्रत करना था। इस कार्यशाला में सावन कृपाल रूहानी मिशन की चंडीगढ़ ब्रांच के संचालक सुमिला कौशल और पी.के. कौशल प्रेक्षक ( ऑब्ज़र्वर्स ) के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम कार्यशाला में महाराज जी का सत्संग सुना गया व मेडिटेशन की गई। इसके पश्चात प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता सुमिला ने शिक्षकों को जीवन में आत्म-अनुशासन, सेवा भावना और करुणा जैसे मूल्यों के महत्व के बारे में प्रेरक वक्तव्य दिए। इसके पश्चात सभी शिक्षकों द्वारा अपने प्रदर्शन पाठ ( डेमो लेसन ) प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल खुराना ने बताया कि, आज के समय में शिक्षकों का मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं उन्हें न केवल बेहतर शिक्षक बनने में मदद करती हैं, बल्कि एक सशक्त व्यक्तित्व भी प्रदान करती हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए बरवाला में हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम, पौधारोपण अभियान का किया शुभारंभ

**बरवाला, 1 जुलाई ( प्रवीन कुमार ) :** बरवाला क्षेत्र में सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सचिव तरुण



भंडारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया गया। अपने संबोधन में तरुण भंडारी ने घोषणा की कि सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूरे हरियाणा में 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें जिला पंचकूला में सवा लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं — यह हमें ऑक्सीजन, छाया और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कम से कम 1000 पौधे लगाने का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर पवन राणा (बरवाला) और गोपाल राणा (खटौली) ने भी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए 1000-1000 पौधे लगाएं और इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। उन्होंने गांव-गांव से आए वर्तमान सरपंचों, पूर्व सरपंचों और अन्य गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद करते हुए इस मुहिम को मजबूत करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में बलविंदर चौधरी (जिला परिषद मेंबर), अमन राणा (सरपंच, भरेली), रवि (सरपंच, ढंडारडू), अनिल सैनी (सरपंच, टपरियों), बलराम के पिताजी पवन (श्यामटू), राजेंद्र (सरपंच, ठढ्यो भरेली), धर्मपाल राणा (पैक्स मेंबर, मानकडबरा कोऑपरेटिव सोसाइटी), बंतराम व लक्ष्मण (पूर्व सरपंच, बतोड़), हेम सिंह राणा (बतोड़), भूषण शर्मा (ग्रीवेंस कमेटी मेंबर, रेहोड़), बल सिंह (पूर्व चेयरमैन, मार्केट कमेटी बरवाला), रामपाल राणा (पूर्व बीडीसी मेंबर, बतोड़), ब्रह्मपाल राणा (पूर्व सीआईडी इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस), राजवीर राणा व तेजपाल राणा (खटौली), विजय नंबरदार (बरवाला), मनीष एडवोकेट (बतोड़), रामकुमार (प्रबंधक, मानक डबरा कोऑपरेटिव सोसाइटी), मनु सिंगला (बरवाला), महावीर सिंह (सरपंच, पारवाला), राजवीर सीए (बरवाला), राहुल शर्मा (कामी) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण के महत्व को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और सभी उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि जनसहभागिता हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## आयुष मान कार्ड धारक वृद्ध के इलाज में कोताही बरतने वाले अस्पतालो के डॉक्टरो पर होगी सख्त कार्रवाई- उपायुक्त

पानीपत, 1 जुलाई (हरप्रीत छत्तवाल) केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान वय वंदना कार्ड का लाभ सरकार सभी को उपलब्ध करवा रही है। जरूरतमंद किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर



पर जाकर इस योजना का कार्ड बनवाकर लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए उन्हें आधार कार्ड साथ लेकर जाना होगा। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना के संदर्भ में जिले के आयुष्मान मित्रा, मेडिकल ऑफिसर व डॉक्टरो के साथ मीटिंग की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आयुष मान कार्ड धारक व्यक्ति के इलाज में कोताही बरतने वाले अस्पतालो के डॉक्टरो पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने 70 वर्ष ओर उसे से ज्यादा उम्र के वृद्ध का आयुष्मान कार्ड कैसे बनवा सकते हैं की सही जानकारी डेमो के माध्यम से आयुष मान विभाग द्वारा बैठक उपलब्ध कराई व कई वृद्धों का आयुष्मान कार्ड मौके पर बनवाया। उपायुक्त ने बताया कि इसमे सरकार ने किसी भी प्रकार की आय से जुड़ी सीमा निर्धारित नहीं की है। इसका लाभ सभी ले सकते है। उन्हें इसके लिए धरातल पर प्रक्रिया को पूरा करना होगा। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना के लिए 70 व 70 से ज्यादा आयु वर्ग के बुजुर्ग ही इस योजना के लिए पात्र होंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत जो हॉस्पिटल पैनल में है बुजुर्गों को उसमें 5 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जो वृद्ध इलाज करवाने के लिए अस्पताल में जाते हैं व डॉक्टर उनकी सही तरह से कार्यवाही नहीं करते उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आयुष विभाग के डॉक्टरों ने लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने का डेमो भी दिखाया व 70 साल से ज्यादा की आयु के वृद्धो का आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि सरकार ने बुजुर्गों का सम्मान किया है। यह कार्ड बुजुर्गों को उस वक्त सहयोग प्रदान करेगा जिस वक्त उनकी अपनी संतान भी उनका साथ नहीं देगी। सरकार की यह योजना जनहित के लिए है जिसका लाभ उन्हें भरपूर मिलेगा। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर बिजेंदर हुड्डा ने बताया कि 70 वर्ष की आयु के वृद्धि को कार्ड बनवाने के लिए अब कहीं जाने की जरूरत नहीं है वे पास के कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं। सरकार की तरफ से उन्हें विभिन्न बीमारियों का 5 लाख रुपए तक का फ्री उपचार उपलब्ध होगा। इस मौके पर डॉ आदर्श, डॉक्टर मनदीप कौर मेडिकल ऑफिसर आशीष कौशिक, विशाल गोस्वामी, सत्येंद्र लाठवाल, विनय आर्य, ज्योति शर्मा, गरिमा व रैना आदि मौजूद रहे।

## गांव बधौर में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का शिविर आयोजित, 23 लोगों ने लिया लाभ

**पीएम सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को लेकर बढ़ी ग्रामीणों की रुचि**

**रायपुररानी, 1 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) :** गांव बधौर में मंगलवार को प्रधानमंत्री



सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को लेकर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में 23 ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने योजनाओं के लाभ के बारे में पूछा और पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार किए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सालाना ?12 में दुर्घटना बीमा की जानकारी दी गई, जबकि अटल पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद मिलने वाली मासिक पेंशन के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जानकारी हुए सरपंच सुखचैन ने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि जो लोग आज शिविर में शामिल नहीं हो सके, वे अपने नजदीकी बैंक या जनसेवा केंद्र में जाकर इन योजनाओं से जुड़ सकते हैं।

# सम्पादकीय

## बारिश की विनाशलीला, देश भर में प्राकृतिक एवं मानवजन्य प्रकोप

देशभर में मानसून की दस्तक इस बार राहत के साथ-साथ तबाही लेकर आई है। उत्तर भारत के कई राज्य—हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, यूपी और बिहार मे भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मध्य प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी बारिश के कहर से अछूते नहीं हैं। मौसम विभाग ने कई राज्यों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मानसून के इस मौसम में जितना प्रकृति का प्रकोप है, उससे ज्यादा प्रकोप मानवीय और सरकारी लापरवाही का है। ज़मीनी हकीकत यह है, कि सरकार की योजनाएं और नगरीय निकायों की लापरवाही मानसून के पहले की तैयारियों का अभाव हर साल इस आपदा को और भी भयावह बना देता है। हिमाचल प्रदेश में अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, सड़कें बंद हैं। पहाड़ी नदियों का जलस्तर खतरनाक हद तक बढ़ गया है। हिमाचल में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हजारों पर्यटक और वाहन यहां फंसे हुए हैं। गांव के गांव इस मानसून की बारिश में और भू स्वखलन में बह गए हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को रोकना पड़ा है। भूस्खलन और पुल टूटने से रास्ते अवरुद्ध हैं। हजारों तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं। उन्हें खाना-पीना भी सही से नहीं मिल पा रहा है। मैदानी इलाकों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। गांवों में पानी भरा है, फसलें नष्ट हो रही हैं। जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। दुर्भाग्य की बात यह है, कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। हर साल जून-जुलाई में ऐसे ही दृश्य सामने आते हैं। हर साल इसी तरह की विभीषिका से लोगों को जूझना पड़ता है। हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हर साल होता है। पिछले कई वर्षों से सभी नगरों में बारिश के दौरान जल प्लावन की स्थिति देखने को मिलती है। सीवर लाइन जिस तरीके से शहरों में बिछाई गई है, उसमें पानी की निकासी और ढलान का कोई ध्यान नहीं रखा गया। इस कारण थोड़ी सी भी बारिश में शहरों के कई हिस्से जल मग्न हो जाते हैं। जगह-जगह नावें चलने लगती हैं। गुजरात जैसे राज्य में हर साल बारिश के दौरान बड़े पैमाने पर विनाश लीला होती है। केंद्र एवं राज्य सरकारें सतर्क और गंभीर हों, ऐसा दिखता नहीं है। केंद्र की आपदा प्रबंधन प्रणाली जब आपदा आती है तो उसे दूर करने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर देती है। स्थाई समाधान के प्रयास नहीं किए जाते हैं। जिसके कारण हर साल और वह रुपए का नुकसान केंद्र एवं राज्य सरकारों के साथ-साथ आम लोगों को उठाना पड़ता है। शहरी विकास योजनाएं बिना पर्यावरणीय संतुलन को समझे लागू हो जाती हैं। नगरी विकास योजनाओं में यह ध्यान नहीं रखा जाता है। सीवर लाइन और नालों में पानी का ढलान है, या नहीं है। पानी बाहर निकालने के लिए कितने इन्च की पाइप लाइन की जरूरत है। इस सबका ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जिसके कारण हर शहर के कई इलाके बारिश के मौसम में पानी में डूब जाते हैं। यह हाल दिल्ली मुंबई जैसे बड़े-बड़े महानगरों के भी हैं, छोटे नगरों की भी यही हालत है। पहाड़ी क्षेत्रों में अंधाधुंध निर्माण व जंगलों की कटाई ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। पहाड़ी इलाकों में पहाड़ दरकने की घटनाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ती चली जा रही हैं। जिसने हालात को और भी भयावह बना दिया है। ऐसे में जब मानसून आता है, तो वह सिर्फ पानी ही नहीं लाता। सरकारी लापरवाही और विकास की गलत योजनाओं की विफलता के कारण प्राकृतिक आपदा से ज्यादा मानवीय आपदा झेलनी पड़ रही है। अब समय आ गया है, केंद्र और राज्य सरकारें आपदा को मौसम की दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनयोजित विकास मे नीति विफलता के रूप में देखें। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक रणनीति केंद्र एवं राज्य सरकारों को बनानी होगी। पहाड़ी राज्यों में निर्माण कार्यों की सख्त निगरानी, नदियों के बहाव में हस्तक्षेप पर नियंत्रण, शहरी जल निकासी तंत्र को मजबूत बनाते हुए दीर्घकालीन विकास को भी ध्यान में रखना होगा। वरना हर मानसून में इसी तरह का मातम और हर साल अरबो रुपए की बर्बादी देखने को मिलती रहेगी। मानसून सिर्फ पानी नहीं बरसाता है। मानसून की बारिश विकास, नीतियों और नगरीय संस्थाओं के विकास और भ्रष्टाचार की पोल खोल रही हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वहीं योजनाओं का क्रियान्वय करने वाली एजेंसियों पर सख्त नियंत्रण रखना होगा। अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी। तभी इस विनाशलीला से राहत मिलेगी। जब भी आपदा आती है, नेताओं और अधिकारियों के लिए यह किसी दिवाली से कम नहीं होती है। नेताओं और अधिकारियों के लिए आपदा अवसर होता है जिसके कारण आम जनता साल दर साल नुकसान उठती रहती है। इस पर नियंत्रण करने की जरूरत है।

## जीवन में आशा निराशा के भाव

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढ़ा। बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ... । मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक - एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था ।

# रोगी के लिए स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डाक्टर्स

– ललित गर्ग

स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं।

2025 की थीम है 'मास्क के पीछे: देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

वास्तव में डॉक्टर्स की नि:स्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक



फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपात कालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता। हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं।

अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है। डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे। कई डॉक्टर्स ने अपनी जान भी गंवा दी। इन डॉक्टर्स के बलिदान को भी आज के दिन याद किया जाता है। डॉक्टरों की सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करते हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित होता है।

# समाज की अंतरात्मा को झकझोरता ममता को लगा कलंक

– सोनम लववंशी

रिश्तों की कोमल भूमि पर भरोसे के बीज बोए जाते हैं। वहीं से अंकुरित होता है जीवन, वहीं से जन्म लेती है संवेदना। लेकिन अगर मां की कोख से जीवन नहीं, हिंसा जन्म लेने लगे, तो वह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सभ्यता के विनाश का संकेत है। देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार से आई हालिया घटना, जिसमें एक महिला नेत्री ने अपनी ही नाबालिग बेटी का बलात्कार करवाया, ये न केवल एक अमानवीय कृत्य है, बल्कि यह भारतीय समाज की मूल आत्मा पर किया गया क्रूरतापूर्ण आघात भी है। यह वो धरती है, जहां मां को देवी मानकर पूजा गया। जहां मातृभूमि की संकल्पना में राष्ट्र का रूप देखा गया। वही मां, जब शोषण की सूत्रधार बन जाए, सत्ता और वासना के कॉकटेल में नैतिकता की हत्या कर दे, तो इस त्रासदी को केवल अपराध नहीं कहा जा सकता। यह एक आत्महत्या है संवेदना की, परिवार की, और समाज की। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम सिर्फ पुलिस कार्रवाई या न्यायिक प्रक्रिया की प्रतीक्षा न करें, बल्कि आत्ममंथन करें। उस मासूम लड़की के कोमल मन पर क्या बीती होगी, जो दुनिया में सबसे सुरक्षित स्थान अपनी मां की गोद से ही अपमान, उत्पीड़न और दर्द पाती रही। जब बेटी अपनी आंखों में दहशत और सवाल लिए देखती है, और मां जवाब में ये सब करना ही पड़ेगा कहती है, तब ये न सिर्फ विश्वासघात होता है, बल्कि उस नन्हीं आत्मा के साथ एक गहन ऐतिहासिक अन्याय भी ।परिवार को भारतीय समाज में प्राथमिक इकाई कहा गया है ये वो ईकाई जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है, जो आत्मा को साकार करती है, जो सभ्यता की नींव रखती है। लेकिन जब वही इकाई भीतर से सड़ जाए, तो कौन से मंदिर, कौन से विद्यालय, कौन सा कानून समाज को बचा पाएंगे? हम टेक्नोलॉजी में आगे बढ़े हैं, लेकिन मूल्य कहाँ पीछे छूट गए? हमारी आत्मा की आवाज़ क्यों मंद पड़ती जा रही है? यह सवाल केवल उस एक मां का नहीं है। यह सवाल हम सबका है क्या हमने परिवारों को एक आर्थिक, सामाजिक संस्था मान लिया है? क्या अब माता-पिता सिर्फ पद और प्रतिष्ठा के साधन बन गए हैं, जहां संवेदनाओं की जगह अब 'इमेज बिल्डिंग' का शोर है?



बच्चे अब माता-पिता के 'इंस्ट्रूमेंट' बन रहे हैं कभी विज्ञापन में, कभी सोशल मीडिया पर, और अब, दुर्भाग्य से, अपराध के औजार में भी। हमारा समाज अक्सर बेटी के शोषण पर चुप रहता है क्योंकि अपराध घर के भीतर होता है, पर्दों के पीछे होता है, और 'इज्ज़त' की दीवार बहुत ऊंची होती है। लेकिन इस बार पर्दा खुद मां ने हटाया और अपराध को खुलेआम सहमति दी। यहां चुप रहना कायरता नहीं, सांस्कृतिक आत्मवध है। राजनीति की ज़मीन पहले से ही अपराधों से सनी हुई है, पर जब वह घर की चौखट लांघकर बेटी की अस्मिता तक पहुंच जाए, तो वह सिर्फ सत्ता का पतन नहीं, समाज की मृत्यु है। क्या हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि ऐसी महिला कैसे किसी पार्टी में पद पा गई? क्या हम केवल टिकट बांटते हैं, या चरित्र भी परखते हैं? राजनीति का अपराध से यह सांठगांठ, अब परिवारों के विनाश तक पहुंच चुका है। भारत की पारिवारिक व्यवस्था हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति, सभ्यता और धर्म की नींव रही है। 'परिवार' केवल खून के रिश्तों का नाम नहीं, वह एक नैतिक अनुबंध है जहां बच्चों को संरक्षण, मूल्य और प्रेम मिलता है। परंतु जब वही संस्था अपवित्र हो जाए, और माता-पिता स्वयं अपने बच्चों के अपराधी बन जाएं, तब सामाजिक ताना-बाना ढहने लगता है। यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि आधुनिक समाज में रिश्ते अब भावना नहीं, स्वार्थ के समीकरण बन गए हैं। वह महिला नेत्री अपने प्रेमी के साथ जीवन बिताने की इच्छा में अपनी ही बेटी की बलि चढ़ा रही थी ये प्रेम नहीं, पाशविकता का आधुनिक संस्करण है। हमारे यहां 'सनातन धर्म' की धारणा केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं थी। उसमें परिवार एक धार्मिक संस्था मानी जाती थी। 'गृहस्थ' आश्रम सबसे महत्वपूर्ण आश्रम इसलिए माना गया क्योंकि उसमें संतुलन, प्रेम, जिम्मेदारी और नैतिकता का समावेश था। इन सबके बावजूद जब धर्म का नाम केवल जप और पर्व तक सिमट जाए, जब परिवारों में बस नाम भर की उपस्थिति रह जाए, तब यह ढांचा अंदर से सड़ने लगता है और जब वह सड़न इस तरह की घटनाओं के रूप में बाहर आती है, तो पूरा समाज स्तब्ध रह जाता है।

इस घटना से दो बातें स्पष्ट हैं एक यह कि भारत की पारंपरिक पारिवारिक संरचना अब संकट में है, और दो, नैतिक मूल्यों की शिक्षा अब केवल विद्यालयों या ग्रंथों का विषय नहीं, बल्कि जीवन का अनिवार्य हिस्सा बननी चाहिए। अब वक्त आ गया है कि हम देश को बचाने के नारे न दें, परिवार को बचाने की जिम्मेदारी समझें। क्योंकि बिना परिवार के कोई राष्ट्र नहीं होता। राष्ट्र की आत्मा उसके परिवारों में ही बसती है। जब परिवार टूटता है, तो संस्कृति बिखरती है। जब संस्कृति बिखरती है, तो सभ्यता मर जाती है। इस पूरे प्रकरण में यदि कोई प्रकाश की किरण है, तो वह लड़की का पिता है जिसने न्याय की मांग की, केस दर्ज करवाया, और एक असहाय बेटी के लिए आवाज़ उठाई। यह दुर्लभ है, क्योंकि अधिकांश मामलों में पुरुष भी या तो अपराधी बन जाते हैं, या चुप्पी ओढ़ लेते हैं। यह एक नन्हीं आशा है कि शायद समाज अब चुप नहीं रहेगा। समाज को अब परिवार बचाओ आंदोलन की आवश्यकता है जो महज भावनात्मक नहीं, बौद्धिक, नैतिक और सांस्कृतिक स्तर पर पुनरुद्धार करे। हमें फिर से उन मूल्यों की ओर लौटना होगा, जहां मां का अर्थ जन्म देना नहीं, सुरक्षा देना था। जहां पिता कमाने वाला नहीं, नैतिक संरक्षक होता था। जहां बच्चे कर्तव्यों के बोझ तले नहीं, स्नेह और समझदारी से पले-बढ़ते थे। अब भी समय है। इस एक घटना को केवल न्यूज हेडलाइन न बनने दें। इसे समाज की आत्मा पर लगे कलंक के रूप में लें।

# डा. बिधान चंद्र राय की स्मृति में मनाया जाता है चिकित्सा दिवस

–श्वेता गोयल

भारत में प्रतिवर्ष एक जुलाई को डॉक्टरों के समर्पण और ईमानदारी के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा यह दिवस सबसे पहले वर्ष 1991 में मनाया था। भारत में जहां प्रतिवर्ष 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, वहीं कई दूसरे देशों में भी डॉक्टरों को सम्मान देने के लिए अलग-अलग तारीखों पर यह दिवस मनाया जाता है। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में पहली बार मार्च 1933 में डॉक्टर्स डे मनाया गया था। यह दिन चिकित्सकों को कार्ड भेजकर तथा मृत डॉक्टरों की कब्रों पर फूल चढ़ाकर मनाया जाता था। अमेरिका में यह दिवस 30 मार्च को, ईरान में 23 अगस्त को तथा क्यूबा में 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। भारत में हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण है। दरअसल देश के जाने-माने चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे डा. बिधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि एक जुलाई को ही है और उन्हें श्रद्धांजलि एवं सम्मान देने के लिए ही राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के लिए यही दिन निर्धारित किया गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना जिले में हुआ था तथा निधन 1 जुलाई 1962 को हुआ। डा. बिधान चंद्र ने अपने जीवनकाल में चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने वर्ष 1911 में अपने चिकित्सकीय कैरियर की शुरुआत की और एक बेहतरीन डॉक्टर होने के साथ ही वे भारत की आजादी के आन्दोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ भी रहे।

उन्होंने लंदन के प्रतिष्ठित सेंट बार्थोलोम्यू अस्पताल से डॉक्टरी की पढ़ाई की कोशिश की लेकिन तब उनके भारतीय होने के कारण उन्हें वहां दाखिला नहीं मिला। बिधानचंद्र भी अपनी धुन के पक्के और दृढ़निश्चयी थे, उन्होंने हार नहीं मानी और दाखिले के लिए करीब डेढ़ माह तक लगातार अस्पताल के डीन के पास आवेदन करते रहे। अंतत: उनके दृढ़ निश्चय से प्रभावित होकर डीन ने 30वीं बार में उनका आवेदन स्वीकार कर लिया और अपनी लग्न तथा कड़ी मेहनत से उन्होंने मात्र सवा दो साल में ही डिग्री हासिल कर एक साथ फिजिशयन तथा सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल की। वहां से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटकर उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी कार्यों को अंजाम दिया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें 'बंगाल का आर्किटेक्ट' भी कहा जाता है। वर्ष 1961 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे गए डा. बिधान चंद्र की याद में ही तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा 1991 में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी, तभी से हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा किया जाता है।

हमारे समाज में तो डॉक्टरों को भगवान के समान यूं ही नहीं माना गया है। कोरोना महामारी से देश को उबारने में तो हमारे डॉक्टरों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। ऐसे कठिन समय के दौरान डॉक्टर तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता जिस प्रकार दिन-रात कोविड मरीजों की देखभाल में जुटे रहे थे, उसके लिए पूरा समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। दरअसल न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान तो डॉक्टर फ्रंटलाइन योद्धा के रूप में सामने आए थे। महामारी के उस भयानक दौर में देवदूत बनकर लाखों लोगों का जीवन बचाने में डॉक्टरों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोरोना काल में बहुत से डॉक्टरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों को नया जीवन प्रदान किया था। उस दौरान मरीजों की जान बचाते-बचाते प्राणघातक कोरोना वायरस के कारण सैंकड़ों डॉक्टरों की मौत भी हुई थी लेकिन फिर भी डॉक्टर पूरी दुनिया को कोरोना महामारी से उबारने में जुटे नजर आए थे। डॉक्टरों की ही बदौलत महामारी के उस भयावह दौर में करोड़ों लोगों का जीवन बचाया जा सका था।

सामान्य दिनों में भी डॉक्टर लोगों को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों से निजात दिलाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। ऐसे में चिकित्सक दिवस हमें स्मरण कराता है कि डॉक्टरों की हमारे जीवन में कितनी अहम भूमिका रहती है। कई बार कुछ गंभीर मरीजों के मामलों में लाख कोशिशों के बावजूद डॉक्टर सफल नहीं हो पाते और ऐसे कुछ अवसरों पर बिना उनकी किसी गलती के उन्हें ऐसे मरीज के परिजनों का गुस्सा भी झेलना पड़ता है। हालांकि ऐसे अधिकांश मामलों में मरीज की हालत ही इतनी गंभीर होती है कि डॉक्टर चाहकर भी मरीज के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाते। स्विटजरलैण्ड के प्रख्यात मनोवैज्ञानिक तथा मनोचिकित्सक कार्ल गुस्ताव जंग ने एक बार कहा था कि दवाईयां बीमारियों का इलाज करती हैं लेकिन मरीजों को केवल डॉक्टर ही ठीक कर सकते हैं। उनका यह उद्धरण मौजूदा समय में तो सर्वाधिक प्रासंगिक नजर आता है। किसी भी मरीज की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उसके इलाज के लिए उपयुक्त दवाओं का चयन डॉक्टर ही करता है।

# पंचायती जमीन से हटवाए जाएं नाजायज कब्जे : नेहा सिंह

*सुनहेडी खालसा सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी मिलकर दें नोटिस, खुद ना छोड़े तो पंचायत हटवाए, गांव में सफाई को लेकर पंचायत, ग्राम सचिव, बीडीपीओ की बनती है जिम्मेदारी, ओवरफ्लो गंदे पानी के सदुपयोग के लिए सिंचाई विभाग और पंचायत विभाग तैयार करे योजना*



**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव की पंचायती जमीन पर जो भी नाजायज कब्जा है, उसे हटवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सुनहेडी खालसा सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी मिलकर पहले कब्जाधारी को नोटिस दें, यदि इसके बाद भी वो स्वयं कब्जा ने छोड़ तो पंचायत कब्जे हटवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो रात्रि ठहराव में आने वाली सभी शिकायतों पर एक सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजें, ताकि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार देर रात गांव सुनहेड़ी खासला में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रही थीं। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण रामपाल ने पंचायती जमीन पर कब्जे हटवाने की शिकायत दी। इस मामले में उपायुक्त ने सख्ती दिखाते हुए पंचायत को पंचायती जमीन पर हुए सभी प्रकार के कब्जों को हटवाने की हिदायतें दी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गांव में साफ-सफाई की हर तीसरा ग्रामीण शिकायत कर रहा है। सफाई को लेकर पंचायत, ग्राम सचिव, बीडीपीओ तक की जिम्मेदारी बनती है, कोई भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा गलत है। एक सप्ताह के अंदर पूरे गांव की सफाई करवानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गांव में सफाई ना होने से मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसी बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ेगी। इससे ग्रामीणों का नुकसान होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में कोई भी परिवार पीने के पानी से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपायुक्त को ग्रामीण अशोक कुमार, पाला राम ने पीने का पानी ना मिलने की शिकायत दी थी। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सतपाल की शिकायत पर चोरी के मामले में स्पेशल जांच करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीण सतपाल ने शिकायत में कहा कि उसके घर में फरवरी 2024 में चोरी हुई थी। जिसका आज तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

**ओवरफ्लो पानी को किया जाए यूटिलाइज**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव में ओवरफ्लो पानी की निकासी को लेकर पंचायत विभाग और सिंचाई विभाग पानी को यूटिलाइज करने की अपनी योजना तैयार करे। इसके लिए बीडीपीओ एक सप्ताह के अंदर सिंचाई विभाग के साथ मिलकर योजना तैयार करे, ताकि गांव से गंदे पानी की निकासी का समाधान हो, ओवरफ्लो को दूर किया जा सके और उस पानी का सदुपयोग किया जा सके।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सरपंच सोनिया देवी, एसडीएम अमन कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

# भूस के कूपों में लगी भंयकर आग, किसान का 15 लाख रुपए का नुकसान



**तरावड़ी, 1 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** गांव रमाणा-रमाणी के पास खेतों में खड़े भूस के कूपों में भयंकर आग लग गई। जिसके कारण 12 से 13 कूप जलने से किसान का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कूपों के भंयकर आग लगने की घटना रात्रि करीब तीन बजे की बताई जा रही है। रात्रि के समय ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी ज्यादा भयंकर थी कि सुबह करीब एक बजे तक भी आग पर काबू नही पाया जा सका था। तरावड़ी, नीलोखेड़ी, निगदू व करनाल की दस से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए गांव रमाणा-रमाणी के रहने वाले किसान दरबारा सिंह ने बताया कि उनसे बड़ी मेहनत से खेतों में करीब 13 कूप बांधे थे, जिसमें 200 क्विंटल प्रति कूप भूस भरा गया था। बीती देर रात उसके खेतों में खड़े कूपों में भयंकर आग लगने के कारण उसका करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। किसान दरबारा सिह ने बताया कि इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को भी दी गई है। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने के काफी प्रयास किए, आग तो बुझ गई, लेकिन उसके 12 से 13 कूप जलकर राख हो गए। किसान दरबारा सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस को इस मामले में गहनता से जांच करनी चाहिए। उसके कूपों में आग रंजिश के चलते लगाई गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त ने जारी किए दिशा-निर्देश

**सोनीपत, 1 जुलाई ( विनोद ) :** श्रावण माह में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा में भाग लेने वाले कावडियों की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त सुशील सारवान ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान जुगाड़ वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ डाक कावड़ में कावडियों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला डीजे या म्यूजिक सिस्टम गाड़ी की बॉडी के अंदर ही होना चाहिए ना कि बाहर। क्योंकि अगर डीजे या म्यूजिक सिस्टम गाड़ी की बॉडी के बाहर होगा तो उससे दुर्घटना होने का खतरा रहता है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कावडियों से संबंधित दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लोकल केबल नेटवर्क पर उनका प्रसारण किया जाए। कावडियों द्वारा रेलगाडियों के छत्तों पर यात्रा करने पर पाबंधी रहेगी ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि कावडिया अपना पहचान पत्र अवश्य साथ रखें ताकि जरूरत पडने पर उसकी पहचान हो सके। इसके साथ ही कावड़ यात्रा के दौरान नुकीले भाले एवं अन्य हथियार साथ लेकर चलने पर पाबंधी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कावडियों को नहर पटरी का प्रयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए। डाक कावड़ में वाहनों में लगाए जाने वाले बड़े डीजे व म्यूजिक सिस्टम के स्वामियों को पूर्व से ही चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा के दौरान सभी मार्गो के डायवर्जन प्वाईंटस पर मार्ग सूचना के लिए हॉर्डिंग्स लगवाए जाएं। कावड़ यात्रा के दौरान सभी संबंधित विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने कावडियों का आह्वान किया कि वे पैदल कावड़ को 07 फीट से ऊंची तथा कावड़ झांकी को 12 फुट से ऊंची न बनाए, क्योंकि इससे बिजली तारों से कावड़ के टकराने का खतरा नहीं रहता। इसके अलावा कावडियों को शराब या मादक पदार्थ का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया जाए। इसके साथ ही कावड़ यात्रा के दौरान बिना साईलेंसर के मोटरसाईकिल का प्रयोग करने पर भी पाबंधी रहेगी।

## महिलाओं व युवतियों को शिक्षा के लिए हरियाणा महिला विकास निगम देता है शिक्षा ऋण

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा महिला विकास निगम कुरुक्षेत्र जिला प्रबंधक ने कहा कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा महिलाओं व युवतियों को शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। ये पहले महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से सहयोग देने के लिए शुरू की हुई है। उन्होंने कहा कि परिवार के पास सीमित साधनों के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा देने से रोक दिया जाता है। अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज दर के भार को कम करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा एक अप्रैल 2007 से बैकों के माध्यम से महिलाओं/ लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सब्सिडी देने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि निगम से सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आय, जाति का कोई मापदंड नही है। यहां तक की सरकारी कर्मचारियों की लड़कियों को भी शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज की सब्सिडी दी जाती है।

ऋण/ सब्सिडी सुविधा देश और विदेश में उच्च शिक्षा व्यावसायिक, शिक्षा तकनीकी शिक्षा, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, डॉक्टरल, पोस्ट डॉक्टरल लेवल पर उपलब्ध है। निगम में जिला प्रबंधक ने स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान 54 महिलाओं/ लड़कियों को 25,14,684 रुपए की सब्सिडी दी गई। इच्छुक महिलाएं व लड़कियां अधिक जानकारी के लिए निगम के जिला कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम, कोठी नंबर 465/5, मदानो वाली गली कुरुक्षेत्र या फोन नंबर 01744-223658 पर सम्पर्क कर सकती हैं।

# कर्म कल्याणी वैलफेयर सोसाइटी ने डॉक्टर मेघा गुप्ता के साथ मनाया डॉक्टर-डे



**हिसार, 1 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में कर्म कल्याणी वैलफेयर सोसाइटी द्वारा भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. मेघा गुप्ता का सम्मान किया गया। डॉ. गुप्ता एमबीबीएस एवं एम.डी. (त्वचा रोग विशेषज्ञ) हैं तथा हिसार की प्रसिद्ध डर्मेटोलॉजिस्ट एवं हेयर एक्सपर्ट हैं। वे पिछले 15 वर्षों से त्वचा संबंधी विभिन्न समस्याओं का सफलतापूर्वक इलाज कर रही हैं। इस अवसर पर सोसाइटी की अध्यक्ष मौसमी कर ने डॉक्टरी पेशा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर डॉक्टर न हों, तो हमारा जीवन अधूरा है। एक डॉक्टर रोजाना 50 से 100 लोगों की सेवा करता है। ऐसे में हमारे देश के युवाओं को आगे आकर डॉक्टर बनने के लिए प्रेरित होना चाहिए, ताकि वे समाज की सेवा कर सकें और देश को बीमारियों एवं बुरी आदतों से बचा सकें। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने मिलकर डॉक्टर्स डे को हर्षोल्लास के साथ मनाया, केक काटा गया और सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी गईं। मस्ती और भावनाओं से भरपूर इस आयोजन में डॉक्टरों के योगदान को सराहते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौसमी कर, कोमल राठौर, सीमा भुटानी, प्रतिभा, प्रीति भारद्वाज, उर्मिल त्रिखा, संतोष गिरधर, शीतल नागपाल, श्रुति नागपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएसजे अजय कुमार शारदा ने किया घरौंडा न्यायिक परिसर का दौरा



**घरौंडा, 1 जुलाई ( नरेन्द्र लाठर ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने मंगलवार को सब डिवीजन घरौंडा का निरीक्षण किया।

इस मौके पर घरौंडा के अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गौरांग शर्मा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएसजे अजय कुमार शारदा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद डीएसजे अजय कुमार शारदा व सीजेएम डॉ. इरम हसन ने प्लेस ऑफ सेफ्टी, नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का भी निरीक्षण किया तथा वहां रह रही महिलाओं व बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया व आवश्यक मार्गदर्शन किया।

**12 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने मंगलवार को सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में उन्होंने 12 जुलाई को लगने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी दी और अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने की बात रखी। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को न्यायिक परिसर करनाल व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करवा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं. 0184-2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आयुष विवि की नई पहल : कॉलेज छात्राओं को पहली बार मिली हेल्थ केयर की व्यवहारिक ट्रेनिंग

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** कॉलेज की पढ़ाई में इतिहास, राजनीति और विज्ञान के साथ अगर जीवनशैली सुधार और हेल्थ केयर की ट्रेनिंग भी मिल जाए तो पढ़ाई असल मायने में सार्थक हो जाती है।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने इसी सोच को साकार करते हुए एक अनोखी पहल की है। 45 दिवसीय सेल्फ हेल्थ केयर स्किल डेवलपमेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम जिसमें विद्यार्थियों को पहली बार स्वास्थ्य के व्यावहारिक पहलुओं की गहराई से जानकारी दी जा रही है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के पहले बैच में राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल (कुरुक्षेत्र) की छात्राएं ऋतुचर्या, योगासन, घरेलू चिकित्सा, आहार-विहार और रोगों की पहचान व रोकथाम जैसे विषयों की प्रतिदिन गहन ट्रेनिंग ले रही हैं। आयुष विवि के विशेषज्ञ उन्हें आयुर्वेदिक जीवन शैली को अपनाकर कैसे स्वयं को और अपने परिवार को रोगों से सुरक्षित रखा जा सकता है यह सिखा रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें ऐसा व्यावहारिक और जीवन उपयोगी ज्ञान मिलेगा जो हर दिन काम आएगा।

**रोजाना 3 घंटे की गहन ट्रेनिंग : प्रो. शुभा**



क्रिया शरीर विभाग की प्रोफेसर वैद्य शुभा कौशल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रत्येक दिन तीन घंटे की क्लास दी जा रही है, जिसमें ऋतु अनुसार आहार-विहार कैसे बदलें, योग और प्राणायाम से शरीर और मन कैसे संतुलित रखें, घरेलू उपचारों से कैसे छोटी बीमारियों को रोका जा सकता है तथा बिना दवा के जीवन शैली में छोटे बदलाव कर कैसे रोगों से बचाव कर सकते हैं।

**स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहा आयुष विवि : कुलपति**

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी सिर्फ डिग्री धारक न बनें, बल्कि वे जीवन में आत्मनिर्भर, रोग मुक्त और संतुलित जीवन शैली की प्रतीक बनें। आयुष विवि द्वारा शुरू की गई यह पहल मात्र इंटर्नशिप प्रोग्राम नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाने का प्रयास है। आज जब जीवनशैली जनित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, तब यह और भी आवश्यक है कि हमारी युवा पीढ़ी न केवल अपने लिए, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी मार्गदर्शक बने। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने पहली बार ऐसा व्यावहारिक कार्यक्रम शुरू किया है, जिससे विद्यार्थी स्वस्थ जीवन जीने की वैज्ञानिक और पारंपरिक दोनों समझ हासिल कर सकेंगी।

अगर युवा पीढ़ी खुद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन जाएं तो वे अपने परिवार और समाज को भी सही दिशा में प्रेरित कर सकती है।

# अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर लगेंगे सोलर पैनल : एडीसी



**करनाल, 1 जुलाई ( परमजीत कौर ) :** एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाने की योजना चलाई जा रही है। इसी योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाये जाएंगे जिसकी 25 प्रतिशत राशि सम्बंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। इन धर्मशालाओं में बिना बैटरी बैंक के 5 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। एडीसी सोनू भट्ट आज एडीसी कार्यालय में जिला की अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सरकारी एवं गैर सरकारी गुरुकुल, कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, वृद्ध आश्रमों, बालगृह, नारी निकेतन, प्राकृतिक चिकित्सालय, रेडक्रॉस संस्थान तथा धर्मार्थ संस्थानों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी 50 प्रतिशत राशि सम्बंधित संस्था द्वारा दी जाएगी और इन संस्थानों में बिना बैटरी बैंक के 50 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। एडीसी ने कहा कि इच्छुक सामाजिक संस्थाएं नीति आयोग के दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होनी अनिवार्य हैं। अधिक जानकारी के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा न0 16, दूसरी मंजिल, लघु सचिवालय करनाल में सम्पर्क कर सकते हैं।

# संजीवनी अस्पताल में मनाया गया डॉक्टर्स-डे, शिविर में की 184 लोगों की जांच

*डॉक्टर और मरीज का होता है विश्वास का रिश्ता : डा. एचके धीमान*





**शाहाबाद मारकंडा, 1 जुलाई ( रूबी ) :** मंगलवार को किशनगढ़ रोड स्थित संजीवनी अस्पताल में डॉक्टर्स-डे मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए संजीवनी अस्पताल के संचालक डा. एचके धीमान ने बताया कि शिविर में आदेश अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा 184 लोगों की जांच की गई। डा.धीमान ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय रोग, पेट रोग, हड्डी रोग, चमड़ी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रैशर की निशुल्क जांच की गई। शिविर में मरीजों को दवाईयां भी निशुल्क दी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक रामकरण काला, डा. कुलदीप राज, अस्पताल के अध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उपस्थित डॉक्टरों की प्रशंसा करते हुए विधायक रामकरण काला ने कहा कि आज एक डॉक्टर अपने मरीज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मरीज के साथ मित्रता, प्रेम, भाईचारा निभा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करता है। इसीलिए हम सभी का भी कर्तव्य बनता है कि सभी डॉक्टरों को पूरा मान-सम्मान दें। अस्पताल के संचालक डा. एचके धीमान ने बताया कि अस्पताल द्वारा समय-समय पर लोगों के लिए इस तरह के निशुल्क जांच शिविर लगाए जाते हैं। ताकि लोगों को राहत मिल सके और वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल का प्रयास यही रहता है कि इसी तरह के समाज सेवा के प्रकल्प भविष्य में भी किए जा सके। इस मौके पर नपा प्रधान गुलशन कवातरा, जगदेव सिंह गाबा, सुरेंद्र वधवा, पार्षद जगतार सिंह तारा, राजेश वत्स, दिव्या शर्मा, हरदिास, दीपक, ज्योति, पलविंद्र, रवीना, जितेंद्र मदान सहित अस्पताल के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# नगर निगम का सोया प्रशासन जागा, पार्क में विकास शुरु

**हिसार, 1 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** शांति नगर हनुमान मंदिर पार्क में कई महीनों से चली आ समस्याओं की सुध लेने के लिये नगर निगम का प्रशासन जाग गया है। मीडिया में समस्याओं की खबरें आने के बाद निगम अधिकारियों के आदेशों पर पार्क में बने जिम की टूटी मशीनों को ठीक करने का काम शुरु हो गया। पार्क में रोजाना सैर करने आने वाले बंसीलाल पठनेजा, महेन्द्र पाल, संजय मुंजाल, कार्तिक, लक्की आदि ने पार्क में महीनों से टूटे पड़े झूलों, जिम की टूटी मशीनों, सफाई व्यवस्था, पूरे पार्क में एक भी डस्टबिन का न होना, घास लगाने की जरुरत आदि समस्याओं को उठाया था। एक्सरसाइज की टूटी मशीनों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार समस्याएं उठाने के बाद अब नगर निगम प्रशासन ने पार्क की सुध ली है। जिम की मशीनों को व झूलों को ठीक करने का काम शुरु कर दिया गया है। इसके बाद पार्क में तिरंगी लाईटें लगाने व साफ-सफाई करवाने के लिये कदम उठाये जाएंगे। क्षेत्र वासियों ने निगम प्रशासन का आभार जताया है।

# कलायत तहसील में सर्वर ठप, रजिस्ट्री का काम रुका



**कलायत, 1 जुलाई ( सूबे सिंह ) :** मंगलवार को कलायत तहसील कार्यालय में सर्वर ठप होने से रजिस्ट्री का काम पूरे दिन बाधित रहा, जिससे दूर-दराज के गांवों से आए लोगों को भारी परेशानी हुई। ऑनलाइन कलेक्ट्रेट पोर्टल पर तकनीकी खराबी के कारण कोई भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी, हालांकि पारिवारिक हस्तांतरण और बैंक डीड से संबंधित कार्य सुचारू रहे। ग्रामीणों ने बताया कि वे सुबह 9:30 बजे से 4-5 घंटे तक इंतजार करते रहे, जिसके बाद कर्मचारियों ने बताया कि पूरे हरियाणा में कलेक्ट्रेट डेटा अपलोड हो रहा है, जिससे सर्वर काम नहीं कर रहा है। उन्हें बिना काम करवाए ही लौटना पड़ा, जिससे उनका समय और पैसा बर्बाद हुआ। कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप दुहन ने बताया कि यह समस्या स्थानीय स्तर पर नहीं है, बल्कि पीछे से पोर्टल पर सर्वर में कलेक्ट्रेट ऑनलाइन में दिक्कत आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह तकनीकी खराबी दूर नहीं हो जाती, तब तक रजिस्ट्री का काम शुरू नहीं किया जा सकता।

# यूनिफाइड मॉडल के तहत जिले के गांवों में बनेंगी लाइब्रेरी, पंजोखरा गांव से होगी पहली लाइब्रेरी की शुरुआत

**इन्द्री, 1 जुलाई ( बिशपाल राणा ) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को देर सांय करनाल के डीसी उत्तम सिंह रात्रि ठहराव के लिए इंद्री के गांव पंजोखरा में पहुंचे। यहां उन्होंने गांववासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर निवारण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन गांवों की ग्राम पंचायत के पास फंड है वहां लाइब्रेरी बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए पूरे जिले के लिए एक यूनिफाइड मॉडल तैयार करवाया जा रहा है। इस मॉडल के तैयार हो जाने के पश्चात पहली लाइब्रेरी पंजोखरा गांव में बनाई जाएगी। इस दौरान एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी सोनू भट्ट व एसडीएम अशोक मुंजाल भी मौजूद रहे। रात्रि ठहराव के दौरान सरपंच दीपक कुमार ने डीसी उत्तम सिंह व एडीसी सोनू भट्ट का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने बारी-बारी से गांववासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याएं रखी गईं। इनमें से कुछ समस्याओं का निवारण मौके पर किया गया जबकि कुछ समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के लिए दिया गया। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि इस गांव के स्कूल को नियम के तहत अपग्रेड करवाने का प्रयास






किया जाएगा ताकि गांव व आसपास के बच्चे इसका फायदा उठा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव को नशे से दूर रखना है। नशा मुक्त गांव होगा तो युवा आगे बढ़ेंगे। उन्होंने छात्रों को ज्यादा से ज्यादा पढने् और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव के लोग आगे बढ़कर अपने गांव की तरक्की में सहयोग करें। रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान गांववासियों ने जिम बनाने की मांग रखी। इस पर डीसी उत्तम सिंह ने बीडीपीओ को जल्द से जल्द फिजिबिलिटी चेक करके कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम आमजन की समस्याओं को उनके घर द्वार पर जाकर सुनने व उनके प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में गांव से संबंधित जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उनका समाधान करवाया जाएगा। जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार है। डीसी ने नशा मुक्त गांव होने पर ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है। कोई भी व्यक्ति यदि नशा बेचते हुए या करते हुए पाया जाता है तो भारत सरकार द्वारा संचालित मानस पोर्टल पर शिकायत कर सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा सडक़ के निर्माण, गलियों के निर्माण, प्राइमरी स्कूल, गलियों में जलभराव की समस्या रखी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में खेल स्टेडियम, जिम व हेल्थ सेंटर बनाने की भी मांग रखी। इस मौके डीडीपीओ संजय टांक, डीएसपी सतीश गौतम, नायब तहसीलदार गौरव, डीईओ सुदेश ठकराल, बीडीपीओ गुरमलख सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता महिंद्र सिंह पंजोखरा सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# उपमंडल नागरिक अस्पताल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**पिहोवा, 1 जुलाई ( विवेक ) :** उपमंडल नागरिक अस्पताल के प्रांगण में आज एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, डॉ



मनीषा एस एम ओ के आदेशानुसार जिसका नेतृत्व अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमा ने किया। इस अवसर पर शिव सेना हिंदुस्तान हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जगीर मोर और प्रेस एसोसिएशन पिहोवा के सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार पेड़ लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और लोगों में हरियाली के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर बोलते हुए डॉ. रमा ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। ए एस एम ओ डॉ नमिता ने भी कार्यक्रम की सराहना की और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। प्रेस एसोसिएशन पिहोवा के प्रधान विनोद सैनी ने इस प्रयास को सराहते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देने की बात कही। इस मौके गुरिंदर, मनप्रीत, गुरदीप, शंकुतला, गुरप्रीत सिंह, कर्ण सैनी, रणजीत, गौरव सिंगला, ज्ञान संधौली सहित सभी कर्मचारी शामिल रहे।

# भाजपा संगठन व भाजपा सरकार मिलकर जनहित में सराहनीय कार्य कर रहे हैं : श्याम सिंह राणा

**यमुनानगर, 1 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया।





कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष नागरिकों ने पब्लिक हेल्थ विभाग, बिजली बोर्ड, नगर निगम व अन्य विभागों से सम्बंधित बहुत सी समस्याएं कृषि मंत्री के समक्ष रखी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर समस्याएं सुनने का मुख्य उद्देश्य है भाजपा पार्टी, जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान होने से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर उनके माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह वर्तमान भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिकतम फसलें खरीदी जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि भाजपा कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्यायों को सुनकर कृषि मंत्री ने समाधान किया। इसके लिए वह हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा का धन्यवाद करते हैं व आगे भी हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा भाजपा कार्यालय में समस्याओं का समाधान करने के लिए आते रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद चेयरमैन रमेश कुमार ठसका, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला सचिव नरेंद्र सिंह राणा, पार्षद उज्जवल ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा आदि बहुत से भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता साथ रहे।

# 7 को पंचकुला स्थित हरियाणा राज्य मंडीकरण बोर्ड के समक्ष भाकियू का होग प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन

**करनाल, 1 जुलाई ( रविन्द्र मलिक ) :** प्रदशभर की अनाज मंडियों में फसल बिक्री के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी 7 जुलाई को पंचकुला स्थित हरियाणा राज्य मंडीकरण बोर्ड के मुख्य प्रशासक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय करनाल के अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में आयोजित की गई बैठक में लिया गया। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। संचालन पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र बैनीवाल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रतनमान, किसान नेता महताब कादियान, यशपाल राणा, शाम सिंह मान विशेष तौर पर मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि फसलों की तुलाई के लिए मंडियों में स्केल कांटों की जगह प्रदेश के सभी आढ़तियों की दूकानों पर डिजिटल कांटे लगवाएं जाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान की तुलाई प्रति कट्टा 37 किलो 500 ग्राम की भराई की जाती है। जिसकी गणना करने में किसानों को दिक्कत



आती है। इसकी भराई 35 या 40 किलोग्राम किए जाने सहित कई मुद्दों की मांग उठाई जाएगी। रतनमान ने कहा कि गत गेंहू खरीद सीजन के दौरान प्रदेश की अनाज मंडियों में भाकियू की टीमों द्वारा मंडियों में तौल चेक किए गए थे। जिसमें भारी तौल घोटालों का पर्दाफास हुआ था। इसलिए धान खरीद सीजन शुरू होंने से पूर्व मंडियों में डिजिटल कांटे लगवाए जाने की मांग की जा रही है। ताकि तौल में की जानेवाली हेराफेरी से किसानों को बचाया जा सके। मान ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भारत को डिजिटल भारत बनाने के प्रयास कर रहे है। लेकिन देश में डिजिटल कांटे उपलब्ध होंने के बाद भी पुराने ढर्रे पर मंडियों में फसलों का तौल किया जा रहा है। मान ने कहा कि प्रदेश भर से मंडियों से संबंधित समस्याएं किसानों से एकत्रित की जा रही है। जिनकों ज्ञापन में शामिल किया जाएगा। बैठक के उपरांत रतनमान ने बताया कि गत 22 जून को जींद में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में जिला कार्यकारिणी व सभी प्रकोष्ठों को भंग कर दिया गया है। युवा विंग को भी जनरल बाडी में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस अवसर पर सुरेंद्र सागवान, धनेतर राणा, जोगिंद्र झींडा, बाबू राम, रामफल नरवाल, जोगिंद्र बस्तली, नेकीराम, सतीश रींडल, सत्यवीर तौमर, राजकुमार नोतना सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# गौशालाओं, डेयरियों और संस्थागत इकाइयों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना हेतु राज्य सरकार दे रही 40 प्रतिशत की आर्थिक सहायता

**हिसार, 1 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ) :** जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सहयोग से बायोगैस उपयोग कार्यक्रम को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। नगराधीश हरिराम ने जानकारी देते हुए बताया कि बायोगैस एक स्वच्छ, प्रदूषण रहित, धुंआ रहित और किफायती ईंधन है, जो 55 से 70 प्रतिशत मीथेन गैस से भरपूर होता है। इसे गोबर गैस संयंत्र के माध्यम से पशुओं के गोबर और जैविक पदार्थों से उत्पन्न किया जाता है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं, डेयरियों और संस्थागत इकाइयों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार 40 प्रतिशत की आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अंतर्गत 25 से 85 घन मीटर क्षमता वाले संयंत्रों के लिए 1.27 लाख से लेकर 3.95 लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है। पशु अपशिष्ट से उत्पादित बायोगैस का उपयोग करके 3 किलोवाट से लेकर 250 किलोवाट तक की विद्युत उत्पादन क्षमता वाले संयंत्रों पर केंद्र सरकार द्वारा 15 हजार से 40 हजार प्रति किलोवाट तक की सब्सिडी दी जाती है।

इच्छुक लाभार्थियों को जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र के साथ आवेदन करना होगा। संयंत्र की स्थापना ड्राइंग के अनुसार लाभार्थी द्वारा की जाएगी। परियोजना को छह माह के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है। आवेदन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे, परंतु गौशालाओं व धार्मिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। परियोजना की गारंटी के लिए 25 से 45 क्यूबिक मीटर संयंत्र के लिए 30 हजार एवं 60 से 85 क्यूबिक मीटर संयंत्र के लिए 50 हजार सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी, जो कार्य पूर्ण होने पर वापस की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में भागीदार बनें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्राम स्वराज की दिशा में भी सशक्त योगदान दें।

# एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान का किया गया शुभारंभ : डॉ मनीषा सिंह

**पिहोवा, 1 जुलाई ( विवेक ) :** प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीषा सिंह की अध्यक्षता में एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मंगलवार 1 जूलाई से एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत हो गई। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनीमिया यानी खून की कमी से पीड़ित लोगों की पहचान कर उन्हें आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी।




यह अभियान एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान करीब बड़ी संख्या में लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एनीमिया की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में जांच, उपचार, संवाद, पुन: खोज और लक्षित हस्तक्षेप (टारगेट) पर केंद्रित होंगी। इस दौरान जिनमें 11 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन पाया जाएगा, उन्हें खून बढ़ाने की गोलियां दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों की भी जांच की जाएगी और जरूरत होने पर उन्हें दवा दी जाएगी। मनीष सिह ने बताया कि अभियान के तहत लोगों को एनीमिया के लक्षण, बचाव और इलाज के प्रति जागरूक भी किया जाएगा और कम हीमोग्लोबिन वाले मरीजों को हरी पत्तेदार सब्जियां, चुकंदर, गुड़, अनार, खजूर आदि आयरन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करना चाहिए। साथ ही चाय व कॉफी जैसे पेय पदार्थों को भोजन के तुरंत बाद लेने से परहेज करना चाहिए क्योंकि ये आयरन के अवशोषण में बाधक होते हैं।

गहनता से जानकारी देते हुए कहा कि इस मे छह माह से पांच वर्ष, छह से नौ वर्ष, दस से उन्नीस वर्ष तक के बच्चे और बीस से चौबीस वर्ष की सभी वयस्क महिलाएं और सभी गर्भवती महिलाएं तथा सभी आयु वर्ग के महिलाओं और पुरुषों के हिमोग्लोबिन की जांच की जाएगी व एनीमिया पाए जाने पर आयु वर्ग के अनुसार दवाई उपलब्ध करवाई जाएगी।

एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर भी शुरू कर दिया गया है। इस कार्य में एएनएम और आशा वर्कर रक्त जांच और फॉलो अप के लिए घर घर पर विजिट करेंगी।

# मनिंद्र पुनिया बने युवा इनेलो के करनाल जिला अध्यक्ष

**करनाल, 1 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने हरियाणा के सभी जिलों में युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिए हैं। करनाल में एडवोकेट मनिंद्र सिंह पुनिया को दोबारा युवा जिला प्रधान बनाया गया है। उनकी कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेवारी सौंपी गई। बता दें कि मनिंद्र सिंह



इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल पूनिया के सुपुत्र हैं। अपनी नियुक्ति पर मनिंद्र पुनिया ने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा व युवा प्रदेश अध्यक्ष कर्ण चौटाला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस यकीन के साथ उन्हें दोबारा जिला प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरेंगे। इनेलो की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी संगठन के साथ जोड़ेंगे। मनिंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ हमेशा धोखा किया है। युवाओं के साथ छल किया है। रोजगार देने की बजाए रोजगार छीनने का काम किया जा रहा है। कभी परीक्षा से पहले पेपर लीक हो जाते हैं। कभी परीक्षा रद्द कर दी जाती है और अगर परीक्षा हो जाए तो भर्ती के समय साजिश रच कर भर्तियां रद्द कर दी जाती हैं। युवा इनेलो हरियाणा में बेरोजगारी के मुद्दे पर आंदोलन करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में प्रदेश की जनता की आवाज उठाई जाएगी।

# ललित कुमार भम्भरेहड़ी को सहकारी परिवहन समिति करनाल का सर्व सम्मति से प्रधान चुनाव



**मूनक, 1 जुलाई ( जय भगवान ) :** सहकारी परिवहन समिति व निजी संचालक की एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कमेटी के पदाधिकारी को सर्वसम्मति से चुनने का निर्णय लिया गया। जिसमें नई कार्यकारणी का गठन किया गया।

जिससे सभी के निर्णय से प्रधान ललित कुमार, उप प्रधान विजय ठाकुर, कैसियर सोनू राणा,,सैक्टरी इंद्रजीत अरोड़ा, अध्यक्ष संजीव कुमार को चुना गया। प्रधान ललित कुमार भम्भरेहड़ी ने कहा कि मैं सभी का आभार का प्रकट करता हूं व अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहूंगा। जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसको बिना भेदभाव से निभाने का कार्य करूंगा। हमारे कार्य में आने वाली कठिनाइयों को सब मिलजुल कर दूर करने का काम करेंगे।

# सर्वे में भेदभाव मिला तो पूरी टीम पर होगी कार्रवाई : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आवास प्लस योजना के तहत हुए सर्वे में किसी भी प्रकार का भेदभाव हुआ तो सर्वे करने वाले पूरी टीम पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों की हर हरकत को सहन नहीं किया जाएगा। सरकार ने जरूरतमंद नागरिकों को लाभ देने के लिए इस योजना को लागू किया है, इसके बावजूद व्यक्ति कारणों से किसी के साथ भी भेदभाव करके लाभ से वंचित रखना सरासर गलत है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो परिवार किसी कारणवश सर्वे से वंचित रह गए, उनका स्पेशल निरीक्षण करवाया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार देर रात गांव सुनहेडी खासला में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रही थीं। उन्होंने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव के 67 परिवार आवास प्लस योजना के लिए हुए सर्वे में पात्र मिले हैं।

इस सूची को केन्द्रीय मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद पात्रों को आवास तैयार करने की नियमानुसार राशि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 की आवास योजना के तहत सुनहेडी खालसा के 5 परिवारों को योग्य पाए जाने पर लाभ दिया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह को ग्रामीण नसीब सिंह ने कहा कि उसके कुनबा के 150 लोगों ने कई बार आवास के लिए आवेदन किया है, लेकिन गांव की राजनीति के चलते अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता है।

उन्होंने गुहार लगाई कि आवास योजना जैसी सभी योजनाओं का सर्वे करवाकर उन्हें भी योग्य मानते हुए लाभ दिया जाए। उपायुक्त को ग्रामीण सुमन देवी ने कहा कि परिवार की स्थिति को देखते हुए आवास योजना का लाभ दिया जाए। उसकी बेटी को कुछ नहीं पहले ही नौकरी मिली है, जो शादी के बाद अगले घर चली जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मौजूदा स्थिति के चलते उसको आवास योजना का लाभ देते हुए पात्र घोषित किया जाए।

शिकायतकर्ता रीना देवी, कस्तूरी देवी, कमलेश रानी, अंजली देवी, केला देवी, संतोष देवी, जसमेर ने आवास योजना का लाभ दिए जाने के लिए शिकायत दी। उपायुक्त नेहा सिंह ने सुनीता देवी की शिकायत पर ग्राम सचिव को निर्देश दिए कि वो 3 दिन में लोकेशन पर जाकर निर्माण की जियो टेगिंग करके सबमिट कर, ताकि आवेदक को आवास योजना की तीसरी किस्त जारी की जा सके।

# पानी निकासी ना होने के कारण आमजन का नुकसान हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी की खैर नहीं : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पानी निकासी ना होने के कारण किसी भी व्यक्ति का नुकसान हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और उस अधिकारी की रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी जाएगी। इस सीजन में पानी की निकासी और बाढ़ राहत से सम्बन्धित चल रहे कार्यों को पूरा करने के उपरांत 2 दिन के अंदर रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही 7 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र भी सौंपना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में बरसाती पानी की निकासी को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, एनएएचआई, मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंताओं से पानी निकासी को लेकर अभी तक किए गए कार्यों की फीडबैक ली और कहा कि सभी विभागों से सम्बन्धित पानी की निकासी ना होने की शिकायतें लगातार मिल रही है। उन्होंने कहा कि गांव खानपुर कोलिया, कनीपला, मसाना, कसेरला, मोहड़ी, ठोल, जंदहेडी, हरमन सिटी के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों से बरसाती पानी की निकासी ना होने की शिकायतें मिल रही है। इन सभी शिकायतों का समाधान करने के लिए सम्बन्धित क्षेत्र के



एसडीएम और अधिकारी मौके का मुआयना करेंगे और पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ड्रेनों, पुलियों के नीचे के सफाई तुरंत करवाना सुनिश्चित करेंगे और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे। सभी अधिकारी इस विषय को गंभीरता के साथ लेंगे ओर फील्ड में रहकर हर प्रकार की स्थिति पर निगरानी रखेंगे। अगर किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सम्बन्धित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस जिले में अधिकारियों की लापरवाही से पानी की निकासी नहीं हुई तो उस अधिकारी की रिपोर्ट सम्बन्धित विभाग के एसीएस को व्यक्तिगत रूप से भेजी जाएगी। उपायुक्त ने एसडीएम को सख्त आदेश दिए कि एसडीएम एक-एक कार्य को चैक करेंगे और नियमित रूप से रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बीडीपीओ अपने-अपने अधीनस्थ गांवों का दौरा करेंगे और जिस भी गांव में पानी की निकासी नहीं हो रही उस गांव में पानी की निकासी करवाने के प्रबंध करेंगे। सभी अधिकारी एक-एक गांव और एक वार्ड में जाकर पानी निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस विषय को लेकर मुख्यालय के साथ-साथ स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संज्ञान ले रहे है। इसके साथ ही सम्बन्धित विभागों के अधिकारी वाटर रिचार्जिंग प्रोजैक्ट को भी दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, डीएसपी रोहताश, डीआरओ चेतना चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# जैविक खाद्य से जमीन की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने लॉन्च की योजना

**सोनीपत, 1 जुलाई ( विनोद ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि फसलों में यूरिया व दवाइयां के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की घटती उर्वरक शक्ति और बिगड़ती सेहत को बनाए रखने के लिए हरियाणा सरकार ने फसलों में जैविक खाद के इस्तेमाल करने की योजना लागू की है। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों को ट्रायल के तौर पर चिन्हित किया गया है। इनमें से सोनीपत जिले में राई ब्लॉक के गांव गढ़ मीरकपुर में स्थित सीबीजी प्लांट एल आर एनर्जी को ट्रायल के लिए चुना गया है। प्लांट के नजदीकी गांवों में 125 एकड़ में जैविक खाद का प्रयोग करके जमीन की सेहत को परखा जाएगा। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने राई खंड के कृषि कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि क्षेत्र के कुछ जागरूक किसानों को चिन्हित करके इस योजना में शामिल करें। उन्होंने बताया कि गोबर गैस प्लांट से गोबर का प्रयोग करने के बाद जो खाद निकलती है। कृषि विभाग जिन किसानों को जैविक खाद फ्री वितरित करेगा। उन्होंने बताया कि जिस खेत में यह जैविक खाद डाला जाएगा उस खेत की मिट्टी की जांच के लिए सैंपल लिए जाएंगे और इस खाद के प्रयोग करने के 6 महीने बाद फिर उस जमीन का सैंपल लिया जाएगा। इससे विभाग यह देखेगा की इस जैविक खाद्य के प्रयोग से जमीन की उर्वरक शक्ति वह फसल के गुणवत्ता में कितना सुधार हुआ है। इस जैविक खाद के प्रयोग से जमीन की सेहत व पैदावार में अगर सुधार पाया गया तो गेहूं की फसल में जैविक खाद के प्रयोग का दायरा और बढ़ा दिया जाएगा। बैठक में खंड कृषि अधिकारी अमरजीत, कृषि विकास अधिकारी दिनेश व जेई संदीप मौजूद रहे ।

1 केएनएल 06


# जैविक खाद्य से जमीन की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने लॉन्च की योजना

**सोनीपत, 1 जुलाई ( विनोद ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि फसलों में यूरिया व दवाइयां के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की घटती उर्वरक शक्ति और बिगड़ती सेहत को बनाए रखने के लिए हरियाणा सरकार ने फसलों में जैविक खाद के इस्तेमाल करने की योजना लागू की है। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों को ट्रायल के तौर पर चिन्हित किया गया है। इनमें से सोनीपत जिले में राई ब्लॉक के गांव गढ़ मीरकपुर में स्थित सीबीजी प्लांट एल आर एनर्जी को ट्रायल के लिए चुना गया है। प्लांट के नजदीकी गांवों में 125 एकड़ में जैविक खाद का प्रयोग करके जमीन की सेहत को परखा जाएगा। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने राई खंड के कृषि कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि क्षेत्र के कुछ जागरूक किसानों को चिन्हित करके इस योजना में शामिल करें। उन्होंने बताया कि गोबर गैस प्लांट से गोबर का प्रयोग करने के बाद जो खाद निकलती है। कृषि विभाग जिन किसानों को जैविक खाद फ्री वितरित करेगा। उन्होंने बताया कि जिस खेत में यह जैविक खाद डाला जाएगा उस खेत की मिट्टी की जांच के लिए सैंपल लिए जाएंगे और इस खाद के प्रयोग करने के 6 महीने बाद फिर उस जमीन का सैंपल लिया जाएगा। इससे विभाग यह देखेगा की इस जैविक खाद्य के प्रयोग से जमीन की उर्वरक शक्ति वह फसल के गुणवत्ता में कितना सुधार हुआ है। इस जैविक खाद के प्रयोग से जमीन की सेहत व पैदावार में अगर सुधार पाया गया तो गेहूं की फसल में जैविक खाद के प्रयोग का दायरा और बढ़ा दिया जाएगा। बैठक में खंड कृषि अधिकारी अमरजीत, कृषि विकास अधिकारी दिनेश व जेई संदीप मौजूद रहे ।




# रोटरी क्लब ने मरीजों में वितरित किए फल

**शाहाबाद मारकंडा, 1 जुलाई ( रूबी ) :** मंगलवार को रोटरी क्लब द्वारा डॉक्टर्स-डे एवं अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकल्पों का आयोजन किया गया। क्लब के नवनियुक्त प्रधान डा. आरएस घुम्मन ने बताया कि सर्वप्रथम सत्र की शुरूआत श्रीमद् देवी शाकुम्भरी मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि हवन उपरांत जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। डा. घुम्मन ने बताया कि इसी उपलक्ष्य में क्लब के सदस्यों द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में भी मरीजों को फल वितरित किए गए। सिद्धार्थ अस्पताल के संचालक डा. दीपक शर्मा ने क्लब के प्रधान डा. आरएस घुम्मन का आभार व्यक्त किया। डा. दीपक शर्मा ने कहा कि



रोटरी क्लब निरंतर समाजसेवा के कार्यो में अग्रणी रहता है। डा. आरएस घुम्मन ने कहा कि उन्हें एक बार फिर क्लब का प्रधान नियुक्त किया गया है, और वह अपने पद का निष्ठा से निर्वहन करते हुए और अधिक प्रोजैक्ट करने और जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करने का प्रयास करेगें। इस मौके पर एसिसेंट गवर्नर डा. एसएस आहुजा, राज कुमार गर्ग, एससी सिंगला, वीरेंन्द्र ठुकराल, डा. सतीश गर्ग, अधिवक्ता आरडी गुप्ता, एसएस खुराना, सुरेन्द्र जैन, डा. पीयूष अग्रवाल, दीपक कक्कड़, हिमांशु अरोड़ा, संजीव कालड़ा, कुलदीप गुप्ता, महेश गोयल, विक्रम गुप्ता, सुरेश गोगिया, नवीन शर्मा, दीपक गांधी, डा. उपासना आहुजा, संदीप ऋषि, रेनू वधवा, प्रवेश गुप्ता, सविता गुप्ता, अल्का अग्रवाल मौजूद थे।

# 77वें सीए दिवस पर मैराथन, पौधारोपण व रक्तदान करके धूमधाम से मनाया सीए कर्तव्य उत्सव

**हिसार, 1 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** 77वें सीए दिवस पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा धूमधाम से सीए कर्तव्य उत्सव मनाया गया। यह उत्सव मनाते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व विभिन्न उपक्रमों से जुड़े प्रतिनिधियों ने सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सीए देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्र निर्माण में सीए का विशेष योगदान है। उन्होंने बताया कि सीए दिवस पर आयोजित किए गए सीए कर्तव्य उत्सव में सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। सीए अमन बंसल ने बताया कि स्वास्थ्य सरोकार की अलख जगाते हुए प्रात: मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन में सबसे पहले पहुंचने वाले 100 प्रतिभागियों को कवरयू कंपनी की तरफ से टी-शर्ट उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इसके उपरांत ध्वजारोहण करके देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई गई। सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ और सर्वेश अस्पताल द्वारा निशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वार्षिक रिटर्न से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए



सेमिनार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, सचिव सीए मुकुल मित्तल, कोषाध्यक्ष सीए राजेश कुमार, हिसार एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज, कार्यकारी सदस्य सीए प्रतीक आर्य, कार्यकारी सदस्य सीए सुनील कुमार व एक्स ऑफिशियो मेंबर सीए रतन सिंह यादव सहित स्थानीय इकाई के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। इस उत्सव को सफल बनाने में जेएसएल फाउंडेशन, एसबीआई, कवरयू, टैली, सर्वेश हेल्थ सिटी, आदित्य बिरला कैपिटल, दि ब्रदर्स कैटरिंग व एसीईआर की विशेष भूमिका रही। सीए अमन बंसल ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच, द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के तत्वावधान में कार्य कर रही है। हिसार ब्रांच जहां चार्टर्ड अकाउंटेंट का भरपूर सहयोग करती है, वहीं सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इसके साथ ही विभिन्न उपक्रमों से जुड़े लोगों, व्यवसायियों, उद्यमियों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत लोगों को वित्तीय जानकारी भी उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्ण होने के पश्चात विद्यालय पहुंचे विद्यार्थियों का हुआ स्वागत




**रतिया, 1 जुलाई ( अमन सेठी ) :** मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया में आज ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्ण होने के पश्चात जैसे ही छात्र विद्यालय प्रांगण में पहुंचे विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय अध्यापक गणों के द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया। सभी कक्षाओं के छात्र जैसे ही कक्षा कक्ष में पहुंचे अध्यापकों ने गर्म जोशी के साथ अपने शिष्यों का स्वागत एक अंतराल बाद मिलने पर किया तथा बच्चों को पुष्प भेंट किए ङ्घ वहीं दूसरी तरफ छात्रों का स्वागत रंगों और रंगोलिया के साथ भी किया गया। विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना ने बताया कि अवकाश उपरांत छात्र जब फिर से कक्षा कक्ष तक पहुंचते है तब उनका स्वागत करना छात्रो मे शिक्षा के प्रति उत्साह को और अधिक मजबूत करता है जिससे वे फिर से उसी कड़ी से जुड़ जाते हैं जहां वे अवकाश उपरांत थे। प्राचार्य महोदय ने यह भी बताया कि विद्यालय, शिक्षक और छात्र एक जीवंत वातावरण में रहकर उम्दा शिक्षण उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं, इसलिए शिक्षक और छात्र के बीच एक बेहतरीन तथा भावनात्मक वातावरण होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक वसंतलाल बत्रा के द्वारा की गई तथा विद्यालय चेयरपर्सन कनुप्रिया खुराना और उप प्राचार्य साक्षी बत्रा ने भी छात्रों को पुष्प भेंट करके उनका विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन दो चरणों में होगा

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि खेल विभाग की तरफ से इस वर्ष राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 लडक़े व लड़कियों का आयोजन दो चरणों में करवाया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण की प्रतियोगिताएं 11 से 13 जुलाई और दूसरे चरण की प्रतियोगिताएं 15 से 17 जुलाई तक विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएंगी।

इन प्रतियोगिताओं के लिए जिला कुरुक्षेत्र की टीमों को चयन ट्रैक 3 व 4 जुलाई को रखा गया है। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई को बैडमिंटन का चयन द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 10 बजे, क्रिकेट का चयन द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, क्याकिंग व क्रॉइडिंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, फेंसिंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, जूड़ो का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियमें सुबह 8:30 बजे, कबड्डी का ट्रायल द्रोणाचार्य को ट्रायल सुबह 8 बजे, नेटबॉल का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियमें में सुबह 9 बजे, शूटिंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियमें में सुबह 9 बजे, टेबल टेनिस का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियमें में सुबह 9 बजे, वेट लिफ्टिंग का ट्रायल धनोरा जाटान स्टेडियमें में सुबह 10 बजे होगा। डीएसओ ने कहा कि 4 जुलाई



को आरची का ट्रायल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में सुबह 9 बजे, एथलेटिकस का चयन द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 7 बजे, बाक्सिंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 7 बजे, बास्केटबाल का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, साइकिलंग का ट्रायल कुरुक्षेत्र से पिहोवा रोड पर सुबह 6 बजे, फुटबॉल लडक़ों का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सायं 3 बजे, फुटबाल लड़कियों का ट्रायल आर्य गर्ल्स स्कूल शाहाबाद में सायं 3 बजे, जिम्नास्टिक का ट्रायल द्रोणाचार्य में सुबह 9 बजे, हॉकी का ट्रायल शाहाबाद स्टेडियम में सुबह 9 बजे, हैंडबॉल का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे, खो-खो का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, रोइंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे, टेनिस का ट्रायल सेक्टर-7 जिमखाना क्लब सुबह 9 बजे, स्विमिंग का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 10 बजे, रेसलिंग लडक़ों का ट्रायल उमरी में सुबह 9 बजे, रेसलिंग लड़कियों का ट्रायल गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सायं 4 बजे, वालीबॉल का ट्रायल द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 9 बजे होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र मूल रूप व छाया प्रति और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं।

# बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विशेष तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**करनाल, 1 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान में सिस्को नेटवर्किंग एकेडमी के सहयोग से कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) और सीएचएनएम (कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग मेंटेनेंस) ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को नेटवर्किंग बेसिक्स, इंट्रोडक्शन टू साइबर सिक्योरिटी एवं पाइथन प्रोग्रामिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा सरकार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया था जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल युग की मांग के अनुसार तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण लेने के बाद विद्यार्थियों को सफलता पूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगे भी तकनीकी क्षेत्र में निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि उन्हें भविष्य के डिजिटल भारत निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने की प्रेरणा भी प्रदान की।

इस अवसर पर कोपा ट्रेड के प्रशिक्षक पवन, हिमानी तथा सीएचएनएम ट्रेड के प्रशिक्षक राहुल उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओं अभियान के तहत मॉडल टाऊन राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों व डेहा बस्ती के नागरिकों को किया जागरूक : डा. वैशाली शर्मा

**करनाल, 1 जुलाई ( रविन्द्र मलिक ) :** केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मामले मंत्रालय के जारी निर्देशों की पालना में नगर निगम करनाल क्षेत्र में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओं अभियान की शुरूआत कर दी गई है। यह अभियान मंगलवार से शुरू होकर आगामी 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शहरवासियों को साफ हाथ, साफ-सुथरा घर, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ मौहल्ला, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल और स्वच्छ नालियां और जल स्त्रोत के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि हम स्वच्छ एवं स्वस्थ



करनाल के लक्ष्य को हासिल कर सकें। मंगलवार को की गई गतिविधि की जानकारी देते उन्होंने बताया कि निगम की स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम के ट्रीगर मास्टर व मोटीवेटरों ने मॉडल टाऊन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा मंगल कॉलोनी स्थित डेहा बस्ती में जाकर लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त सम्बंधित बीट के दरौगा व सुपरवाईजर ने घर-घर जाकर कूलर व नालियों की साफ-सफाई चेक की। ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियों व डेहा बस्ती निवासियों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के उपाय व मच्छरों को पनपने से रोकने सम्बंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी छत, कूलर व घरों के आगे से निकल रही नालियों में पानी जमा न होने दें। इनकी नियमित सफाई करते रहें, ताकि इन मच्छरों का लारवा न बन सके। डेंगू व मलेरियों मच्छरों को मारने के लिए नागरिक नजदीकी चिकित्सा केन्द्र से दवा भी ले सकते हैं। इस दवा का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए। नागरिक पीने के पानी में इस दवा का छिडक़ाव न करें। बच्चे व बड़े हाथों को नियमित धोते रहे। घर व शौचालय की साफ-सफाई रखें। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न गिराएं। सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र करें। स्वच्छता संबंधी शिकायत करने के लिए नागरिक स्वच्छता एप का प्रयोग करें, ताकि उनका निवारण करवाया जा सके। इस दौरान कष्ठ निवारण समीति के सदस्य एवं डेहा बंगाली समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष गोपी घारू, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, अध्यापक जयवीर ढाकलां, डेहा बस्ती से बबन कंडारा, विनोद घारू, रिंकू मराड, चन्दन सारसर तथा मोटीवेटर कुलदीप, महेन्द्र व दीपमाला मौजूद रहे।

# 31 जुलाई तक मनाया जा रहा सुरक्षित जननी माह : डॉ. पूनम चौधरी

**करनाल, 1 जुलाई ( रविन्द्र मलिक ) :** सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर 1 से 31 जुलाई तक सुरक्षित जननी माह का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, विशेषकर ज्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, जांच, परामर्श एवं उचित उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि आज आयोजित कार्यक्रम में जिला की 680 गर्भवती महिलाओं का चेकअप किया गया जिसमें से 98 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पर पाई गईं और 11 गर्भवती महिलाओं को रेफर किया गया।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि सुरक्षित जननी माह रोस्टर अनुसार सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उपमंडल नागरिक अस्पतालों सहित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मनाया जा रहा है। इस दौरान सभी गर्भवती महिलाओं की एन्टे नेटल केयर जांच, रक्त जांच, अल्ट्रासाउंड, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन स्तर, वजन व शुगर की जांच की जा रही है। साथ ही जिन गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता है, उन्हें उच्च केन्द्रों पर रेफर कर उपचार दिया जाएगा। इस माह में सभी आशा कार्यकर्ता द्वारा गांव स्तर पर गर्भवती महिला को चिह्नित कर स्वास्थ्य संस्थाओं में लाने का कार्य करेंगीं।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए बढ़ायी गई आवेदन की अंतिम तिथि

**सोनीपत, 1 जुलाई ( विनोद ) :** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत के प्रिंसिपल अनिल सहरावत ने बताया की संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 3 जुलाई कर दी गई है। आवेदक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में 8 कोर्स में 630 सीटें है। उन्होंने बताया की संस्थान के द्वारा आवेदन के फार्म के साथ सत्यापन का कार्य भी शुरू हो गया है। अब तक डिप्लोमा इंजीनियरिंग में 580 व लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिले के लिए 180 आवेदन हो चुके है। प्रिंसिपल ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग की मेरिट लिस्ट 8 जुलाई व लेटरल एंट्री स्कीम की मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को जारी होगी। आवेदन के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1000 रूपये पंजीकरण शुल्क ( गैर वापसी) व अन्य वर्ग एवं महिलाओं के लिए 700 रूपये है।

## मन की बात कार्यक्रम में जिला यमुनानगर ने रचा इतिहास : राजेश सपरा



**यमुनानगर, 1 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश के नागरिकों के साथ संवाद करते हैं। भाजपा जिला यमुनानगर संगठन के सभी 979 बूथों मई माह व जून माह में मन की बात सभी 979 बूथों पर सुनी गई व सभी 979 बूथों पर इसको सरल पोर्टल पर अपलोड किया गया यह एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है जिला यमुना नगर के लिए, इसके लिए वह जिला यमुनानगर के सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का हार्दिक धन्यवाद करते हैं व सभी देवतुल्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हैं। जून माह के आखिरी रविवार को उन्होंने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा की गरिमामय उपस्थिति में सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## सुरक्षा व निगरानी के लिए सरपंच ने सुनेहड़ी खालसा में लगवाए सीसीटीवी कैमरे

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** सरपंच सोनिया देवी ने कहा कि ग्राम पंचायत ने अपने कार्यकाल में अभी तक करीब 1.75 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाएं हैं। गांव की सुरक्षा व निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए गांव में रिचार्ज बोर लगाए गए। स्कूल, चौपालें, सामुदायिक केन्द्र, गली नालियों सहित स्वागत द्वार तैयार किया गया। गांवों में पंचायत ने कई प्रकार के विकास कार्यों को किया और आगे भी गांव के विकास कार्यों को गति से साथ करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर भवन के अधूरे कार्य को पूरा करवाया गया और मिट्टी डालकर लेवल किया गया। कश्यप चौपाल, वाल्मीकि चौपाल, अनुसूचित जाति चौपाल का निर्माण कार्य और मिट्टी का भरत करवाया गया। सामुदायिक केन्द्र पर पेंट करवाकर सौंदर्यकरण का कार्य किया गया। आंगनवाडी केन्द्र में फर्श डलवाया गया। राजकीय स्कूल के कमरों में खिड़कियां लगवाई और टाइलें लगवाई गई। उन्होंने कहा कि गांव में 4 गलियां का निर्माण, 3 नाले व नालियों का निर्माण करवाया गया। कॉलोनी की गलियों व अन्य कामों को पूरा करवाया गया। साथ ही कच्चे रास्ते को पक्का करवाया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में महिला की मौत

**सफीदों, 1 जुलाई ( एस.के. मित्तल ) :** उपमंडल के गांव पाजू कलां के पास खेत में जा रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। महिला की शव सड़क किनारे गड्ढे में मिला और उसके मुंह, सिर, टांगों पर चोट हुई लगी थी। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में पाजू कलां गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी शादी 2006 में खानपुर निवासी रीतू के साथ हुई थी। रविवार को वह अपने खेत में गया हुआ था। सायं को खेत से घर गया तो पता चला कि उसकी पत्नी रीतू खेत में ज्वार लेने गई है। इस पर वापिस खेत की तरफ जा रहा था। गांव के बस स्टॉप से कुछ दूरी पर सरपंच पवन कुमार और दूसरे लोग इकट्ठे हुए थे। उसने देखा तो सड़क किनारे गड्ढे में उसकी पत्नी रीतू की लाश पड़ी हुई थी। रीतू के सिर, हाथ, टांगों पर चोट लगी थी। किसी अज्ञात वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी पत्नी रीतू को सीधी टक्कर मार दी, जिसकी वजह से उसकी पत्नी की मौत हो गई। सफीदों सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अध्यापक ही कक्षा को दे सकता है सकारात्मक माहौल : एस.पी. मैहता



**तरावड़ी, 1 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल तरावड़ी में आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य रहे एस.पी. मेहता ने विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने अध्यापक वर्ग को प्रभावी शिक्षण के आवश्यक तत्वों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षक को कक्षा में पढ़ाई जाने वाले विषय के बारे में पूर्ण ज्ञान होना अति आवश्यक है। विषय रुचिकर बनाकर ही अध्यापक कक्षा को सकारात्मक माहौल दे सकता है। प्रत्येक छात्र को प्रायोगिक कार्य में शामिल करना आवश्यक है।

विषय के अध्ययन के उपरांत छात्रों से विषय सम्बंधित प्रतिक्रिया व समस्याएं लेना अति आवश्यक है। इन बातों को ध्यान में रखकर ही अध्यापक शिक्षण को प्रभावी बना सकता है। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने प्रश्न पत्र प्रारूप के आवश्यक निर्देश विषय पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र स्पष्ट संक्षिप्त और छात्रों के लिए समझने में आसान हो, ऐसा होना चाहिए। सभी प्रश्नों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए। ताकि छात्रों को पता हो कि उन्हें क्या करना है।

प्रश्नों को इस क्रम से व्यवस्थित करना चाहिए ताकि विद्यार्थी एक प्रश्न से दूसरे प्रश्न पर आसानी से जा सके। कार्यक्रम के अंत में निदेशक ने मुख्य अतिथि एस.पी. मेहता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# सुनहेड़ी खालसा में सोमवार से चलेगी रोडवेज की बस : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई करके आगे बढ़ने में यातायात सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। विद्यार्थियों को सुबह शिक्षण संस्थान में जाने और शाम को वापस गांव में आने के लिए रोडवेज बस सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। साथ ही गांव में ही नौकरियों की तैयारियों के लिए ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने आईटीआई की छात्राओं की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सुनहेड़ी खालसा से बस का संचालन करने के निर्देश दिए। रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह ने सोमवार से गांव में बस का सुबह व दोपहर को एक-एक चक्कर लगाने का आश्वासन दिया। इसके लिए समय गांव के सरपंच द्वारा निर्धारित करके भेजा जाए। वहीं छात्राओं की दूसरी शिकायत पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने निर्देश दिए कि गांव में शराब के ठेकों के पास बैठने वाले मनचलों के खिलाफ सख्ती की जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने सुजाता की शिकायत पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वो स्कूल में 600 वर्ग मीटर जगह ई-लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध करवाएं ताकि पंचायती राज विभाग द्वारा गांव में युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी को तैयार किया जा सके। उन्होंने बिजली विभाग को अनिल कुमार के नाम उसके पिता का बिजली मीटर ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। साथ ही आवेदक को ब्याज माफी योजना का लाभ भी दिया जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि जिस भी ग्रामीण की परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायत का यहां पर समाधान ना हो, वो कार्यालय में आकर शिकायत दे सकता है। उनकी शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए समाधान करवाया जाएगा।

**ग्रामीणों की मांग- बुजुर्गों को गांव में मिले बुढ़ापा पेंशन**

ग्रामीण प्रदीप ने प्रशासन से गुहार लगाई कि गांव के बुजुर्गों को गांव में ही बुढ़ापा पेंशन मिलनी चाहिए। उन्हें पेंशन निकलवाने के लिए गांव से बाहर दूसरी जगह जाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। गांव से शहर जाने वाले सड़क दोनों तरफ से खराब है। गांव के जोहड़ का सौंदर्यीकरण किया जाए। साथ ही गांव की बिजली सप्लाई को किसमच फीडर की बजाए दूसरे फीडर से जोड़ा जाए। गांव में बने पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की नियुक्त की जाए।

## ग्रीष्मकालीन शिविर-2025 समारोह का हुआ समापन : मंजू चौधरी



**करनाल, 1 जुलाई ( सुनील कुमार ) :** जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में जिला शाखा द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 2 से 30 जून किया गया। शिविर का समापन समारोह गत दिवस बाल देखभाल गृह एम.डी.डी.बाल भवन में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष उत्तम सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए आयोजित इस शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सिखाई गयी जिनमें जूडो-कराटे तथा नृत्य शामिल रहे, शिविर की सभी गतिविधियों में बच्चों ने आनंद उठाया। शिविर में बच्चों ने जो सीखा, उसका प्रदर्शन स्टेज पर किया। मंजू चौधरी ने बताया इस वर्ष यह शिविर विशेषकर बाल गृह के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य था कि बाल गृह के बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह सभी प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिल सके। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविर के माध्यम से बच्चे तनाव मुक्त हो कर अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी सुमन शर्मा ने बताया कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए जिला बाल कल्याण परिषद इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करती रहती हैं। उन्होंने अनुभवी ट्रेनरों द्वारा इतने कम समय में बच्चों को अच्छे से गतिविधियां सिखाने की सराहना की। इस मौके पर एम.डी.डी. बाल भवन के संस्थापक पी.आर. नाथ, प्रशिक्षक राजेश कुमार एवं पूनम तथा बाल भवन का स्टाफ उपस्थित रहा।

## डीसी ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर किया गांव और शहर का निरीक्षण



**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर गांवों और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नालों और रजवाहों की स्थिति को देखकर अधिकारियों को तुरंत सफाई करवाने के दिशा-निर्देश दिए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने मंगलवार को दोपहर बाद अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13, पिपली, गांव खानपुर कोलिया, मसाना, धंतौड़ी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां-जहां पुलियों के नीचे पानी की निकासी नहीं थी, घास के कारण पानी रूका हुआ था और सफाई ना होने के कारण बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी, विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जल्द से जल्द बरसाती पानी को लेकर आवश्यक प्रबंध किए जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फतेहगढ़ झरौली की मुख्य सडक़ की हालत बरसाती पानी के कारण खस्ता हो गई है, सडक़ को तुरंत दुरूस्त करने का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अधिकारी निरंतर बरसाती पानी की निकासी पर नजर बनाए रखें और निरंतर फील्ड में रहे तथा साथ ही एसडीएम कार्यालय व उपायुक्त कार्यालय निरंतर सम्पर्क में रहे और सभी आपसी तालमेल के साथ बरसाती पानी की निकासी को बनाए रखें। इस मौके पर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर, एनएचआई के अधिकारी भानू प्रताप, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चोर सब्जी विक्रेता का गल्ला उठाकर फरार, गल्ले में थी बीस हजार की नकदी

**नीलोखेड़ी, 1 जुलाई ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** चोरो के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने दिन दिहाड़े गुरु ब्रह्मानंद बहुतकनीकी संस्थान रोड पर एक सब्जी विक्रेता को अपना निशाना बनाया।

चोर दुकानदार का गल्ला उठा कर ले गए और दुकानदार को इसकी भनक तक नहीं लगी। गल्ले में बीस हजार रुपए की नकदी रखी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीस दिन में चोरी की यह तीसरी घटना है। तरुण पोलिटेक्निक रोड पर फल फ्रूट की फड़ी लगाता है। सोमवार को उसके पास एक ग्राहक आया और केले खरीद कर चला गया। ग्राहक के जाने के बाद तरुण गल्ले से उठ कर बकाया बचे केले रखने के लिए दूसरी तरफ गया तो इतने में उसका गल्ला गायब हो गया। तरुण ने पुलिस में रपट लिखा दी है। रपट के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

बीस दिन में चोरी की यह तीसरी घटना है। इससे पहले चोर किसान बस्ती रोड पर एके मेडिकल हाल का ताला तोड़ कर कर अढ़ाई लाख रुपए की नकदी चुरा ले गए थे। कुछ दिन की शांति के बाद चोरों ने बस स्टैंड रोड पर जुनेजा करियाना स्टोर को अपना निशाना बनाया था। चोर दुकान के पिछली तरफ का कुंडा तोड़ कर दुकान के अंदर घुस गए थे और लाखों रुपए की नकदी पर हाथ साफ करने के बाद रफुचक्कर हो गए थे। यह भी एक संयोग है कि आज पुलिस चौकी शिफ्ट हो कर शहर में आई है। दूसरा संयोग यह है कि शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने और आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर आज व्यापार मंडल का एक शिष्टमंडल थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज से मिला था।

## आपसी भाईचारे से समाज में आती है मजबूती : बचन सिंह आर्य



**सफीदों, 1 जुलाई( एस.के. मित्तल ) :** आपसी भाईचारे से समाज में मजबूती आती है। यह बात पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कही। वे नगर के आर्य सदन में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कार्यकर्त्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। अपने संबोधन में बचन सिंह आर्य ने कहा कि जातपात, धर्म व क्षेत्रवाद कहीं ना कहीं समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। हर किसी को इनसे ऊपर उठकर समाज व राष्ट्र के बारे में सोचना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा भलाई के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा समाज में कहीं ना कहीं गहरी जड़े जमा रहा है और युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं, जोकि एक चिंतनीय विषय है। नशे को समाज के समाप्त करना एक बड़ी चुनौती के समान है। नशे की गिरफ्त में आकर युवा असमय काल का ग्रास बन रहे हैं तथा परिवार तबाह हो रहे हैं। नशा न मिलने पर युवा खुदकुशी कर लेते हैं या कई दूसरी तरह के अपराधों में संलिप्त हो जाते हैं, फिर उनका दर्दनाक अंत हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज के नवनिर्माण में अपना सहयोग देना चाहिए। युवा अपना ध्यान पढ़ाई, खेलों, धर्म-ध्यान, योगा व स्वाध्याय में लगाएं। उन्होंने कहा कि सरकार नशाखोरी से निपटने के लिए भरकस प्रयास कर रही है। इस कार्य में आमजन को भी अपनी महती भूमिका निभानी होगी।

## ई-लाईब्रेरी में सुगम स्वच्छता टीम ने विद्यार्थियों को किया स्वच्छता के प्रति जागरुक

**तरावड़ी, 1 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** शहर की ई-लाईब्रेरी में सुगम स्वच्छता टीम ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। टीम से जुड़े स्वंयसेवकों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में संदेश दिया। इस दौरान ई-लाईब्रेरी में अपनी सेवाएं दे रहे मास्टर सतीश पंवार ने सुगम स्वच्छता टीम में शामिल सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया। सुपरवाईजर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को न केवल साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी सचेत किया गया। इस अवसर पर मास्टर सतीश पंवार, सुगम स्वच्छता टीम की तरफ से सिद्धार्थ कुमार, शोभा, शिवानी, दीपिका व सुषमा वालिया मौजूद रही। उन्होंने ई-लाईब्रेरी में आने वाले विद्यार्थियों को हाथ धोने, शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से हाथ धोने, कि हमें गीला और सुखा कचरा अलग-अलग डालना चाहिए।




सुपरवाइजर प्रवीण कुमार ने बताया कि गली-मोहल्ले में भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुगम स्वच्छता टीम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करना और स्वच्छ एवं सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। और अपने नाखूनों को साफ रखने जैसी आदतों के बारे में बताया। यही नही गीले और सूखे कचरे के निपटान के बारे में भी सचेत किया।

## आधार कार्ड निशुल्क अपडेट करवाएं 14 जून 2026 तक : उत्तम सिंह

**करनाल, 1 जुलाई ( सोनी दुआ ) :** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करने की तारीख को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब नागरिक 14 जून 2026 तक फ्री में आधार अपडेट कर सकते है। यह मुफ्त सेवा केवल माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को अपना डेमोग्राफिक डाटा, पता, डेट ऑफ बर्थ, मोबाइल नंबर आदि की जरूरत पड़ेगी। आधार अपडेट के लिए नाम, जन्मतिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। डेडलाइन खत्म होने के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 जून 2026 कर दिया गया है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है।

## अवतार सिंह जालखेड़ी युवा कांग्रेस के बाबैन ब्लॉक प्रधान नियुक्त




**बाबैन, 1 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रदेश में युवा कांग्रेस के संगठन का गठन कर दिया गया है। युवा नेता अवतार सिंह जालखेड़ी को युवा कांग्रेस का बाबैन ब्लॉक प्रधान नियुक्त किया गया है। युवा नेता अवतार सिंह ने उनकी नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक मेवा सिंह का आभार व्यक्त किया। युवा कांग्रेस के नवनियुत ब्लाक प्रधान अवतार सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस के द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही लाडवा हलके में युवा कांग्रेस का संगठन बनाया जाएगा व गांव-गांव जाकर युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

## समर कैंप में बच्चों ने लगाई नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट व मेहंदी की कक्षाएं

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला बाल कल्याण अधिकारी कुरुक्षेत्र गौरव रोहिल्ला ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के आदेशानुसार जून माह में चल रहे समर कैंप समापन किया गया। ये समर कैंप का आयोजन बाल भवन कुरुक्षेत्र व लाडवा में किया गया। इस समर कैंप में बच्चों के लिए नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट व मेहंदी की कक्षाएं लगाई गई। यह कक्षाएं 3 जून से लेकर 30 जून तक लगाई गई, इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागी बच्चों को कैंप के समापन पर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि समर कैंप के दौरान बच्चों बच्चों ने अनेक प्रकार के ड्राइंग पेंटिंग, कले व मेहंदी के विभिन्न प्रकार के डिजाइनों को सीखा। बाल भवन लाडवा में चल रहे समर कैंप का समापन समारोह आज लाडवा में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर परिषद के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सफीदो मण्डी डाकघर में मिलेगी आधार कार्ड संबंधी सुविधाएं



**सफीदों, 1 जुलाई ( एस.के. मित्तल ) :** सफीदों की पुरानी अनाज मण्डी स्थित डाकघर में अब लोगों को आधार कार्ड संबंधी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह जानकारी देते हुए पोस्ट मास्टर अजमेर सिंह ने बताया कि डाकघर में अब सरकार व विभाग के निर्देशानुसार आधार कार्ड से संबंधित सभी सेवाएं शुरू कर दी गई है। भारतीय डाक विभाग ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से यह सुविधा शुरू की गई है। कोई भी आमजन अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाना चाहता है तो उसका आधार कार्ड यहीं पर बनाया जाएगा। अब उसे कहीं ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। आधार कार्ड बनवाने वाले को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे। इसके अलावा आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, अन्य विवरण, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक (फिंगर प्रिंट्स, आईरिस स्कैन, फोटो) को भी यहां पर अपडेट करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व विभाग की यह एक अच्छी पहल है और इस सेवा का मंडी क्षेत्र के कई वार्ड के लोगों को बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस डाकघर में आकर आधार कार्ड संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

## हीमोफिलिया व थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित मरीजों को मिलेगी मासिक वित्तीय सहायता : डा. सुखबीर

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** सिविल सर्जन डा. सुखबीर ने कहा कि हीमोफिलिया व थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए मासिक वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। दोनों की बीमारी से ग्रसित मरीज को मासिक वित्तीय सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा रिकार्ड को प्रतिवर्ष प्रमाणित किया जाना निर्धारित है। इस योजना का लाभ लेने के लिए स्वावलंबन पोर्टल पर आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जिला नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में आईसीएचच सेंटर की व्यवस्था करवाई गई है, ताकि एक ही स्थान पर इन मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सकें। आईसीएचच सेंटर जिला नागरिक अस्पताल के बच्चों वाले विभाग में बनाया गया है। हीमोफिलिया व थैलिसिमिया मरीजों को सरकार द्वारा एंटी हीमोफिलिया फैक्टर इंजेक्शन, एंबुलेंस सेवाएं, ब्लड यूनिट की व्यवस्था की गई है।

# गुरुद्वारा शीश गंज साहिब तरावड़ी में कार सेवा के माध्यम से संगत को सौंपा निर्मित सराय और कार्यालय

## दर्शनी ड्योढ़ी का किया गया शिलान्यास





**करनाल, 1 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हरियाणा प्रदेश के ऐतिहासिक गुरुद्वारों की देखभाल बहुत ही सावधानी से की जा रही है। गुरु तेग बहादुर साहिब के पवित्र स्थान गुरुद्वारा शीश गंज साहिब, तरावड़ी, करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सिख संगत द्वारा जत्थेदार बाबा बचन सिंह जी के सहयोग से कार सेवा दिल्ली वाले जत्थेदार बाबा जोगा सिंह जी द्वारा तैयार की गई सराय व कार्यालय को आज सिख संगत को सौंप दिया गया तथा नई दर्शनी ड्योढ़ी का शिलान्यास किया गया। इस समय सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरदेव सिंह कुहारड़ा ने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए अनेक प्रकार के कीर्तन किए। धर्म प्रचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध सिख प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कार सेवा में महापुरुषों द्वारा की जा रही सेवाओं का उल्लेख किया तथा सिख संगत से तन, मन, धन से उनका सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमेशा मानवता की भलाई का संदेश दिया हैं। समारोह को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगदीश सिंह झिंडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह रामसर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरबीर सिंह तलाकौर, लंगर खरीद विंग के चेयरमैन सरदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी ने भी संबोधित किया। बाबा गुलाब सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर बाबा दिलबाग सिंह कार सेवा आनंदपुर साहिब, संत महेश मुनि कुरूक्षेत्र, बाबा बलदेव सिंह मुक्तसर साहिब, वरिष्ठ सदस्य सरदार राजिंदर सिंह बराड़ा चेयरमैन एनआरआई विंग, जत्थेदार बलदेव सिंह हाबड़ी चेयरमैन कर्मचारी कल्याण विंग, चेयरमैन गुलाब सिंह मूनक पूर्व उप सचिव, सरपंच भूपेन्द्र सिंह लाडी सौंकड़ा, प्रबंधक प्रीतम मीठ रुखशान, ज्ञानी सूबा सिंह तरावड़ी प्रभारी धर्म प्रचार उप कार्यालय जींद, मुख्य ग्रंथी भाई गुरप्रीत सिंह, कथावाचक भाई परगट सिंह इस समय गौरगढ़, ज्ञानी अमृतपाल सिंह मंजी साहिब, ज्ञानी गुरविंदर सिंह रत्तक भी उपस्थित थे। गुरु का लंगर पूरे दिल से परोसा गया। अंत में सभी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# प्रत्येक सोमवार और वीरवार को लगाए जा रहे हैं समाधान शिविर : उत्तम सिंह

*तय समय सीमा के अंदर किया जा रहा है समस्याओं का समाधान*

**करनाल, 1 जुलाई ( यशपाल कादियान ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई की जा रही है तथा समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में सुबह 10 बजे से 12 बजे आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है, इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों से संबंधित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर समीक्षा करते हैं और उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि तय समय सीमा के अंदर आमजन की समस्या का समाधान होना चाहिए।

# जलभराव के निपटान के लिए नगर निगम ने वार्ड वाइज बनाई टीमें

**यमुनानगर, 1 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** बारिश में निचले इलाकों में हुए जलभराव की निकासी के लिए नगर निगम 24 घंटे कार्यरत है। बारिश में हुए जलभराव की निकासी के लिए जहां दिनभर पंप के माध्यम से पानी निकाला गया, वहीं रातभर कर्मी पंप के माध्यम से निचले इलाकों से पानी निकालने में जुटे रहें। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी द्वारा अब जल निकासी के लिए वार्ड वाइज टीमें गठित की है। प्रत्येक टीम में कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक व बेलदार को शामिल किया गया है। यह टीम पंप के माध्यम से निचले इलाकों में भरे पानी की निकासी करेगी। निगम अभियंता राकेश जून को सभी 22 टीमों का नोडल अधिकारी बनाया गया है। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने टीमों का गठन करने के बाद सभी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए है, साथ ही अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए है। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि जिले में लगातार हो रही बारिश से नगर निगम क्षेत्र के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जहां से गंदे पानी की निकासी के लिए हमारी टीमें हर वार्ड में जुटी हुई है।

निचले इलाकों से नगर निगम की टीमें पंप के माध्यम से पानी सीवरेज व बड़े नालों में निकाल की निकासी कर रही है। बारिश के मौसम में सुचारू रूप से काम करने और रुके हुए पानी को निकालने के लिए प्रत्येक वार्ड में कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक व बेलदार की टीम गठित की गई है।

यह बारिश होने के बाद निचले इलाकों में भरे पानी को पंप के माध्यम से निकालने का कार्य करेगी। इसके अलावा कंट्रोल रूप से शहरी क्षेत्र में जलभराव होने की सूचना आने पर भी यह टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्य करेगी।

इसके अलावा यह टीम अपने क्षेत्र का दौरा करेंगी।

जहां जलभराव होगा, उसकी रिपोर्ट संबंधित निगम अभियंता को देगी। जिसके बाद मोटर पंप की व्यवस्था कर जलभराव की निकासी की जाएगी। पानी निकालने के दौरान संबंधित कनिष्ठ अभियंता व सफाई निरीक्षक मौके पर मौजूद रहेंगे। यदि कोई बेलदार संबंधित कनिष्ठ अभियंता को सूचित किए बिना जलभराव वाले स्थान पर उपस्थित नहीं होगा तो उसे अनुपस्थित माना जाएगा।

ऐसी स्थिति में उसके विरुद्ध हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि पंप में कोई दिक्कत आती है तो उसकी मरम्मत कराने की जिम्मेदारी निगम अभियंता राजेश शर्मा की होगी। निगम आयुक्त ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बारिश में जलभराव होने पर उसकी तुरंत निकासी कराए। इनके अलावा सभी सफाई निरीक्षक संबंधित वार्ड में सफाई व्यवस्था की भी देखरेख करेंगे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपने फसल के बीमा के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कुरूक्षेत्र उप निदेशक डा. कर्मचन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपने फसल के बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन करें।

उप निदेशक डा. कर्मचन्द ने मंगलवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 9वां क्रॉप इंश्योरेंस सप्ताह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शुरुआत की। इसकी समय अवधि 1-7 जुलाई तक है। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को अपनी फसल बीमित करवाने का अनुरोध किया ताकि फसल खराब होने पर किसानों को अपनी खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जा सके और सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल सकें। खरीफ सीजन 2025 के अंतर्गत आने वाली फसलों का बीमा किसान 31 जुलाई तक अपने बैंक में जाकर करवा सकते है और जो किसान बीमा नहीं करवाना चाहते, वह अंतिम तिथि से एक सप्ताह पहले अपने बैंक में लिखित में सूचित करेंगे अन्यथा बैंक द्वारा स्वत: ही बीमा काट लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कृषि रक्षक पोर्टल पर किसान अपनी खराब हुई फसल की सूचना 72 घंटे के अंदर दे सकता है। योजना के तहत 3 प्रकार के जोखिमों को कवर किया जाता है, जिसमें धान फसल में जलभराव लागू नहीं होगा, जबकि ओलावृष्टि, बादल फटना, आसमानी बिजली गिरने से प्राकृतिक आग के कारण खड़ी फसलों का नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर दिया जाएगा।

दूसरा फसल कटाई के बाद फसल सूखने के लिए पड़ी हो तो उस दौरान ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा या गैर मौसमी बरसात से नुकसान कवर किया जाता है।

इस मौके पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी कुरुक्षेत्र नीतू रॉय, सांख्यिकी सहायक गुलाब सिंह, परियोजना अधिकारी गर्व बठला, सर्वर पंकज कुमार विभिन्न खण्डों से किसान तथा बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि यशजीत सिंह उपस्थित रहे।

# नगरपालिका ने स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर चलाया सफाई अभियान



**नीलोखेड़ी, 1 जुलाई ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** नगर पालिका नीलोखेड़ी के सचिव अजीत कुमार व प्रधान सनमीत कौर आहूजा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर प्रेरकों द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अन्तर्गत बेसिक स्कूल नीलोखेड़ी में हाथ धोने का अभियान चलाया गया। प्रेरकों द्वारा बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले हाथ ज़रूर धोने चाहिए। विभिन्न प्रकार की बीमारियां हाथ न धोने की वजह से होती है। हाथ के नाखूनों में कीटाणु छिपे होते हैं। साबुन से हाथ धोने पर यह मर जाते हैं। साबुन से हाथ न धोने की सूरत में यह कीटाणु मुंह से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और मनुष्य अनेक बीमारियों की चपेट में आ जाता है। जिस तरह एक शिकारी अपने शिकार को बड़ी चतुराई से घेरता है। उसी तरह यह कीटाणु मनुष्य को बड़ी चालाकी से घेरना शुरू कर देते हैं। धीरे-धीरे मनुष्य को अनेक बीमारियां घेर लेती है। यह कीटाणु बहुत सूक्ष्म होते है जोकि देखने पर दिखाई नहीं देते। परन्तु मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। बच्चों व स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरकों ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया। स्कूल इंचार्ज राजकुमार और नरेंद्र कुमार ने भी बच्चों को स्वस्थ रहने के सुझाव दिए। नगरपालिका से प्रेरक नरेश कुमार व संगीता रानी ने गीला कचरा और सुखा कचरा अलग-अलग करने के लिए घर घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया। नगर पालिका से प्रेरकों सहित प्रधानमंत्री आवास योजना से स्पेशल एक्सपर्ट रिंकी कांगर, सफाई इंचार्ज राजबीर, तथा मुनीष कुमार मौजूद रहे।

# सेवा ही वैद्य का धर्म, समाज का पथ प्रदर्शक बने चिकित्सक : कुलपति प्रो.धीमान



**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान ( आयुर्वेदिक अस्पताल ) में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने चिकित्सकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर तनिष्क से फ्लोर मैनेजर अनिल वर्मा,अंकुर शर्मा व निखिल कुमार आयुष विश्वविद्यालय में चिकित्सक दिवस सेलिब्रेशन करने पहुंचे। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर,चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी व तनिष्क की टीम ने वैद्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर वैद्य राजामणि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि समाज को यह समझना होगा कि जो चिकित्सक दिन-रात दूसरों के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं,उनके भीतर भी संवेदनाएं, थकान और संघर्ष होते हैं। एक चिकित्सक का कार्य कभी सिर्फ दवा देना नहीं रहा। वह संवेदनशीलता,निष्ठा और सेवा भाव का प्रतीक होता है। जब आयुष पद्धति के वैद्य वैज्ञानिक सोच,नैतिक व्यवहार और जनहित के दृष्टिकोण से काम करते हैं,तब वे केवल शरीर नहीं,बल्कि पूरे समाज को स्वस्थ करते हैं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो.राजेंद्र चौधरी ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है, क्योंकि भगवान जन्म देता है, लेकिन डॉक्टर जान बचा रोगी को नया जीवन देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को ऐसा प्रशिक्षण दे रहा है जिससे वे भविष्य के उत्कृष्ट चिकित्सक और संवेदनशील नागरिक बन सकें।

**हमारा स्वास्थ्य,हमारी जिम्मेदारी : प्रो.धीमान**

आयुष विवि के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने वाले नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य,संयम और संतुलन का संदेश देने वाले मार्गदर्शक हैं। हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी है,इसलिए सभी को अपनी सेहत के प्रति सजग होना चाहिए और योग अपनाने के साथ-साथ अपनी जीवन शैली में सुधार करके हम स्वस्थ रह सकते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति जीवन के हर पहलू से जुड़ी है,इसलिए एक आयुर्वेदाचार्य को केवल औषधि तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज में आहार और व्यवहार का मार्गदर्शक भी बनना चाहिए।

# चिकित्सा को एक नोबल पेशे के रूप में जाना जाता है व समाज में भगवान का दर्जा : प्राचार्या रितु सिंह



**हांसी, 1 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ) :** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर सोमवार एस डी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शहर के प्रमुख डॉक्टर वीरेंद्र मोहन लीखा, अंकित मित्तल, हितांशी मित्तल, ओ.पी चराया, डॉक्टर उत्कर्ष मदान के साथ भेंट की व उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। एस.डी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र डॉ अंकित मित्तल से मिलकर बच्चों को विशेष खुशी का अनुभव हुआ व बच्चों ने संकल्प लिया कि वह भी भविष्य में उन्हीं की तरह एक सफल डॉक्टर बनेंगे। यह दिन चिकित्सकों के अथक प्रयासों निस्वार्थ समर्पण और समाज के प्रति उनके अमूल्य सेवाओं की सराहना करने का एक विशेष अवसर है चिकित्सा को एक नोबल पेशे के रूप में जाना जाता है और चिकित्सकों को समाज में भगवान का दर्जा दिया गया है।

इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया डॉक्टर खुद दूसरों की तकलीफों को दूर करके अक्सर अपनी भलाई को नजरअंदाज करते हैं। हमारा दायित्व बनता है कि हम भी डॉक्टर के मानसिक स्वास्थ्य और और उनके कल्याण के लिए जागरूकता बढ़ाएं और उन्हें जरूरी सहायता प्रदान करें। प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने समस्त चिकित्सा समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी व समाज के कल्याण के लिए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट व चिकित्सक दिवस पर लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा ने कई डॉक्टरों व सीए को किया सम्मानित



**हिसार, 1 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा की पीआरओ शिवानी देव ने बताया कि आज शिव पार्क, सेक्टर 13 में क्लब के तत्वाधान में एक कैम्प आयोजित किया गया। इस कैंप के अंतर्गत पौधारोपण, लैबोरेटरी द्वारा रियायती दरों पर चिकित्सा जांच शिविर के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस तथा चिकित्सक दिवस पर डॉक्टर तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया गया जिसमें शहर के जाने-माने अकाउंटेंट तथा डॉक्टर उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत पाल विशाल वडेरा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कैबिनेट कोषाध्यक्ष पवन सरदाना, रीजनल चेयरमैन प्रवीन नारंग, जोन चेयरमैन राजेश सरदाना, चीफ कोर्डीनेटर एच.आर. नारंग व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. मुनीष जुनेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। क्लब के नवनिर्वाचित प्रधान हरीश छाबड़ा ने बताया कि इस पूरे सप्ताह पर्यावरण की रक्षा हेतु क्लब द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। आने वाले महीनों में भी कई सारे प्रोजेक्ट लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा द्वारा लगाये जाने प्रस्तावित हैं। क्लब के नवनिर्वाचित प्रधान हरीश छाबड़ा, सचिव मनु गेरा बजाज व कोषाध्यक्ष अशोक नागपाल ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा पार्क में 50 पौधे लगाये। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य बीसी गोयल, राकेश ठकराल, दुनी चंद गोयल, राजेश बहार, महेश चौधरी, मनीष देव, अनिल खट्टर, मुकेश बजाज, सुरेंद्र बजाज, सरोज छाबड़ा, अनीता नागपाल, सुनील कक्कड़, रविंद्र सचदेवा, अशोक मेहता, सीमा मेहता, उर्मिल नारंग व महेश नारंग आदि उपस्थित रहे।

# मदनपुर के युवाओं को सांसद नवीन जिंदल ने दी क्रिकेट किट



**पिहोवा, 1 जुलाई ( विवेक ) :** गांव मदनपुर में सांसद नवीन जिंदल की ओर से युवाओं के लिए क्रिकेट किट भेजी गई। सांसद कार्यालय की ओर से जीत राम ने युवाओं को क्रिकेट किट देते हुए कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई हुई है। सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए सरपंच गुरलाल सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल खेलों के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग कर रहे हैं। खिलाड़ियों को खेल संबंधी सुविधाएं व युवाओं के लिए जिम की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सांसद खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानकर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। सांसद जिंदल की पहल युवाओं में खेल के प्रति जागरुकता और उत्साह बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत बन रही है। इस मौके पर साहब सिंह, अगमजोत, अरमान, प्रगट सिंह, गुरुदत्त, दीपक, लखविंदर, रणजोत सिंह, नवदीप सिंह, गुरु प्रताप पंच, अर्षदीप सिंह, मनदीप सिंह और रविंद्र सहित ग्राम वासियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

# रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने मनाया अन्नपूर्णा दिवस

## स्वाभिमान के साथ जीना सिखाना रोटरी का लक्ष्य : संजीव जिंदल



**लाडवा, 1 जुलाई ( रामगोपाल ) :** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया। प्रोजेक्ट चेयरमेन विनोद गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक किसी भी प्रधान का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक एक साल के लिए होता है जिसके तहत नया रोटरी सत्र, रोटरी अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब लाडवा की तरफ से भी इसके अंतर्गत बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया जिसमें उनके द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन कराया गया व वृद्धाश्रम के बाहर भंडारा लगाया गया। बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने तीनो क्लबों के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए वृद्धाश्रम में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। वृद्धाश्रम के आचार्य द्वारा तीनो क्लबों के प्रधानों से रोटरी नव सत्र प्रारम्भ होने पर पूजन कराया गया और क्लब के सदस्यों द्वारा बुजुर्गों को भोजन कराने के साथ साथ बुजुर्गों से उनकी जरूरतें पूछ कर उन्हें पूरी करने का आश्वासन दिया गया और साथ ही उनसे काफी तरह के विचार साँझा किये। रोटरी के नवनियुक्त प्रधान संजीव जिंदल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रोटरी का लक्ष्य केवल जरूरतमंद की जरुरत को पूरा करना नहीं वरन उन्हें स्वाभिमान के साथ जीना सिखाना भी है क्योंकि अगर इंसान का स्वाभिमान जिन्दा रहेगा तो ही कोई भी व्यक्ति इस समाज में जी सकता है और तरक्की कर सकता है। उन्होंने रोटरी द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया व हरसंभव सहयोग के लिए विश्वास दिलाया। इनरव्हील प्रधान मोनिका बंसल ने कहा कि सभी को बड़ों का आदर करना चाहिए ताकि उन्हें उनका आशीर्वाद मिल सके क्योंकि बड़ों के आशीर्वाद से बड़े से बड़े काम चुटकियों में हो जाते हैं। रोट्रैक्ट प्रधान गर्वित धवन ने बुजुर्गों से उनके परिवार को लेकर विचार सांझे किये। इस अवसर पर रोटरी सचिव दुर्गेश गोयल, रोट्रैक्ट सचिव वंश गर्ग, इनरव्हील सचिव रविन्दर कौर, अमित सिंघल, राकेश खुराना, रविकांत गिरधर, नरेंदर सिंघल, गुरप्रीत कौर, परमीत कौर देव, प्रोमिला कवात्रा, दीपिका गोयल, निर्मल खुराना, अंजलि गोयल, शुभम सिंघल व सुमित गोयल सहित तीनों क्लबों के अन्य सदस्य, वृद्धाश्रम के पदाधिकारी, कर्मचारी व बुजुर्ग उपस्थित थे।

# अंजीर को भिगोकर खाने से मिलते हैं अनेक फायदे

जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है। आयुर्वेद में अंजीर को गुणों का खजाना माना जाता है। अंजीर सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटीऑक सीडेंट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होता है। वहीं यह सभी पोषक तत्व बीमारियों से बचने में सहायता करता है। आयुर्वेद के हिसाब से भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से शरीर की गंदगी साफ होती है। कब्ज की समस्या से राहत मिलती है और एनर्जी बढ़ती है। वहीं रोजाना अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती है और स्किन में ग्लो भी आता है।



जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है। क्योंकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। जोकि हमारी हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**पाचन तंत्र में होगा सुधार**

अंजीर में मौजूद फाइबर और छोटे बीज आंतों की सफाई में सहायता करता है। इसको रातभर दूध में भिगाकर खाने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। अंजीर में मौजूद फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों के स्वस्थ काजकाम को बढ़ावा देता है।

**हड्डियां होंगी मजबूत**

दूध और अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाई जाती है। वहीं दूध में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियां मजबूत बनाता है। दूध और अंजीर का कॉम्बिनेशन ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करता है।

**हार्ट के लिए हेल्दी है अंजीर**

अंजीर में एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर मौजूद होता है, जोकि बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल करता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है।

**वेट लॉस में सहायक**

वेट लॉस में भी अंजीर आपकी मदद कर सकता है। इसमें फाइबर अधिक और कैलोरी कम मात्रा में पाया जाता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। अंजीर में मौजूद फाइबर पाचन में मदद करता है और पेट को भरा हुआ रखने में मदद करता है।

**मुंहासों को ठीक करने करें ये उपाय** -किशोरावस्था में कदम रखते ही हार्मोन में आये बदलावों के कारण कई प्रकार की समस्याएं भी आती हैं। इन्हीं में से एक है चेहरे पर होने वाले मुंहासे (एक्ने) ।एक्ने को आयुर्वेदिक उपचार से ठीक किया जा सकता है। दरअसल त्वचा के नीचे स्थित सिबेशस ग्लैंड्स से त्वचा को नम रखने के लिए एक तेल निकलता है। ये ग्रंथियां चेहरे, पीठ, छाती और कंधों पर सबसे ज्यादा होते हैं। अगर ये ज्यादा सक्रिय हो जाएं तो रोमछिद्र चिपचिपे होकर बंद हो जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं जो आगे चलकर एक्ने का कारण बनते हैं। सिबेशस ग्लैंड्स की अति सक्रियता की प्रमुख वजह एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता होती है। एंड्रोजन पुरुष सेक्स हार्मोन है और यह लड़के और लड़कियों दोनों में ही होता है। किशोरावस्था में इसका प्रभाव ज्यादा होता है। आइए हम आपको एक्नै के उपचार के लिए आयुर्वेद तरीकों के बारे में बताते हैं।

**एक्ने की समस्या**

कुछ लड़कियों को पीरियड्स से पहले बार-बार मुंहासे निकल आते हैं जो बिगड़कर एक्ने का रूप ले सकते हैं। ऐसा ओव्यूलेशन के बाद प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन के ज्यादा सिक्रीशन की वजह से भी होता है। इससे त्वचा पर छोटे-छोटे दानों के गुच्छे जैसे बन जाते हैं। इसी तरह सिबेशस ग्रंथियों से उत्पन्न सीबम त्वचा के पिगमेंट मिलकर रोमछिद्रों को ब्लॉक कर देता है तो ब्लैकहेड्स बनते हैं। अगर त्वचा की अंदरूनी परत में सीबम जमा हो जाता है तो व्हाइटहेड्स बनते हैं। कई बार ब्लैकहैड्स और व्हाइटहेड्स त्वचा के भीतर फैलने के बाद फूट जाते हैं, जिससे बाहरी त्वचा पर एक्ने और ज्यादा फैल सकता है।दरअसल टीनेज में हार्मोंस में लगातार बदलाव आते रहते हैं, नतीजन चेहरे पर दाग, धब्बे, मुंहासे और एक्ने की समस्या होने लगती हैं। एक्ने ऐसी समस्या है जो आमतौर पर टीनेज और युवावस्था में अधिक होती है। अगर आपके परिवार में पहले भी परिवार वालों को एक्ने रहे हैं यानी आपके मां या पिता को भी यह समस्या रही है तो भी आपको इससे बचाव के लिए तैयार रहना चाहिए। एक्ने त्वचा का एक विकार है। एक प्रकार से यह मुंहासों का ही बिगड़ा हुआ रूप है। गाय के ताजे दूध में चिरौंजी पीसकर इसका लेप बनाकर चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें। इससे एक्ने की समस्या से निजात मिलेगी।

चमेली के तेल को सुहागा में मिलाकर रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर मसलें। सुबह बेसन को पानी से गीला कर गाढ़ा-गाढ़ा चेहरे पर लगाकर मसलें और पानी से चेहरा धो डालें। इससे चेहरे पर होने वाली जलन पर बहुत आराम मिलेगा। मसूर की दाल 2 चम्मच लेकर बारीक पीस लें। इसमें थोड़ा सा दूध और घी मिलाकर फेंट लें और पतला-पतला लेप बना लें। इस लेप को मुंहासों पर लगाएं।

मुंहासों को दूर करने के लिए जायफल भी बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए साफ पत्थर पर पानी डालकर जायफल घिसकर लेप को कील-मुंहासों पर लगाएं।

# किसी अंग के जल जाने पर तुरंत असर करेंगे घरेलू उपाय

शरीर के किसी अंग का आग या ताप में जल जाना, बेहद तकलीफदेह होता है। कई बार खाना बनाते वक्त, गर्म पानी से या फिर बिजली के किसी उपकरण से जल जाने पर त्वचा पर फफोले हो जाते हैं, जो आपकी तकलीफ को कई गुना बढ़ा देते हैं। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय आपकी मदद कर सकते हैं। जब भी किसी कारण से त्वचा जल जाए, तो तुरंत उस पर ठंडा पानी डालें, ताकि फफोले ना पड़ सकें। इसके बाद भी आप जले हुए स्थान पर ठंडे पानी में कपड़ा भिगोकर लपेट दें, ताकि यह खतरा और भी कम हो जाए।



जलने पर एलोवेरा काफी फायदा पहुंचाता है। प्राथमिक उपचार के तौर पर इसका प्रयोग जले हुए स्थान पर किया जा सकता है। इसेक बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। पानी या दूध से घाव को धोने के बाद एलोवेरा को जले हुए स्थान पर लगाएं। जले हुए स्थान पर आलू या आलू का छिलका लगाकर रखने से भी जलन से राहत मिलेगी और ठंडक मिलेगी। इसके लिए आलू को दो भागों में काटकर उसे जख्म पर रखें। जलने के तुरंत बाद यह करना काफी फायदेमंद होगा। जले हुए स्थान पर तुरंत हल्दी का पानी लगाने से दर्द कम होता है और आराम मिलता है। इसलिए इसे प्राथमिक उपाचार के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है। शहद का प्रयोग भी जले हुए स्थान पर करने से लाभ होता है, क्योंकि यह एक अच्छा एंटीबायोटिक होता है। यह घाव के कीटाणुओं को खत्म करने में सहायक होता है। इसके लिए शहद को पट्टी पर लेकर पट्टी को घाव पर रख दें और इस पट्टी को दिन में दो से तीन बार जरूर बदलें।

जले हुए स्थान पर टी-बैग रखने से भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके लिए टी-बैग को फ्रि?ज या ठंडे पानी में कुछ देर रखने के बाद घाव पर लगाएं। इसमें टैनिक अम्ल होता है, जो घाव की गर्मी को कम की उसे ठीक करने में मदद करता है। जले हुए हिस्से पर तुलसी के पत्तों का रस लगाना भी बेहद असरकारक होता है। इससे हुए वाले भाग पर दाग बनने की संभावना कम होती है।


तिल का उपायोग भी जलने पर राहत पहुंचाने में सहायक है। तिल को पीसकर जले हुए स्थान पर लगाने से जलन और दर्द नहीं होगा। तिल लगाने से जलने वाले हिस्से पर से दाग-धब्बे भी समाप्त होते हैं।

जल जाने पर टूथपेस्ट भी एक कारगर उपचार है जिससे जलन तो कम होती ही है, साथ ही त्वचा पर फफोले भी नहीं पड़ते। इसलिए जलने पर कुछ उपलब्ध न हो तो तुरंत टूथपेस्ट लगा लिजिए।

जलने पर तुरंत पानी में नमक डालकर गाढ़ा घोल बनाएं, और प्रभावित स्थान पर लगाएं, इससे ठंडक भी मिलेगी और त्वचा फफोले भी नहीं पड़ेंगे। जले हुए स्थान पर तुरंत मीठा सोडा डालकर रगड़ने से भी फफोले नहीं पड़ते और बिल्कुल जलन नहीं होती।

## इन कारणों से बढ़ता है नसों में गंदा कोलेस्ट्रॉल

आजकल कोलेस्ट्रॉल बढ़ना एक आम समस्या बन गया है। खानपान से लेकर अनियमित लाइफस्टाइल तक ऐसी कई वजहें हैं, जो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का कारण बन सकती है। नसों में गंदे कोलेस्ट्रॉल के जमने का सीधा असर दिल पर होता है। जिसकी वजह से हार्ट अटैक आ सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा फैटी पदार्थ है, जोकि आपके खून में पाया जाता है। जहां पर गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर के कई फंक्शन्स के लिए जरूरी होता है। वहीं बैड कोलेस्ट्रॉल खून को जमाकर नसों को ब्लॉक कर देता है। जिसके कारण




हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल सिर्फ तले-भुने खाने से नहीं बल्कि अन्य कई चीजों से भी बढ़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि नसों में कई वजहों से गंदा कोलेस्ट्रॉल जमने लगता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो कई बार सही लाइफस्टाइल और डाइट के बाद भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। वहीं कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा महिलाओं में अधिक रहता है। खासकर मेनोपॉज के आसपास भी इसके बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। वहीं अगर आप सैचुरेटेड फैट्स और ट्रांस फैट्स से भरपूर डाइट लेती हैं, तो इससे भी आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वहीं हाई सैचुरेटेड डाइट लेना इसकी बड़ी वजह है। वहीं यदि आप एक्सरसाइज नहीं करते हैं और फिजिकल एक्टिविटी भी नहीं करते हैं। तब भी आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की एक वजह मोटापा भी है। अगर आपका वजन ज्यादा है तो भी शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के अधिक चांसेज होते हैं।

मोटापे के कारण शुगर, हाई बीपी और शुगर कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्या हो सकती है। यह दिन से जुड़ी बीमारियों की भी वजह बन सकता है। कई बार उम्र बढ़ने के साथ भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है। ऐसे में बढ़ती उम्र के साथ अपना ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का मुख्य कारण फैमिली हिस्ट्री भी हो सकता है। अगर फैमिली में किसी को यह समस्या रही है, तो आपको भी यह परेशानी हो सकती है। फैटी लिवर होने पर भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना अधिक रहती है।

# बेहतर शारीरिक विकास के लिए पर्याप्त प्रोटीन लेना जरुरी

शरीर के बेहतर विकास के लिए प्रोटीन का भरपूर मात्रा में सेवन करें। प्रोटीन की कमी से शरीर में कई प्रकार के रोग लग जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि शरीर के अच्छे विकास के लिए प्रोटीन के सेवन पर जरूर ध्यान देना चाहिए पर इसकी अधिकता भी नुकसान देह है, इसलिए सही मात्रा लेना जरुरी है।

प्रोटीन युक्त आहार का कितनी मात्रा में सेवन करना चाहिए, इसे जानने के कई तरीके हैं। आजकल फिटनेस एप्लिकेशन मौजूद हैं, जो आपको प्रोटीन के सेवन की मात्रा संबंधी जानकारी दे सकते हैं।

प्रोटीन का सेवन करने का संबंध स्वस्थ व संतुलित आहार के सेवन से हैं। आहार विशेषज्ञ का कहना है कि प्रोटीन एक बेहद जरूरी अवयव है, जिसका सेवन सभी के लिए जरूरी है, क्योंकि यह शरीर के उत्तकों की मरम्मत करने और उनका पुनर्निमाण करने में सहायक होता है, जबकि प्रोटीन का बहुत ज्यादा सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है। प्रोटीन के सेवन के साथ ही अन्य पोषक तत्वों के सेवन पर भी ध्यान दें, जो आमतौर पर शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए जरूरी होते हैं। प्रोटीन युक्त आहार का बहुत ज्यादा मात्रा में सेवन करने से वजन बढ़ने की



संभावना होती है, इसलिए संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करें। बहुत ज्यादा प्रोटीन युक्त आहार लेने से पाचन में दिक्कत हो सकती है, जिससे कब्ज और डायरिया जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**ब्लरडप्रेशर से बचने के लिए करें इनका सेवन**

आज के आपाधापी के जीवन में हर कोई ब्लनडप्रेशर (रक्तचाप) से पीड़ित है। तनावपूर्ण और तेज रफ्तार जिंदगी ने लोगों में ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) की यह समस्याएं पैदा की हैं। विशेषज्ञों की मानें तो जितना घातक हाई ब्लड प्रेशर होता है उतना ही नुकसानदेह लो ब्लड प्रेशर भी होता है। लो ब्लड प्रेशर की स्थिति वह होती है कि जिसमें रक्तवाहिनियों में खून का दबाव काफी कम हो जाता है। सामान्य रूप से 90/60 एमएम एचजी को लो ब्लड प्रेशर की स्थिति माना जाता है। अगर आप भी ब्ल6ड प्रेशर की समस्यां से जूझ रहे हैं तो आपके लिए कुछ आहार हैं जिससे आप इस पर काबू पा सकते हैं।

जटामानसी-जटामानसी नामक एक आयुर्वेदिक औषधि भी लो ब्लड प्रेशर का निदान करने में मददगार है। जटामानसी का कपूर और दालचीनी के साथ मिश्रण बनाकर सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा जटामानसी के अर्क (पानी के साथ उबालकर) को पीने से भी लो ब्लड प्रेशर की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। एप्सम नमक (मैग्नीशियम सल्फेट) से स्नान लो ब्लड प्रेशर को ठीक करने का सबसे सरलतम इलाज है। इसके लिए पानी में करीब आधा किलो एप्सम नमक मिलाएं और करीब आधा घंटा पानी में बैठें। बेहतर होगा कि सोने के पहले यह स्नान करें।

सूखे मेवे -50 ग्राम देशी चने व 10 ग्राम किशमिश को रात में 100 ग्राम पानी में किसी भी कांच के बर्तन में रख दें। सुबह चनों को किशमिश के साथ अच्छी तरह से चबा-चबाकर खाएं और पानी पी लें। यदि देशी चने न मिल पाएं तो सिर्फ किशमिश ही लें। इस विधि से कुछ ही सप्ताह में ब्लेड प्रेशर सामान्य हो सकता है। रात को बादाम की 3-4 गिरी पानी में भिगों दें और सुबह उनका छिलका उतारकर कर 15 ग्राम मक्खन और मिश्री के साथ मिलाकर बादाम-गिरी को खाने से लो ब्लड प्रेशर नष्ट होता है। प्रतिदिन आंवले या सेब के मुरब्बे का सेवन लो ब्लेड प्रेशर में बहुत उपयोगी होता है।

भोजन में बढ़ाएं पोषक तत्वों की मात्रा-प्रोटीन, विटामिन बी और सी लो ब्लड प्रेशर को ठीक रखने में मददगार साबित होते हैं। ये पोषक तत्व एड्रीनल ग्रंथि से निकलने वाले हार्मोनों के स्राव में वृद्धि कर लो ब्लड प्रेशर को तेजी से सामान्य करते हैं ।लो ब्लड प्रेशर को दूर करने के लिए ताजे फलों का सेवन करें। दिन में करीब तीन से चार बार फलों का सेवन करना फायदेमंद रहेगा। जितना संभव हो सके, लो ब्लड प्रेशर के मरीज दूध का सेवन करें। लो ब्लड प्रेशर को सामान्य रखने में बीट रुट का रस काफी कारगर होता है। जिन्हें लो ब्लड प्रेशर की समस्या है उन्हें रोजाना दो बार बीट रुट का रस पीना चाहिए। हफ्ते भर में आप अपने ब्लड प्रेशर में सुधार पाएंगे। लो ब्लड प्रेशर मरीजों के लिए पैदल चलना, साइकिल चलाना और तैरना जैसी कसरतें फायदेमंद साबित होती हैं।

# चिंता का सबब बनता युवाओं पर नशे का ग्रहण

- **योगेश कुमार गोयल**

अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस (26 जून) पर विशेष विश्व के अनेक देशों में लोगों में और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए ही हर साल ो 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है। जहां तक भारत की बात है, चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। वास्तव में मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्राय: पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है कि देश का आज कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ़्य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं। कोकीन हो या ऐसे ही अन्य मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं।



युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश के सामाजिक और आर्थिक ढ़ांचे को पंगु बना रहा है। एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है। अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है तथा उनके कार्यों में भी कोई तालमेल नहीं रहता। इनके सेवन से कुछ समय के लिए संकोच की भावना जरूर मिट जाती है लेकिन अंतत: इससे शरीर की सामान्य कार्यक्षमता में गिरावट आती है। दरअसल नशीली दवाएं या नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं।

वर्ष 1993 में प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से बताया है बताया है कि कोई भी रसायन, जो किसी व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है और जब इन मादक पदार्थों का उपयोग किसी बीमारी के इलाज या बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवा के तौर पर किया जाए तो यह मादक पदार्थों का सही उपयोग कहलाता है लेकिन जब इनका उपयोग दवा के रूप में न होकर इस प्रकार किया जाए कि इनसे व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचे तो इसे नशीली दवाओं का दुरूपयोग कहा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्राय: कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, भूख कम लगना, वजन कम हो जाना, शरीर में कंपकंपी छूटना, आंखें लाल, सूजी हुई रहना, दिखाई कम देना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं। सुई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है। देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल-फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती रही है और अवसर मिलते ही ये मादक पदार्थ तस्करी के जरिये पश्चिमी देशों में पहुंचा दिए जाते हैं। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए सबसे अच्छा रास्ता बन गया है। हालांकि नशे के अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े कानून हैं, फिर भी अपराधी अक्सर कानून की कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं और यही कारण है कि मादक पदार्थों का अवैध व्यापार निरंतर फल-फूल रहा है।

# शराब के शौकीनों के लिए खास खबर, सामने आई हैरान कर देने वाली बात

लुधियाना 1 जुलाई (निस) पंजाब सरकार की तरफ से इस साल एक्साइज ड्यूटी बढ़ा कर बेशक अपने रवेन्यू में बढ़ोतरी कर ली, लेकिन शराब के कारोबारी का मानना है कि बढ़े रवेन्यू के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि रवेन्यू तो बढ़ गया, लेकिन पिछले साल से इस साल शराब की बिक्री में खास बढ़ोतरी नहीं हुई। उल्टा शराब तस्करी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वजह है कि चंडीगढ व हरियाणा में शराब पर डयूटी कम है। सरकार अपनी तरफ से तस्करी को रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, इंफोर्समैंट विंग भी काम कर रहा है लेकिन शराब तस्कर भी नए नए ढंग निकाल रहे है। आलम यह है कि महंगी शराब को लेकर कुछ लोग ऑन लाइन शराब की डिलवरी भेज रहे है। कारोबारियों का मानना है कि सरकार को बढ़ रही शराब तस्करी पर काबू पाना चाहिए।

मिली जानकारी के अनुसार लुधियाना में विदेशी शराब की जो बोतल 2500 रुपए की है , वह ऑनलाइन 2500 रुपए में दो बोतलें डिलवर की जा रही है। माना जा रहा है कि चंडीगढ व गुड़गांव से यह लोग शराब की डिलीवरी ऑन लाइन भेज रहे है। कुछ कोरियर सर्विस की आड़ में सरकार के रेवन्यू को सेंध लगाई जा रही है। इसी तरह लोकल स्तर पर शराब तस्करों की तरफ से सस्ती शराब बेच कर उनको नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जब कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते भी कारोबारियों को नुकसान हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में अधिकारियों की एक टीम ने जालंधर के इलाके में 300 पेटी अवैध शराब पकड़ी थी ,लेकिन बाद में मामलें को रफादफा कर दिया गया।

# पंजाब विस अध्यक्ष ने सीपीए इंडिया रीजन 2 की वार्षिक कान्फ्रेंस में हिस्सा लिया



चंडीगढ़,1 जुलाई (निस) हिमाचल प्रदेश विधानसभा, धर्मशाला के तपोवन में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन ज़ोन-2 की कॉन्फ्रेंस के पहले दिन पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के संसाधनों के सफल और प्रभावशाली प्रबंधन के लिए विधानक कमेटीयों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ये कमेटीयां नैतिकता और पारदर्शिता के आधार पर राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं ।यह कॉन्फ्रेंस लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। इस अवसर पर स्पीकर संधवां ने श्री गुरु तेग बहादर जी की नि:स्वार्थ शहादत को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की बेमिसाल कुर्बानी ने सदियों पहले पंजाब में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की मजबूत नींव रखी थी।

स संधवां ने भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों से अपील की कि नवंबर माह में श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहादत दिवस को पूरे देश में सामूहिक रूप से मनाने के लिए सभी राज्यों की संसदों और विधानसभाओं की ओर से मिलकर प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास मानवता के संदेश को पूरी दुनिया में फैलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# पंजाब सरकार का बड़ा फैसला, अब हर साल नहीं लेनी होगी फायर एनओसी

मोहाली 1 जुलाई (निस) पंजाब के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारी देते हुए बताया कि लोगों की सुविधा के लिए कानून में कई बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फायर एन.ओ.सी. के लिए पिछले समय के दौरान राज्यपाल द्वारा नियमों को हरी झंडी दी गई है। इसके बाद कैबिनेट ने भी इसे मंजूरी दे दी। मंत्री सौंद ने कहा कि अगर इसकी विशेषताओं पर गौर करें तो हर साल जो फायर एनओसी लेनी पड़ती थी, अब उसकी जरूरत नहीं है क्योंकि सरकार ने इसे 3 कैटेगरी में बांट दिया है। पहली कैटेगरी में एनओसी 5 साल, दूसरी कैटेगरी में एनओसी 3 साल और तीसरी कैटेगरी में एनओसी एक साल के लिए वैध है। उन्होंने कहा कि अब पंजाब से लाल फीताशाही कल्चर खत्म कर दिया गया है। पहले आग को पानी या रेत से बुझाया जा सकता था, अब जमाना आगे बढ़ गया है और आधुनिक उपकरण आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आग से संबंधित कोई आर्किटेक्ट जब बिल्डिंग प्लान बनाता था तो उसे मार्केट में जाना पड़ता था और फिर सरकार के माध्यम से स्कीम पास करवानी पड़ती थी, लेकिन अब जो आर्किटेक्ट हमारे पोर्टल पर रजिस्टर्ड होंगे, वे जब ड्राइंग बनाकर पोर्टल पर सबमिट करेंगे तो मध्यस्थता खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जो आर्किटेक्ट फायर सेफ्टी प्लान के तहत नक्शा तैयार करेगा, उसे अब किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## हादसा! अमरनाथ यात्रा पर जा रहा ट्रक अंडरब्रिज के नीचे फंसा, मचा हड़कंप

जालंधर 1 जुलाई (निस) एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। दरअसल, अमरनाथ यात्रा पर जा रहा ट्रक अंडरब्रिज के नीचे फंस गया। जानकारी के मुताबिक, देर रात अमरनाथ यात्रा के लिए निकला एक ट्रक गाजी गुल्ला इलाके में बने रेलवे अंडरब्रिज में फंस गया। ट्रक की छत पर 2 से 3 लोग बैठे थे, जो ट्रक और अंडरब्रिज की छत के बीच फंस गए। इनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, ट्रक अमरनाथ यात्रा पर लंगर लगाने के लिए लोगों को लेकर जा रहा था। गाजी गुल्ला इलाके में बने अंडरब्रिज से पहले गार्डर न होने की वजह से ट्रक चालक ट्रक को अंडरब्रिज के नीचे ले गया और छत कम होने की वजह से ट्रक फंस गया, जिसमें लोग दब गए। राहगीरों और रिपोर्टिंग करने आए कुछ पत्रकारों ने खुद मदद की और फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। कुल 3 लोगों में से 1 व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं।

## दर्दनाक हादसा, नशे में धुत युवक ने कर दिया ये कांड

लुधियाना 1 जुलाई (निस) शहर के चंडीगढ़ रोड पर स्थित भामियां इलाके के जी.के. एस्टेट में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। नशे में धुत एक ऑडी कार चालक ने चार लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार ऑडी कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

# निर्वाचित महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नीलोखेड़ी, 1 जुलाई ( संदीप कुमार ):** राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, नीलोखेड़ी में विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा की और से 1 से 4 जुलाई तक पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को सक्षम बनाने के लिए 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी योजना एवं प्रबंधन विकास विशेषज्ञ डॉ. नीलम छिक्कारा को पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा दी गई है। कार्यक्रम में निर्वाचित महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए राज्यभर से महिला ट्रेनरों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के संपन्न होने के उपरांत महिला मास्टर ट्रेनरों के द्वारा स्थानीय स्वशासन की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त बनाने व सक्षम नेतृत्व करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ शुरू किया गया। इस मौके पर कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. नीलम छिक्कारा , संकाय सदस्य डिम्पी मल्होत्रा, फतेहाबाद के ग्राम पंचायत गदली सुनीता देवी सरपंच , जिला फरीदाबाद के ग्राम पंचायत फतेहपुर की सरपंच सरोज रानी सरपंच ,बिल्लोच स्टेट मास्टर ट्रेनर सुमन लता, पूनम व नेहा डीपीएम चरखी दादरी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 8 मार्च 2025 को एक मॉड्यूल बदलाव का नेतृत्व की शुरुआत पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों को स्थानीय स्वशासन, स्थानीय सुशासन और उससे परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए की। इस कार्यक्रम के अवसर पर कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. नीलम छिक्कारा ने प्रथम सत्र के दौरान प्रतिभागियों को बताया कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न नीतियों के बावजूद राजनीतिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत सीमित है। देश में महिला आरक्षण लागू होने से सुशासन में महिलाओं की संख्या तो बढ़ी लेकिन उनकी आवाज अभी भी कमजोर बनी हुई है। केवल राजनीतिक क्षेत्रों में महिलाओं की मौजूदगी इस बात की गारंटी नही देती कि उनकी मांगे, आवश्यकताएं और हित राजनीति और नीतियों में प्रभावी रूप से शामिल कर लिए जाएं। महिला नागरिकों और निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के बीच जुड़ा की कमी नीतियों और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं के प्रभाव को सीमित कर देती है। प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन और सर्वेक्षण दोनों इस बात को महसूस कराते हैं कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की जरूरत है ताकि वे सरपंच एवं पंच के रूप में अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार प्राप्त पदों पर आने और अपनी जिम्मेदारी संभालने के दौरान घर परिवार और समाज में कई तरह की बढ़ाओ का सामना करना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें ऐसे कौशल सिखाए जायें, कि वे अपनी व्यक्तिगत और आधिकारिक भूमिकाओं को बेहतर तरीके से निभा सके। साथ ही, उन्हें पंचायत राज व्यवस्था की पूरी समझ होनी चाहिए ताकि वह अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकें। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अलग-अलग गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इतनी सारी गतिविधियां पहली बार किसी ट्रेनिंग में करवाई जा रही हैं ताकि महिला ट्रेनर महिला सरपंचों के साथ अच्छे से तालमेल बनाकर उन्हें अच्छे से समझा पाए और उनमें हौंसला भर सके कि वो अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरीके से निभा सकती हैं। इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं विकास विभाग की मीडिया की टीम की तरफ से श्री वेदांश और विवेक भी सम्मिलित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## एक और एनकाउंटर, पुलिस और बदमाश के बीच चली ताबड़तोड़ गोलियां

अमृतसर 1 जुलाई (निस) अमृतसर में एक बड़ा पुलिस एनकाउंटर हुआ है। बताया जा रहा है कि शहर के चंणणके गांव के पास महिता चौक में पुलिस और बदमाश में गोलियां चली है। इस एनकाउंटर में पुलिस की गोली से एक कुख्यात आरोपी घायल हो गया। आरोपी की पहचान सोनी सिंह उर्फ सोनू, निवासी गांव तनेल, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सोनू के खिलाफ पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुछ समय पहले उसने एक डॉक्टर से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। जब डॉक्टर ने पैसे देने से इनकार किया, तो सोनू ने उसकी मेडिकल शॉप के बाहर फायरिंग कर दी। इस मामले की शिकायत थाना मत्तेवाल में दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने आरोपी के पास से 262 ग्राम हेरोइन, एक 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि उसने और हथियार चंणणके गांव की एक ड्रेन के पास छिपा रखे हैं। जब पुलिस उसे वहां हथियार बरामद करने के लिए ले गई, तो अचानक सोनू ने पुलिस पर दो गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसकी टांग में गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। अब आरोपी अस्पताल में भर्ती है और पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## लुधियाना में हथियार की नोक पर वारदात, जांच में जुटी पुलिस

लुधियाना 1 जुलाई (निस) थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने एक्टिवा सवार व्यक्ति को तेजधार हथियार की नोक एक्टिवा, मोबाइल फोन और नगदी लूटने का मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी थानेदार हरमेश लाल ने बताया कि पुलिस को शिकायतकर्ता गौतम कुमार वासी सुनील नगर जसिया रोड ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह शनिवार की सुबह 4 बजे एक्टिवा पर सवार होकर जालंधर जा रहा था। इस दौरान एलडीको एस्टेट कॉलोनी के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पांच लुटेरे आए। वह उसे घेर कर हथियार की नोक पर डराते हुए उसकी एक्टिवा, 2000 की नगदी, और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## सड़क युवक घेर दिया वारदात को अंजाम, 3 के खिलाफ मामला दर्ज

लुधियाना 1 जुलाई (निस) शहर में एक 18 वर्षीय युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, थाना जोधेवाल की पुलिस ने युवक से मारपीट करके उसका मोबाइल फोन लूटने वाले 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी थानेदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायत करता कन्हैया लाल वासी गुरु विहार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 28 जून को सुबह 6 बजे उसका बेटा प्रदीप कुमार (18) गहलेवाल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल पर सवार 3 युवक आए जो उसके लड़के के साथ मारपीट करके उसे गंभीर रूप में जख्मी कर गए और उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। जांच अधिकारी ने बताया कि जिसके बाद पुलिस ने उक्त मामले पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दिव्यांशु गोलू वासी जगीरपुर रोड, गुरप्रीत सिंह गोपी वासी इंदिरा कॉलोनी, जशनदीप सिंह जशन वासी इंदिरा कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पंजाब सरकार द्वारा अस्पतालों में बेहतर सेहत सुविधाएं दी जा रहीं-मनिंद्रजीत सिंह विक्की

जीरकपुर, 1 जुलाई (कंबोज)मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पंजाब को रंग-बिरंगा और स्वस्थ पंजाब बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसके तहत राज्य में स्वास्थ्य संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करके गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उपरोक्त बयान पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉरपोरेशन के उपाध्यक्ष मनिंदर जीत सिंह विक्की घनौर ने दिए, जिन्होंने आज सब-डिवीजन डेराबस्सी के सिविल अस्पताल का औचक दौरा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सरकारी सेहत संस्थाओं में सुधार करके आम लोगों को महंगे इलाज से बचा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के 881 आम आदमी क्लीनिक, जिनमें पहले ओपीडी, दवाइयां और टेस्ट मुफ्त दिए जा रहे थे, अब गर्भवती महिलाओं को भी देखभाल सेवाएं देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की अस्पतालों तक आसान पहुंच के लिए भगवंत सिंह मान सरकार ने पिछले साल 58 और इस साल 46 नई एंबुलेंस मुहैया करवाई हैं, ताकि मरीज को इमरजेंसी में सरकारी अस्पताल पहुंचने में कोई दिक्कत न आए और उसे महंगी फीस देकर एंबुलेंस न किराए पर लेनी पड़े। डेराबस्सी अस्पताल के दौरे के दौरान उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से बातचीत की और भगवंत मान सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉरपोरेशन के वाइस चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह विक्की घनौर ने सभी डॉक्टरों को डॉक्टर्स डे की बधाई दी और कहा कि सरकार पंजाब को सेहतमंद बनाने के लिए लगातार काम कर रही है, जिसके तहत अस्पतालों को भी अपग्रेड किया जा रहा है और मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जमीनी स्तर पर पंजाब के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बल्कि पंजाब में नशे का लगातार खात्मा भी पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसके तहत पंजाब के नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास केंद्रों में पीड़ितों को नशे से दूर करने के लिए मुफ्त इलाज मुहैया करवाया जा रहा है।

# पाकिस्तान पहुंचा पंजाब से लापता हुआ युवक, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

फाजिल्का 1 जुलाई (निस) जिले के एक किसान का लापता हुआ इकलौते बेटे का पता चल गया है। जानकारी के मुताबिक, युवक पाकिस्तान में होने की सूचना मिली है। युवक की पहचान अमृतपाल के रूप में हुई जोकि जलालाबाद के गांव खैरे के उताड़ से लापता हुआ था। बताया जा रहा है कि लापता युवक अमृतपाल पाकिस्तान के एक पुलिस थाने से मिला है। इसकी जानकारी पाकिस्तानी रेंजर्स ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल को दी।

इसके बाद बीएसएफ ने तुरन्त इसकी सूचना अमृतपाल के परिवार को दी। बताया जा रहा है कि, अमृतपाल गत 21 जून को दोपहर 12 बजे के करीब भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के उस पार अपनी खेती के लिए घर से निकला था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। 4 दिन पहले पूछताछ के दौरान पाकिस्तान ने अमृतपाल के अपनी सीमा के अंदर होने से इनकार कर दिया था। परिवार व पुलिस ने बीसएफ को बताया कि उन्हें अमृतपाल के पैरों के निशान पाकिस्तान की तरफ जाते हुए मिले थे। इसी के चलते बीएसएफ ने पाकिस्तान से 3 बार मीटिंग की लेकिन हर बार पाकिस्तान ने अमृतपाल के पाकिस्तान में होने से इनकार किया था। पीड़ित पिता ने बताया कि वह हार्ट के मरीज हैं, इसलिए उनका इकलौता बेटा अमृतपाल ही 4-5 साल से खेती का काम संभालता है। उन्होंने बताया कि उन्हें बार्डर पर खेती करने का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ही मिलता है। गत 21 जून को बहुत ज्यादा गर्मी थी। इसी दौरान उनका बेटा गलती से बार्डर पार करके पाकिस्तान चला गया। पीड़ित पिता ने उनके बेटे सही सलामत वापस लाया जाए क्योंकि उसका 4 महीने बेटा है। पिता ने बताया कि उनके बेटे को लापता हुए 10 दिन बीत गए हैं, इस दौरान परिवार को रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने बताया कि अमृतपाल अकेला ही है जो पूरे परिवार खर्चा उठाता है। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी नेता सुखविंदर सिंह काका कंबोज ने परिवार को आश्वासन दिया है कि, जल्द ही केंद्र सरकार से बातचीत करते उनके बेटे अमृतपाल को वापस लाया जाएगा। गुरुहरसहाय थाने के एसएचओ ने बताया कि बीएसएफ से बातचीत की गई है।

# सिविल अस्पताल में तेल घोटाला- विजिलेंस जांच के बाद हुई सख्त कार्रवाई

बठिंडा 1 जुलाई (निस) सिविल अस्पताल बठिंडा में लाखों रुपये के तेल घोटाले की विजिलेंस जांच शुरू होने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। विभाग ने सिविल अस्पताल के तत्कालीन एसएमओ, सीनियर सहायक सीनम और कंप्यूटर ऑपरेटर जगजीत सिंह को सस्पेंड कर दिया है। हालांकि विभाग ने इसे प्रशासनिक कारणों से लिया गया फैसला बताया है, मगर अंदरखाने इस कार्रवाई को सीधे तौर पर तेल घोटाले से जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस कथित घोटाले की शिकायत गांव घुद्दा के निवासी हरतेज सिंह भुल्लर ने पंजाब के मुख्यमंत्री और डीजीपी विजिलेंस को की थी। शिकायत में बताया गया कि तत्कालीन एसएमओ और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर करीब 30 लाख रुपये का तेल घोटाला किया। आरोप है कि डीजल और पेट्रोल के फर्जी बिल पास किए गए और उन वाहनों में भी तेल दिखाया गया, जो अस्पताल में हैं ही नहीं। यहां तक कि कुछ गाड़ियों की नंबर प्लेट भी रिकॉर्ड में नहीं मिली। हरतेज सिंह ने यह भी बताया कि उन्होंने 2 अप्रैल 2025 को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलवीर सिंह को लिखित शिकायत सौंपी थी। जिसके बाद एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने सिविल अस्पताल आकर मामले की जांच की। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# डीडी पंजाबी डांस शो में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर चाहत को किया सम्मानित : चौहान



**कालका, 1 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** डीडी पंजाबी पर प्रसारित होने वाले डांस रियलिटी शो किसमें कितना है दम जिसका आयोजन 25 जून को पंजाब के जिला संगरूर, धूरी में किया गया था। जिसमें में अप्पर मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी, वाल्मीकि समाज की बेटी चाहत, आर्य कन्या विद्यालय कक्षा नौवीं की छात्रा सुपुत्री राज कुमार द्वारा दूसरा स्थान प्राप्त करने पर समाज सेवी सुरिंदर चौहान, जिला अध्यक्ष अवाम जिला पंचकूला, भाजपा नेता द्वारा बधाई दी गई एवं स्मृति चिन्ह देकर होंसला बढ़ाई हेतु सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उनके साथ समाज सेवी संजय कल्याण एवं पूर्व पार्षद मास्टर कृष्ण चंद मौजूद रहे । सुरिंदर चौहान ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है हमारे बच्चे शिक्षा के साथ साथ खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेकर आगे बढ़ रहे हैं । मै अपने समाज के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# रायपुररानी में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा भव्य स्वागत



**रायपुररानी, 1 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) :** मंगलवार को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के रायपुररानी आगमन पर वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा उन्हें गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा के सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से सांसद को पुष्पमाला पहनाई और खाटू श्याम जी का चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान सभा सदस्यों ने सांसद को रायपुररानी क्षेत्र में स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी अपेक्षाएं भी व्यक्त कीं। वहीं, सांसद कार्तिकेय शर्मा ने सभा के स्वागत पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और लोगों की समस्याओं के समाधान में पूरा योगदान देंगे। इस मौके पर सभा के प्रधान अरविंद सिंघल के नेतृत्व में सभा के सदस्य कमल अग्रवाल, अनिल केमिस्ट, श्याम लाल गोयल, राजेश अग्रवाल, आदित्य सिंघल, सचिन सिंघल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हिसार में 54 एकड़ भूमि पर बेचे जा रहे प्लॉट गैरकानूनी : दिनेश कुमार

**हिसार, 1 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार द्वारा आमजन को सतर्क करते हुए सूचित किया गया है कि तोशाम रोड पर आभा अस्पताल के सामने राजस्व संपदा डाबड़ा की लगभग 54 एकड़ भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है तथा प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस भूमि पर तैयार किए गए ले-आउट प्लान को रेरा अप्रूव्ड बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। यह जानकारी देते हुए जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि उक्त भूमि पर विकसित की जा रही कॉलोनी को न तो नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ से लाइसेंस प्राप्त है और न ही इसे शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त है।

### नाम परिवर्तन

मैं महिन्द्र कुमार पुत्र श्री हरि चन्द निवासी मकान नं. 16/947, न्यू प्रीतम नगर, गली नं. 07 करनाल सूचित करता हूं कि मैंने अपना नाम महिन्द्र कुमार से बदलकर महिन्द्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे महिन्द्र सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाएं। -शपथकर्ता

### नाम परिवर्तन

मैं संजीव कुमार पुत्र प्रशोतम दास निवासी मकान नं. 173, सेक्टर-14 अर्बन एस्टेट करनाल सूचित करता हूं कि मैंने अपना नाम संजीव कुमार से बदलकर संजीव कुमार बंसल रख लिया है। भविष्य में मुझे संजीव कुमार बंसल के नाम से जाना व पहचाना जाएं।

-शपथकर्ता

### संबंध-विच्छेद

मैं इन्दर वश पुत्र हरपाल छिकारा निवासी गांव लडरावण, तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरा बड़ा भाई ओमबीर और इसकी पत्नी सविता जोकि हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों से अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकर्ता

### बेदखली सूचना

मैं कमलेश देवी पत्नी श्री राज सिंह निवासी गांव बुढनपुर आबाद, जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरा लड़का अक्षय कुमार जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकर्ता

# हरियाणा पश्चिमी प्रान्त भाविप कार्यशाला हांसी में सम्पन्न

## कार्यशाला में 30 शाखाओं के 230 सदस्यों ने हिस्सा लिया, परिषद के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों, प्रोटोकॉल व संस्कार विषय पर विस्तार : मुकेश जैन

**हांसी, 1 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** हरियाणा पश्चिम प्रांत भारत विकास परिषद् की प्रांतीय कार्यशाला शाखा के सुंदर आतिथ्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। स्थानीय श्री पंचायती रामलीला सभागार में 30 शाखाओं से 230 दायित्वधारियों ने प्रतिभागिता कर शाखा संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयोजक संस्कार मुकेश जैन तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा का सान्निध्य तथा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय सह संयोजक संस्कार के.के.अरोड़ा व राष्ट्रीय सदस्य सेवा महिपाल यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सभी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। क्षेत्र की ओर से क्षेत्रीय संगठन सचिव जियालाल बंसल, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक



सम्पर्क धीरज भाटिया, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार हरिओम भारद्वाज, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा कमलेश गर्ग, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता डॉ. अंजलि भारती, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक पर्यावरण डॉ. सतीश वर्मा ने दायित्वधारियों को संगठन तथा विभिन्न गतिविधियों को बेहतर तरीके से शाखाओं में करने तथा इनसे संबंधित प्रोटोकॉल के विषय में उपयोगी जानकारी शाखा दायित्वधारियों को उपलब्ध करवाई। प्रांतीय अध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा सभी से कार्यशाला में मिलने वाले मार्गदर्शन को शाखा संचालन करते समय आचरण में लाने का आह्वाहन किया। मुख्य अतिथि मुकेश ने अपने उदबोधन में परिषद के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों, प्रोटोकॉल व संस्कार विषय पर विस्तार से सभागार में उपस्थित दायित्वधारियों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि परिषद का सदस्य परिषद का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में हमारा उत्तरदायित्व है कि हम अपने सेवा एवं संस्कार के कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश पंहुचाने का काम करें व आपसी सद्भाव को बढ़ावा दें। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा ने शाखा स्तर पर कार्यकर्त्ता को तैयार करने पर बल देते हुए कहा कि सदस्य से कार्यकर्त्ता बनने के सफर में शाखा दायित्वधारियों को सदस्यों का हर संभव साथ देते हुए एक परिपक्व कार्यकर्त्ता का निर्माण करना चाहिए। क्षेत्रीय संगठन सचिव जियालाल बंसल ने संगठन के विषय को बखूबी सभी दायित्वधारियों को बताया तथा शाखा व प्रांत के विस्तार में दायित्वधारियों की भूमिका से अवगत करवया। समापन सत्र में प्रांत अध्यक्ष राजेश गुप्ता द्वारा पूरी कार्यशाला का उपसंहार प्रस्तुत किया गया तथा मुक्तचिंतन के उपरांत मुकेश जैन की का मार्गदर्शन सभी दायित्वधारियों को प्राप्त हुआ। हांसी शाखा के शाखाध्यक्ष दयानंद मेहता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। शाखा द्वारा आए हुए अतिथियों को पर्यावरण का प्रतीक एक पौधा तथा सभी प्रतिभागी दायित्वधारियों को एक सुंदर किट भी प्रदान की। इस अवसर पर कैलाश शर्मा, अशोक शर्मा, रविन्द्र मेहता, हुकमचंद गोयल, अशोक गुप्ता, रामनिवास वर्मा, अनूप कुमार, चन्द्रमोहन गोयल, रेखा गुप्ता, डीएन मेहता, एस.सी. आहूजा, जगदीश धमीजा, कमलेश गर्ग, सुभाष गर्ग, भरत सिंह, सतबीर कौशिक, सुरेंद्र गोयल, एम. एल. वलेचा, अश्वनी पोपली, अनिल चराया , विवेक गोयल, डॉ. वीरेंद्र आहूजा, डॉ. राकेश भारद्वाज, प्रमोद ठकराल, प्रमोद कुमार, राज कुमार मनचंदा, राहुल खुराना, प्रेम खुराना, सुरेंद्र नाथ शर्मा, विनोद गोल्डी, नरेंद्र वर्मा, तेजभान वर्मा, संजय सिधर आदि उपस्थित थें। यह जानकारी शाखा सचिव ने दी।

# शिकागो ओपन यूनि:ने अमृतपाल सिंह को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया

नई दिल्ली 1 जुलाई (निस) चढ़दीकला टाइम टीवी के डायरेक्टर अमृतपाल सिंह को शिकागो ओपन यूनि: ने डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया अमृतपाल सिंह को उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में विश्व स्तर पर ख्याति हासिल करने पर यह उपाधि दी गयी। उल्लेखनीय है कि अमृतपाल सिंह साल 1999 से पत्रकार के तौर पर सरगर्म हैं। वह अब तक कई बार विभिन्न प्रधानमंत्रियों के साथ मीडिया टीम




में विदेशी दौरों पर जा चुके हैं। इनके द्वारा चढ़दीकला अखबार में राजनीतिक विश्लेषण एवं विभिन्न मुद्दों पर कालम लिखे जाते हैं तथा चढ़दीकला टाइम टीवी पर कई कार्यक्रम इनकी ओर से चलाए जाते हैं। इस समय श्री अमृतपाल सिंह कैनेडा एवं अमेरिका के दौरे पर हैं। कुछ व्यस्तता के कारण उनकी जगह उनकी पत्नी ने शिकागो ओपन यूनि: की दिल्ली शाखा से डाक्टरेट की उपाधि हासिल की है। डाक्टरेट की डिग्री मिलने पर देश विदेश से पत्रकार समुदाय द्वारा उनको बधाई संदेश दिए जा रहे हैं।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मलिगी 300 यूनिट फ्री बिजली

**हिसार, 1 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना देशवासियों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक नागरिक पोर्टल पर जाकर इस योजना संबंधित आवश्यक जानकारियां ले सकता है और पोर्टल पर जाकर इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने योजना के मुख्य बिंदुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली और आर्थिक बचत होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15-18 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही, अतिरिक्त बिजली को बिजली वितरण कंपनियों को बेचकर परिवार आय भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा भी सब्सिडी दी जाएगी। सरकार सोलर पैनल स्थापना के लिए सब्सिडी प्रदान करती है।

# चिकित्सक स्वस्थ भारत का आधारस्तंभ : बंडारू दत्तात्रेय

**राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की दी शुभकामनाएं**



**चंडीगढ़, 1 जुलाई ( सतीश कुमार ) :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सभी चिकित्सकों को हार्दिक धन्यवाद अर्पित किया और स्वस्थ, सशक्त भारत के निर्माण में उनकी अथक सेवा, करुणा और समर्पण की प्रशंसा की। दत्तात्रेय ने अपने संदेश में कहा, ज्डॉक्टर हमारे समाज में आशा, उपचार और मानवता के प्रतीक हैं। उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण ने चिकित्सा पेशे की गरिमा को और सुदृढ़ किया है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर, हम उन सभी चिकित्सकों को नमन करते हैं जो शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और कल्याण के प्रहरी के रूप में अडिग खड़े हैं। राज्यपाल ने चिकित्सकों के योगदान को क्लीनिक और अस्पतालों तक सीमित न बताते हुए कहा कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य को आकार देने, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, चिकित्सा विज्ञान में प्रगति और देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सरकारी अस्पतालों, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों, निजी संस्थानों और धर्मार्थ मिशनों में सेवारत चिकित्सकों के अथक प्रयासों की सराहना की। दत्तात्रेय ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा अपने समर्पित चिकित्सा पेशेवरों के सहयोग से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा। उन्होंने युवाओं से प्रख्यात चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, जिनकी जयंती को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्यपाल ने कहा कि हमें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस को चिकित्सा समुदाय का सम्मान करने, स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश बढ़ाने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के संकल्प को दोहराने के अवसर के रूप में मनाना चाहिए।

# हर गांव में बनेगी स्वच्छता कमेटी, वीडियो वैन के माध्यम से प्रदेश भर में दिखाई जाएंगी आदर्श गांवों की सफलता की कहानियां : पवन शर्मा

### *स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया समन्वयक ने किया जिले के आदर्श गांव सुल्तानपुर का दौरा*

**नीलोखेड़ी, 1 जुलाई ( संदीप कुमार ):** स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया समन्वयक पवन शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। इसमें गांव, खंड और जिला स्तर पर स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इस प्रक्रिया का मकसद केवल रैंकिंग प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना है। पवन शर्मा ने आज जिले के आदर्श गांव सुल्तानपुर का दौरा कर स्वच्छता सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच जसमेर चौहान के साथ गांव में कचरा प्रबंधन केंद्र, पार्क, ग्रे वाटर, सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, लाइब्रेरी आदि का जायजा लिया। उन्होंने गांव में ठोस और तरल





कचरे के पृथक्करण को भी देखा। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार प्रसार और स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्प से आज हमारे गांवों की दशा बदल रही है। सुल्तानपुर जैसे गांव सभी के लिए एक प्रेरणा हैं, जहां की ग्राम पंचायत ने अपने संकल्प और जिद के साथ इस गांव को विदेश की तर्ज पर विकसित करके दिखाया है। जल्द ही ऐसे गांवों की सफलता की गाथाएं वीडियो वैन के माध्यम से प्रदेश भर में दिखाई जाएंगी ताकि अन्य गांव भी इनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि इस गांव में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत लर्निंग सेंटर बनाया जाएगा जहां प्रशिक्षु अधिकारी व जनप्रतिनिधि आकर व्यवहारिक प्रशिक्षण ले सकेंगे। मीडिया समन्वयक ने कहा कि गांव देश की आत्मा होती हैं। इसकी समृद्धि व विकास से ही देश का विकास संभव है। गांव का विकास ग्रामीणों पर निर्भर करता है। लोग स्वस्थ व स्वच्छ होंगे, तभी कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रदेश के हर गांव में स्वच्छता कमेटियों का गठन किया जा रहा है। यह कमेटियां गांव में स्वच्छता संबंधी कार्यों को बढ़ावा देंगी और जन जागरूकता में सहयोग करेंगी। इस अवसर पर सरपंच जसमेर चौहान ने बताया कि उनके गांव में डोर टू डोर कूड़ा इकट्ठा किया जाता है और इसके लिए कचरा वाहन लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका गांव स्वच्छता के मामले में आदर्श है और यहां सभी लोग स्वच्छता नियमों का पालन करते हैं। कचरे को अलग-अलग करने के लिए उनके गांव में कचरा शेड बनाया गया है, जहां कचरे को लाकर अलग-अलग भागों में विभाजित किया जाता है। सरपंच ने बताया कि उन्होंने गांववासियों व पंचायत के सहयोग से गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया है। उन्हें उम्मीद है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उनके गांव को बेहतर स्थान मिलेगा। इस मौके पर भाजपा नेता अनिल कुमार, रामेश्वर शर्मा, नियामत, बलविंदर कल्याण सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर सुनारियां और धनानी में नवीन संकल्प शिविरों का हुआ आयोजन

**नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन संकल्प शिविरों में 77 लोगों ने लिया सुविधाओं का लाभ**

**बाबैन, 1 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन




किया जा रहा है। आज बाबैन ब्लॉक के गांव सुनारियां और धनानी में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन नवीन संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को पैंशन संबंधित मामलों और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि 77 लोगों को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा परामर्श, नि:शुल्क दवाईयां, रक्त एवं युरिन के टेस्ट और छात्रवृत्ति जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उन्होने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह साबरी, सुरेंद्र सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख विक्रम सिंह, कर्ण सिंह, मनी राम, रामशरण, बलदेव सिंह, बूथ अध्यक्ष गुरुचरण, सरपंच सुख श्याम और गुरनाम सिंह उपस्थित रहे।


# तेजपाल सभ्रवाल 30 वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद सेवानिवृत्त

चंडीगढ़, 1 जुलाई( सतीश कुमार)- हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित प्रेस शाखा में कार्यरत अधीक्षक श्री तेजपाल सभ्रवाल आज अपनी तीस वर्षों की संतोषजनक सेवा पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो गए।श्री तेजपाल ने विभाग में 31 जुलाई, 1995 को लिपिक के पद पर अपनी सेवाएं आरंभ की थी। उन्होंने प्रेस शाखा के प्रेस फेसिलिटि अनुभाग में 1997 से अपनी ज्वाइनिंग की थी और अधीक्षक के पद पर तक कार्य किया। श्री तेजपाल अपनी मृदुभाषी व तत्काल फाइल कार्य निपटाने की कार्यशैली के धनी थे और मीडियाकर्मियों में एक कर्त्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते थे। मुख्यमंत्री सहित अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों व मंत्रियों की प्रेस कान्फ्रेंस मुख्यालय पर करवाने में उनकी अग्रणी भूमिका रहती थी। इसके अलावा समय-समय पर फील्ड में प्रेस पार्टियां ले जाने के लिए भी विभाग के लिए तत्परता से कार्य करते थे।श्री तेजपाल के सेवानिवृत्त पर आज हरियाणा सिविल सचिवालय के कार पार्किंग में स्थित डॉ. अम्बेडकर सभागार में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रेस शाखा के प्रभारी संयुक्त निदेशक डॉ. साहिब राम गोदारा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ्य सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री तेजपाल सभ्रवाल के परिवारजन भी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौभाग्य की बात : रजनीश शामगढ़

**तरावड़ी, 1 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रजनीश शामगढ़ ने कहा कि केंद्र ओर प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृतव में एक समान विकास हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं हल्का नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में भी हल्का नीलोखेड़ी में रिकार्डतोड़ विकास होगा। भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रजनीश शामगढ़ हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी के समक्ष कई समस्याएं भी रखी, जिसका विधायक कबीरपंथी ने समाधान भी किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रजनीश शामगढ़ ने कहा कि हल्का नीलोखेड़ी में विधायक कबीरपंथी विकास कार्यों की बड़ी परियोजनाएं लेकर आऐंगे। यही नही नीलोखेड़ी हल्के में सड़कों का जाल बिछेगा, ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़के मजबूत ओर चकाचक होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश का एक समान विकास को लेकर आगे बढ़ रही है और इस सरकार में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा सरकार कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार बनने से भाई-भतीजावाद और परिवारवाद जैसी सभी समस्याएं समाप्त हो गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के हाथों देश व प्रदेश की बागडोर होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। रजनीश शामगढ़ ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो कि बदले की भावना से काम करने में विश्वास नहीं करती। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।



# नशा पीड़ितों की काउंसलिंग व स्वास्थ्य प्रबंधन के मद्देनजर गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में कोताही न हो : अनीश यादव

**हिसार, 1 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** उपायुक्त अनीश यादव ने स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने और गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिक अस्पतालों में नशा पीड़ितों की काउंसलिंग व्यवस्थित, गोपनीय व प्रभावी तरीके से की जाए ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिल सके। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले महीने नशे के आदि हो चुके 108 लोगों की काउंसलिंग की गई है और उनका उपचार सिविल अस्पताल द्वारा किया जा रहा है। बरवाला में सप्ताह में एक दिन नशा पीड़ितों के लिए विशेष ओपीडी शुरू की जा चुकी है।

